राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

03 कांग्रेस का चुनावी न्यायपत्र ...

मालदीव का अच्छा दोस्त है भारत... 12

वर्ष : 11 | अंक : 322 | पटना, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 20°C

बाजार

सोना 71,985

चांदी 80,700

सेंसेक्स 74,248

निफ्टी 22,513

संक्षिप्त खबरें

घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया। रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उरी में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा के करीब घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें ललकारा। इसी दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि अब तक एक आतंकवादी मारा गया है और अभियान जारी है। सीमा सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि चुनाव के दौरान नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की आशंकाओं के मद्देनजर सुरक्षाबल अलर्ट हैं। बारामूला लोकसभा सीट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सटे होने के कारण संवेदनशील क्षेत्र है।

प्रधानमंत्री ने पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर सादर नमन। जनसेवा को लेकर उनका समर्पण भाव और सामाजिक न्याय के लिए उनकी प्रतिबद्धता देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मोदी ने साथ ही पूर्व में जगजीवन राम को दी गई श्रद्धांजलि का एक ऑडियो क्लिप भी साझा किया। पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम बिहार से थे। पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध के दौरान वह केंद्रीय रक्षा मंत्री थे। आपातकाल के विरोध में उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मणिपुर में सेना ने अत्याधुनिक हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया

इंफाल। लोकसभा चुनाव से पहले सेना ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में गुरुवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने बिष्णुपुर के सदु कबुई गांव के पास खुजोई रोक नाला से हथियार, गोला-बारूद जैसे सामान बरामद किए। बरामद हथियारों में एक 9एमएम कार्बाइन मशीन गन, एक स्टेन गन एमके-2, एक .303 राइफल, एक 9एमएम पिस्तौल, एक बंदूक, 14 ग्रेनेड, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं।

लोस चुनाव : 'हाथ बदलेगा हालत' नारे के साथ कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

कांग्रेस ने 48 पेज के घोषणा पत्र में 5 न्याय व 25 गारंटियों का किया ऐलान

भारत के शक्तिशाली भविष्य के निर्माण का एक स्पष्ट रोड मैप है न्याय पत्र: खड़गे

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए हाथ बदलेगा हालत नारे के साथ शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि यह न्याय पत्र है जो देश की जनता को पांच न्याय के साथ 25 गारंटी देता है तथा गरीबों की खुशहाली का वादा करता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम और पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त रूप से कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि घोषणा पत्र न्याय की गारंटी देता है इसलिए इसे न्याय पत्र कहा गया है। इसमें सभी देशवासियों से न्याय का वादा है और लोगों को विश्वास दिलाया गया है कि कांग्रेस को वोट देने से पूरे देश के हालात बदल जाएंगे। घोषणा पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि व्यापक जनभागीदारी के बाद तैयार किया गया यह घोषणा पत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के इस महत्वाकांक्षी घोषणापत्र में 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया गया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां पत्रकार सम्मेलन में कांग्रेस के इस घोषणा पत्र को न्याय पत्र बताया और कहा कि यह न्याय पत्र भारत के शक्तिशाली भविष्य के निर्माण का एक स्पष्ट रोड मैप है। यह गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचितों के लिए संवेदनशील और प्रगतिशील गारंटियों और योजनाओं का एक संग्रह है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने हर वादा निभाया है, न्याय पत्र में दिए सारे वचन भी निभाएंगे। कांग्रेस का यह घोषणा पत्र युवा, महिला, मजदूर और किसान पर केंद्रित है और इसमें विभिन्न योजनाओं का फायदा पहुंचाने का वादा किया गया है। इसमें युवाओं को अप्रेंटिस पूरा होने के साथ नौकरी दी जाएगी। गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये की वार्षिक सहायता दी जाएगी। **25 लाख रुपये तक के फ्री इलाज का वादा :** कांग्रेस के घोषणा पत्र में देशभर के लोगों का 25 लाख रुपये तक के फ्री इलाज का वादा किया गया है। बुजुर्गों को रेलवे में रियायत देने का वादा किया गया है। जिसे कोरोना काल में बंद कर दिया गया था। कांग्रेस ने इस घोषणा पत्र में एक देश और एक चुनाव का विरोध किया है। वहीं वादा किया है कि गठबंधन की सरकार आने के बाद मतदान के तौर तरीके में बदलाव किया जाएगा। हालांकि, मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा लेकिन वीवीपैट मशीन से की पर्ची को अलग से रख और जमा कराया जा सकेगा। वोटिंग मशीन ईवीएम से वीवीपैट से पर्ची का मिलान होगा। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि वह राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत की कैप हटाएगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को एक साल के भीतर भरेगी। वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान महज 200-500 रुपए प्रति महीने है। कांग्रेस पेंशन की इस राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 1,000 रुपए प्रति माह करेगी।

केंद्र सरकार की 50 प्रतिशत नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित

कांग्रेस 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित करेगी। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उच्च पदों जैसे, न्यायाधीशों, सरकार के सचिवों, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों, कानून अधिकारियों और बोर्ड के निदेशकों पर अधिक महिलाओं की नियुक्ति हो। कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा। कांग्रेस ने मीडिया की पूर्ण स्वतंत्रता सहित भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाल करने, मानहानि के जुर्म को अपराधमुक्त करने और कानून द्वारा, नागरिक क्षति के माध्यम से त्वरित उपाय प्रदान करने, कांग्रेस मनमाने और अंधाधुंध निलंबन को समाप्त करने का वादा भी किया है। कांग्रेस के न्याय पत्र में कहा गया है कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो खाली पड़े 30 लाख पदों की भर्ती की जाएगी। जाति जनगणना होगी, एमएसपी पर कानून बनेगा। मनरेगा मजदूरी 400 रुपए दिया जाएगा। कांग्रेस ने के इस न्याय पत्र में जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी बात कही गई है।

इंडिया गठबंधन में शामिल हुए वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी

गोपालगंज, पूर्वी चंपारण व झंझारपुर सहित तीन लोस सीटें मिली

- संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा : तेजस्वी

प्रातः किरण

पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर सूबे में सियासी सरगर्मियां चरम पर है। एनडीए व इंडिया गठबंधन दोनों में कुनबा बढ़ाने की प्रतिस्पर्द्धा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी की इंडिया गठबंधन में एंट्री हो गई है। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी का महागठबंधन में शमिल होने का एलान कर दिया। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो चुका है। ऐसी स्थिति में राजद अपने कोटे की 26 में से तीन सीटें वीआईपी को देने का फैसला लिया है। वीआईपी को गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी सीट दी गई है। इन तीनों सीटों से मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी चुनाव लड़ेगी। तेजस्वी ने कहा कि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव के लिए नहीं है। लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में भी वीआईपी को सम्मानजनक सीटें दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि मुकेश सहनी महागठबंधन में शामिल हुए हैं। सभी महागठबंधन के साथी दल इनका स्वागत करते हैं। बिहार के विकास के लिए हमलोगों का भी फर्ज बनता है हम इनका सम्मान करें। इस दौरान तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि हमलोग बताना चाहते हैं कि किसी माई के लाल में दम नहीं है कि वह संविधान को खत्म कर सके। बीजेपी का असली चेहरा उजागर हो चुका है। आज भाजपा के लोग खुलकर बोल रहे है कि संविधान को खत्म करना है। ये बाबा साहेब अम्बेडकर का संविधान है, संविधान खत्म होगा तो पूरे देश में तानाशाही पैदा हो जाएगी। तेजस्वी ने दावा किया है कि जेडीयू 2024 में पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। तेजस्वी ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, बड़े लोग हैं कुछ भी बोल सकते हैं उसपर हमको कोई टीका टिप्पणी नहीं करना है। हमलोग 17 महीने जब सरकार में थे तो बिहार कितना बढ़िया चला। हमारी सरकार में केवल काम ही काम दिखता था। हमारी सरकार ने निर्धारित समय सीमा के भीतर पांच लाख लोगों को नौकरी दी। परीक्षा भी हुई लेकिन हम लोगों के सरकार से जाने के बाद पेपर लीक हो गया। उन्होंने कहा कि जब से बिहार में एनडीए की वापसी हुई है, एक काम बता दे जो किया हो।

बीजेपी ने हमारे विधायको को खरीद लिया और हमें तोड़ने का काम किया: मुकेश

वहीं, महागठबंधन में शामिल होने के बाद वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि उनकी पार्टी आज इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन गई है और हमे आगे केए लड़ाई लड़नी है। हम लोग लालू यादव की विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। बीजेपी ने हमारे विधायको को खरीद लिया और हमें तोड़ने का काम किया। उन्होंने निषाद आरक्षण के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि दिल्ली और बंगाल में निषाद समाज और निषाद समाज की उपजातियों को आरक्षण मिल रहा है फिर बिहार-झारखंड और उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं मिल रहा है। सहनी ने कहा कि हम लोगों ने हाथ में गंगाजल लेकर संकल्प लिया है कि जैसे हमारी पीढ़ी ने देश को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया है, हम लोग भी लड़ेंगे। आज हमारे अति पिछड़ा समाज के लोग पढ़- लिख कर घूम रहे हैं। उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। बिहार आगे बढ़े इसलिए हम लोग इंडिया गठबंधन में शामिल हुए हैं। वीआईपी चीफ ने दावा किया है कि 2024 चुनाव समाप्त होते ही बिहार में सरकार बदल जाएगी। उल्लेखनीय है कि वीआईपी ने 2019 का लोकसभा चुनाव महागठबंधन सहयोगी के रूप में लड़ा था, लेकिन एक साल बाद राज्य विधानसभा चुनावों से पहले सहनी महागठबंधन छोड़कर राजग में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई सरकार में, सहनी संभवत भाजपा के कहने पर मंत्री बने और उसने (भाजपा ने) उन्हें विधान परिषद का सदस्य चुने जाने में भी मदद की। सहनी विधानसभा चुनाव हार गए थे। खुद को मल्ला का बेटा कहने वाले सहनी को उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के प्रचार के दौरान भाजपा के लिए परेशानियां खड़ी करने के चलते कैबिनेट से निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद वीआईपी के सभी चार विधायक भी भाजपा में शामिल हो गए थे।

आर्म्स एक्ट मामला: लालू प्रसाद को झटका, एमपी-एमएलए कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

- करीब 26 साल से लंबित हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है यह मामला
- मामले में लालू प्रसाद यादव सहित 23 आरोपित नामजद हैं
- छह के खिलाफ चल रहा है ट्रायल, दो की हो चुकी है मौत

प्रातः किरण

ग्वालियर/एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह मामला करीब 26 साल से लंबित हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। साल 1995 में आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस जांच में लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। सुनवाई के दौरान साल 1998 में लालू को अदालत ने फरार घोषित किया था। यह फजीवाड़ा 23 अगस्त, 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच किया गया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फजीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे। इस मामले में लालू प्रसाद यादव सहित 23 आरोपित नामजद हैं। इसमें से छह के खिलाफ ट्रायल चल रहा है, जबकि दो की मौत हो चुकी है। इस केस में 14 आरोपित फरार चल रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में जुलाई 1998 में आरोप पत्र दाखिल किया था। ग्वालियर की अदालत ने लालू प्रसाद यादव को इस मामले में 1998 में फरार घोषित किया था। पुलिस का दावा है कि आरोपित लालू प्रसाद यादव कोई और नहीं, बल्कि राजद नेता ही हैं। एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर लालू प्रसाद यादव को कोर्ट ने तलब किया है।

कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा: भाजपा

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए जारी किए गए कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा करार दिया और आरोप लगाया कि देश में दशकों तक शासन करने वाली इस पार्टी ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का चुनावी घोषणापत्र लेकर आई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है। इसे मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए तैयार किया गया है। त्रिवेदी ने कहा कि दशकों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस आज न्याय की बात कर रही है लेकिन उसकी सरकारों ने सत्ता में रहते हुए न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम रखा है न्याय पत्र। मतलब इन्होंने मान लिया है कि 55 साल इन्होंने अन्याय किया है। कोई नई नवेली पार्टी आम आदमी पार्टी जैसी होती और वह कहती तो समझा जा सकता था। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने भारत की युवा शक्ति, उसकी आर्थिक, औद्योगिक एवं सैन्य क्षमता के साथ ही सुरक्षा के साथ न्याय नहीं किया, वह देश के साथ न्याय का वादा कर रही है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया, ह्यह्लकांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए अपने पहले के घोषणापत्रों में किए गए अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।

सूफी संत का पार्थिव शरीर भारत लाने के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत हजरत शाह मोहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद का पार्थिव शरीर बांग्लादेश से भारत लाने के अनुरोध संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि सूफी संत के पाकिस्तानी नागरिक होने के कारण उनका पार्थिव शरीर लाने का अनुरोध करने का संवैधानिक रूप से लागू करने योग्य कोई अधिकार नहीं है पीठ ने सवाल किया, वह पाकिस्तानी नागरिक थे, आप भारत सरकार से उनका पार्थिव शरीर भारत लाने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? याचिकाकर्ता दरगाह हजरत मुल्ला सैयद की ओर से पेश वकील ने कहा कि संत का पाकिस्तान में कोई परिवार नहीं है, जबकि उत्तर प्रदेश की दरगाह में वह सज्जादा-नशीन (आध्यात्मिक प्रमुख) थे। पीठ ने कहा, हजरत शाह पाकिस्तानी नागरिक थे और कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। पार्थिव शरीर को कब्र से निकालने के संबंध में व्यवहारिक जटिलताएं हैं। इस अदालत के लिए किसी विदेशी का पार्थिव शरीर भारत लाने का निर्देश देना सही नहीं होगा।

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर की चर्चा

कम मतदान वाली 266 संसदीय सीटों की पहचान की

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की और पिछले चुनावों के दौरान कम मतदान प्रतिशत होने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बैठक के दौरान निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों से ऐसा माहौल बनाने को कहा जिससे लोग मतदान करने के लिये स्वतः प्रेरित हो सकें। आयोग ने एक बयान में कहा कि अधिकतर शहरों से आये निगम आयुक्त और बिहार और उत्तर प्रदेश से चुनिंदा जिला

चुनाव अधिकारियों ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण पंचायत केन्द्रों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आवश्यक चुनाव संदेशों वाले सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छता वाहनों को चलाने सहित अभिनव मतदाता जागरूकता अभियानों की कड़ी बनाने, व्यापक प्रसार के लिये उपयोगिता बिलों में मतदाता जागरूकता संदेशों को शामिल करने, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मतदाता जागरूकता मंचों के साथ सहयोग करना और विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करना शामिल है। सम्मेलन में ईसीआई द्वारा मतदाता शिक्षा सामग्री के प्रसार के लिये होर्डिंग्स, डिजिटल स्पेस, कियोस्क और कॉमन सर्विस सेंटर और अन्य योजनाओं की भी रूपरेखा तैयार की गयी। श्री कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, कम मतदाता मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी सहित कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की गयी है और लक्षित तरीके से मतदाताओं तक पहुंचने के तरीके खोजने के लिये सभी संबंधित नगर निगम आयुक्तों, डीईओ और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को आज बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर कतार लगने पर सुव्यवस्थित प्रबंधन, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग, लक्षित पहुंच बनाने और संचार जैसी सुविधा प्रदान करने और लोगों को मतदान केंद्रों पर आने के लिये मनाने के वास्ते आवासीय कल्याण समिति और युवा प्रभावशाली लोगों तथा महत्वपूर्ण हितधारकों की भागीदारी की तीन-स्तरीय रणनीति पर जोर दिया है। श्री राजीव कुमार ने चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी के लिये बूथ-वार कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

संबोधन प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित, सरकार की गिनाई उपलब्धियां

दस साल में किया काम केवल ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है : मोदी

प्रातः किरण

जयपुर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के बीते दस साल में किए गए काम को महज एक ट्रेलर बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अभी तो बहुत कुछ और करना है तथा देश को बहुत आगे लेकर जाना है। इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि ये सिर्फ अपना हित देखते हैं, इन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। मोदी चुरू में पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नया भारत घर में घुसकर मारता है। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने

वाले ऐपेटाइजर और फिल्म के ट्रेलर से की। उन्होंने कहा, जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है। जो काम इतने दशक में नहीं हुए वह हमने दस साल में कर दिखाए। इसलिए मैं कहता हूं कि जब नीयत सही तो नतीजे सही। उन्होंने कहा, दस साल में जो हुआ... लोग तो कहते हैं कि बहुत कुछ हुआ। पहले की सरकारों की तुलना में बहुत कुछ हुआ। लेकिन मोदी के मन की बात मैं आज चुरू में बता देता हूं .... जो अब तक हुआ है वह तो ट्रेलर है ट्रेलर। ऐपेटाइजर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ये जो मोदी ने किया है न, वह तो ऐपेटाइजर है ऐपेटाइजर... अभी तो पूरी खाने की थाली बाकी है। बहुत कुछ करना है भाइयो। बहुत सारे सपने हैं। हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ : पीएम मोदी ने राजस्थान के चुरू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने हमेशा कांग्रेस के पापों की कीमत चुकाई है। लेकिन अब, जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब लिया जा रहा है, तो वे सभी एक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं बल्कि वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे विपक्षी पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा, मैं इन भ्रष्ट परिवार वालों से कहना चाहता हूं कि आप कितना भी झूठ फैला लें, मोदी डरने वाला नहीं हैं।

संक्षिप्त खबरें

गुरुता गद्दी दिवस पर अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। सिख पंथ के सातवें गुरु श्री गुरु हर राय जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस पर तख्त पटना साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में रखा गया। अखंड पाठ का समापन रविवार को होगा। उसी दिन दरबार साहिब में विशेष दीवान सजेगा। इसमें शबद कीर्तन और कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान होगा। इसके लिए तख्त साहिब में तैयारी की गयी है।

हत्या से नाराज वेंडरों ने किया सड़क जाम

पटना सिटी (प्राकि)। कंकड़बाग थाना क्षेत्र में गैस वेंडर रंजीत राम की गोली मार हत्या कर दी गई। इस घटना से नाराज वेंडरों ने अगमकुआं व रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के नंदलाल छपरा के पास सड़क जाम कर हंगामा किया गया। सड़क जाम किए लोग वेंडर मृतक के परिवार को मुअवाजा देने, दोषी को गिरफ्तार करने और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर मौके पर अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और रामकृष्णा नगर थाना की पुलिस भी पहुंची। इस दौरान आक्रोशित वेंडरों को समझा-बुझा कर सड़क जाम हटवाया गया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वेंडरों को समझा कर सड़क जाम करने से रोका गया। सड़क जाम के कारण से आधा घंटा से अधिक तक एनएच 30 फोरलेन पर वाहनों का परिचालन प्रभावित हुआ था।

मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को कार ने टक्कर मारी, इलाज के दौरान मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ सिविल लाइन मे मॉर्निंग वॉक पर निकली एक 62 वर्षीय महिला को एक कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे इलाज के लिए सगुना स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना शुक्रवार की अहले सुबह सगुना मोड़ सर्विस लेन की है। मृतक की पहचान सगुना मोड़ स्थित रामरती अपार्टमेंट में रहने वाले पीडब्ल्यूडी इंजीनियर अनिल कुमार यादव की 62 वर्षीय पत्नी इंदुबाला देवी के रूप में हुई है। वहीं हादसे के बाद भाग रहे चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रोज की तरह महिला इंदुबाला मॉर्निंग वॉक के लिए सगुना मोड़ सर्विस लेन पर निकली थी। तभी तेज रफ्तार से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे सड़क पर गिर गई। जिसके बाद कार चालक उक्त महिला को घसीटते हुए कुछ दूर ले गया। वहां मौजूद लोगों ने खदेड़ कर उक्त कार व चालक को पकड़ लिया। वहीं महिला को सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इस संबंध में ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि कार चालक द्वारा एक महिला को टक्कर मार दी है। महिला का इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चालक के साथ ही एक अन्य को हिरासत लिया गया है।

दो हजार रुपए बरामद मामले में इनकम टैक्स, आईबी, एटीएस व ईओयू की पूछताछ जारी

दानापुर। नगर के अंतर्गत पाटलीपुत्रा स्टेशन के करीब अपार्टमेंट के फ्लैट में आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ एवं रूपसपुर पुलिस की संयुक्त छापेमारी दो हजार रुपए के पुराने नोट बदलने के कारोबार का हुए खुलासा में गिरफ्तार लोगों से पूछताछ जारी है। शुक्रवार को इनकम टैक्स, आईबी, एटीएस एवं आर्थिक अपराध ईकाई की टीम रूपसपुर थाने पहुंच अपने स्तर से गिरफ्तार सभी 14 लोगों से पूछताछ करने में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ ने रूपसपुर थाने की पुलिस की मदद लेते हुए पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन के पास पाटलिपुत्र हैरिटेज अपार्टमेंट के बी ब्लॉक के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नंबर 208 पर छापा मारा गया था, जहां से 9.74 लाख रुपए के 2 हजार के पुराने नोट बरामद हुए हैं। वहीं फ्लैट में मौजूद 14 लोगों को हिरासत में लिया गया। जिनके पास से तीन लग्जरी कार, 14 मोबाइल एवं एटीएम बॉक्स जब्त किया गया है। शुक्रवार को सबसे पहले इनकम टैक्स की टीम रूपसपुर थाने पहुंची और अपने स्तर से पूछताछ की है। उसके बाद आईबी, एटीएस व ईओयू आर्थिक अपराध ईकाई की टीम पूछताछ कर रही है। उन्होने बताया कि पूछताछ के बाद जल्द ही इस मामले में विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी।

सुशील मोदी के स्वास्थ्य लाभ को ले पटनदेवी मंदिर में पूजा-हवन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दधीचि देहदान समिति की पटना सिटी इकाई की ओर से शुक्रवार को शक्तिपीठ छोटी पटनदेवी मंदिर में पूजा-पाठ व हवन का आयोजन किया गया। साथ ही भगवती से प्रार्थना की गई कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी पर कृपा कर उन्हें कैंसर से मुक्ति प्रदान करें व वे दीघार्यु रहें। शक्तिपीठ के आचार्य विवेक द्विवेदी एवं तीन भूदेवों ने वैदिक मंत्र पाठ के साथ हवन कराया। देहदान समिति के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव इस हवन यज्ञ के यजमान थे। हवन के बाद श्री यादव ने बताया कि बिहार और विशेषकर पटना शहर श्री सुशील मोदी की सेवाओं का सदा आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि श्री सुशील मोदी की विधायक और सांसद निधियों से अनेक विकास कार्य हुए, जिनमें पाटलिपुत्र खेल एवं संस्कृति परिसर, व्यवहार न्यायालय पटना सिटी में अधिवक्ता भवन, रेडक्रॉस ब्लड बैंक, सामुदायिक भवन सहित अन्य नया भवन भी शामिल है। हम सब की प्रार्थना है कि सुशील मोदी जी स्वस्थ होकर शीघ्र पुनः सक्रिय सामाजिक जीवन में लौटें। इस अवसर पर रेडक्रॉस पटना सिटी शाखा के चेयरमैन गोविंद कानोडिया, पत्रकार कुमार दिनेश, कृष्ण कांत ओझा, विनय प्रसाद, दयानंद यादव, मनीष यादव, भगवती मोदी, बलराम मथुरी , मो नैयर इकबाल, आचार्य मनोज द्विवेदी, श्रीपति द्विवेदी, पशुपति जी सहित अन्य लोगो ने हवन में आहुति देकर उनकी मंगल कामना की ।

पीएम मोदी 140 करोड़ परिवार जनों की करते है चिंता : रामकृपाल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अगर जेपी, लोहिया और कपूर्री ने परिवारवाद किया होता तो लालू यादव का राजनीतिक जन्म नहीं होता। मोदी 140 करोड़ परिवार जनों की चिंता करते हैं। वहीं, महागठबंधन के लोग सिर्फ अपने परिवार की चिंता करते हैं। राजनीति में परिवारवाद भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है और युवाओं का राजनीतिक शोषण करता है। उक्त बातें सांसद राम कृपाल यादव ने दानापुर में एनडीए गठबंधन द्वारा आयोजित युवा संवाद को संबोधित करते हुए कहा। श्री यादव ने कहा पाटलिपुत्र का युवा मोदी के साथ है। पाटलिपुत्र का पौराणिक इतिहास को लौटाना है इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। एनडीए जहां युवाओं के विकास के लिए संकल्पित है वहां महागठबंधन अपने परिवार के युवाओं के विकास लिए संकल्पित हैं। श्री यादव ने कहा कि अजीब विडंबना है की विपक्ष कन्हौली रामपुर सिक्स लेन सड़क पर खड़ा होकर पूछता है की पाटलिपुत्र का विकास किधर है। उन्होंने कहा की पाटलिपुत्र की लड़ाई राजा और रंक के बीच है। जिस तरह से दानापुर में साल में एक बार साइबेरियन पक्षी आता है वैसे हीं 5 साल में एक बार राजा रानी का परिवार पाटलिपुत्र में चहल कदमी करने चला आता है। बैठक की अध्यक्षता पटना ग्रामीण भाजपा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और संचालन युवा मोर्चा के अध्यक्ष दीपक कुशवाहा ने किया। युवा संवाद में महानगर जदयू अध्यक्ष आसिफ कमाल, लोजपा के अध्यक्ष चंदन यादव, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, हम के महानगर अध्यक्ष रणविजय, कृष्ण मुरारी शर्मा, विशन सिंह, बिट्टू, अजीत सिंह, आलोक, सनोज यादव, अजीत यादव, बेला यादव, शिखा सिंह, प्रीति कुमारी, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, ब्रजेश सिंह, अखिलेश साव, सुबोध यादव, विकास चौबे, रवीश पटेल, गुड्डू सिंह, मुकेश यादव, संधीर यादव, बिपिन बिहारी, भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक रणधीर यादव भी उपस्थित थे।

हत्या के मामले में दो आरोपी को सुनाए गई आजीवन कारावास की सजा

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत नौबतपुर में सुधा दुकानदार रंजय कुमार की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश सतम सुभाष चंद द्विवेदी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाए। वहीं एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। प्रभारी एपीपी राम केश्वर प्रसाद ने बताया कि नौबतपुर बाजार में 14/11/16को बड़ी टंगरैला निवासी सुधा दुकानदार रंजय कुमार पिता शिव कुमार सिंह अपने साल रोहित के साथ नौबतपुर बाजार में अपने सुधा दुकान में बैठा था। अपराह्न साढ़े तीन बजे चार की संख्या में आए बदमाशों ने गोली मारकर दोनों को जख्मी कर दिया था। जिसमें उपचार के दौरान रंजय की मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने नौबतपुर थाना में कांड संख्या 331/16 दर्ज कराते हुए अमरपुरा निवासी सतीश कुमार उर्फ लाला,दीपू कुमार उर्फ हरेराम, सुडू कुमार समेत एक नाबालिग को आरोपित किया था। घटना कारण सुधा दुकान के पास आटो और बाईक चालक के बीच हो रहे झगड़ा को बीच-बीच करने रंजय गया था।उसी से खफा होकर रंजय और जानीपुर निवासी उसके साला रोहित को गोली मारी गई थी। एपीपी ने बताया कि माननीय न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद सतीश उर्फ लाल और दीपू उर्फ हरेराम को आजीवन सश्रम कारावास और पचास हजार जुमार्ना, नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाए। इसके अलावे सतीश को 27 आर्म्स एक्ट में तीन साल की सश्रम कारावास और सुडू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिए।

एम्स पटना में कार्डियो डायबिटिक सोसाइटी की 5 वीं मध्यावधि सीएमई आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कार्डियोडायबिटिक सोसाइटी की 5वीं मध्यावधि सीएमई अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में आयोजित की गई। इसमें देश भर से मधुमेह के विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. जी.के .पाल ने किया उन्होंने मधुमेह की महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस दिशा में कार्डियोडायबिटिक सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि सीएमई की मेजबानी एम्स पटना के जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा की जा रही है। उद्घाटन समारोह में डीन (शैक्षणिक) डॉ. प्रेम कुमार ,डॉ. अनुप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक और श्री नीलोत्पल बल, संस्थान के उप निदेशक (प्रशासन) भी उपस्थित थे । सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एम्स ऋषिकेश में जनरल मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. रवि कांत ने चीनी के चयापचय में शामिल एक महत्वपूर्ण हार्मोन ग्लूकागन पर बात की। वैज्ञानिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य प्रमुख वक्ताओं में एम्स भोपाल से डॉ. रजनीश जोशी, एम्स रायपुर से डॉ. विनय पंडित, एम्स जोधपुर से डॉ. रवींद्र शुक्ला, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से डॉ. विवेक श्रीवास्तव और डॉ. आशुतोष तिवारी, पटना मेडिकल से डॉ. विजय अचारी शामिल थे। कॉलेज, जेआईपीएमईआर, पुडुचेरी से डॉ. के बालामुरुगेसन और एम्स ऋषिकेश से डॉ. नम्रता गौड़ के अलावा एम्स पटना के जनरल मेडिसिन विभाग से डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. रविकीर्ति और डॉ. विजय कुमार शामिल थे। विभिन्न संस्थानों के रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। सर्वश्रेष्ठ तीन पेपरों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

एईएस के इलाज में जिले स्थानीय स्तर पर खरीद सकेंगे दवाएं

बीएमएसआईसीएल ने जारी की 25 अनुपलब्ध दवाओं की सूची

- क्षेत्र भ्रमण के दौरान आशा भी कर सकेंगीं एईएस व अन्य बीमारियों की रोकथाम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एईएस के इलाज के दौरान दवाओं की अनुपब्धता अब बाधा नहीं बनेगी। बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) ने एईएस के उपचार में शामिल ऐसी 25 दवाओं की सूची जारी की है, जिसे जिला स्वास्थ्य समिति स्थानीय स्तर पर खरीद सकते हैं। एईएस के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि विभिन्न जिलों से गैप असेसमेंट के बाद एसओपी के अनुसार कुछ दवाओं की आवश्यकता महसूस हुई थी। ये दवाएं चमकी के अलावा मौसम जनित बीमारियों के लिए भी आवश्यक थीं। इस कारण दवाओं को स्थानीय स्तर पर खरीदने की अनुमति दी गयी है। इन दवाओं में विभिन्न प्रकार के एंटीबायोटिक इंजेक्शन और स्लाइन भी शामिल हैं। सुरक्षात्मक किट से आशा करेंगी चमकी प्रभावितों की रक्षा राज्य के एईएस प्रभावित 12 जिलों में करीब 38 हजार 795 आशा कार्यकताओं को सुरक्षात्मक किट दिए गए हैं। इस किट की सहायता से क्षेत्र भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता बच्चों में एईएस अथवा अन्य बीमारियों जैसे डायरिया आदि की रोकथाम एवं प्राथमिक उपचार में इन दवाओं का उपयोग कर सकेंगी। इस किट में ओआरएस के 10 पाउच तथा पीडियाट्रिक यूज के पारासीटामोल सिरप की दो बोतल रहेगी। आशा को जिला औषधि भंडार / प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी जा रही उक्त औषधियों के खपत हो जाने के पश्चात पुनः इसकी आवश्यकता होने पर आशा कार्यकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी।

केंद्रीय विद्यालय खोलने व मेट्रो का विस्तार की हुई मांग

केंद्र व राज्य सरकार से की गई मांग, होगा भाजपा प्रत्याशी का विरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

केंद्रीय विद्यालय खोलने और मेट्रो लाइन का विस्तार साइंस कॉलेज से बीएनआर ट्रेनिंग कॉलेज, गायघाट, कंगन घाट से होते हुए दीदारगंज तक और दीदारगंज से पटना साहिब स्टेशन होते हुए बड़ी पहाड़ी मेट्रो डिपो तक लाइन विस्तार की मांग को लेकर देश के प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री और पटना साहिब के सांसद से जन संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, मोर्चा के उपाध्यक्ष सलमान अख्तर, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, मोर्चा के महासचिव उमेश पंडित और प्रवक्ता डॉ इकबाल अहमद ने संयुक्त रूप से अनुरोध किया कि पटना सिटी में एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है। यही कारण है कि शिक्षा के क्षेत्र में यह इलाका पिछड़ता जा रहा है। कारण कि सभी प्रतियोगिता परीक्षा सीबीएसई पैटर्न पर होता है और सीबीएसई पैटर्न का एक भी सरकारी स्कूल पटना सिटी में नहीं है। वर्ष 2009 में केंद्र के तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने संपतचक प्रखंड के अजीमचक मध्य विद्यालय के प्रांगण में केंद्रीय विद्यालय खोलने का शिलान्यास किए थे, लेकिन बिहार सरकार ने विद्यालय खोलने के लिए न जमीन दिया और न केंद्र सरकार राशि उपलब्ध करायी। परिणामस्वरूप अजीमचक में केंद्रीय विद्यालय नहीं खुला। इस संदर्भ में जन संघर्ष मोर्चा समय-समय पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों से मांग किया जाता रहा है कि गांधी सेतु के पास लोहा गोदाम की जमीन लगभग 10 एकड़ अभी भी खाली है। मोर्चा इसी जमीन पर डबल इंजन की सरकार से केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए अनुरोध करता है। साथ ही साथ मेट्रो लाइन का विस्तार दीदारगंज तक करने की मांग करता है। केंद्र के एनडीए की सरकार या बिहार की डबल इंजन की सरकार और पटना साहिब लोकसभा के सांसद, जन संघर्ष मोर्चा की मांग को अगर नहीं पूरा करता है, तो मोर्चा आने वाला लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को घूम-घूम कर विरोध करेगा और मोर्चा प्रत्याशी से सवाल पूछेगा कि पटना साहिब में विकास के लिए अपने 10 वर्षों में कौन-कौन सा काम किए।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत बीएस कालेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या प्रो मधुप्रभा सिंह की अध्यक्षता आयोजित कार्यशाला में वक्त ओ ने विचार प्रकट किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सकारात्मक सोच और अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन ही मानसिक रूप से स्वस्थ होने की निशानी है। मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर प्रो मधु पांडेय ने छात्र-छात्राओ से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए कहा कि मन की खुशी सबसे बड़ी खुशी है, इसलिए तनाव रहित जीवन की खोज आज के मनुष्य का पहला लक्ष्य होना चाहिए। कार्यशाला में प्रशिक्षक छेदी कुमार चौधरी ने पी.पी. टी, वीडियो के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के कई पहलुओं पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की दुनिया ने आज तनाव के तमाम रास्ते खोल दिए हैं, जिसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जरूरत है जीवन के हर मोड़ पर सकारात्मक बने रहने की। इस मौके पर प्रो. मधु पांडेय, प्रो शिवचंद सिंह, प्रो रजनी मिश्रा, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. संजय कुमार, डा जया प्रसाद, फि रोज अंसारी, शुभमय चौहान, डॉ. नित्या समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

रोजदारों ने अदा की अलविदाई जुमे की नमाज, ईद की तैयारी शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

माह ए रमजान में अलविदाई जुमे की नमाज रोजेदारों ने अकीदत से शुक्रवार को अदा की। नमाज अदा करने के लिए आलमगंज, सुल्तानगंज, दादर मंडी, लोदीकटरा, सदर गली, बटाऊ कुआं में स्थित मस्जिद के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित जामा मस्जिद, मो जान की मस्जिद, खाजेकलां मस्जिद, झाऊगंज स्थित अंबर की मस्जिद के साथ अन्य छोटे-बड़े मस्जिदों में भी नमाजियों की भीड़ नमाज अदा करने को पहुंची थी। नमाज के दौरान तकरीर का भी किया गया। शिया समुदाय की ओर से बावली इमामबाड़ा स्थित शिया मस्जिद में मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा और शाही संगी पत्थर की मस्जिद में इमाम सैयद दिलबर रजा ने नमाज अदा करायी। खानकाह मुनएमिया मितन घाट दरगाह शरीफ के सज्जदानशी सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी की देखरेख में नमाज व तकरीर हुई। इसी प्रकार दरगाह शाह अरजानी के गद्दीनशी सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, खानकाह फैयाजिया सिमली मालसलामी के सज्जादानशी सैयद शाह फैयाज हुसैन फैयाजी, खानकाह मंगल तालाब के गद्दीनशी सैदय शाह मिसबाहु उल हक एमादी व बारगाहे इश्क तकिया शरीफ मितन घाट के सज्जादानशी सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद ने खानकाह में नमाज अदा करायी। आखिरी जुमे की नमाज अदा करने के साथ अब ईद की तैयारी भी शुरू हो गयी है।

जीवन में भक्ति रस का प्रवेश होते राक्षसी प्रवृतियों का होता नाश : बालक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ बालक दास जी महाराज ने कहा कि काम, क्रोध रूपी राक्षस का नाश ही लंका कांड का मूल तत्व है। जीवन में भक्ति रस का प्रवेश होते ही इन राक्षसी प्रवृतियों का स्वयं नाश हो जाता है। छोटी पटनदेवी गली स्थित साधन धाम में चल रहे 56वें श्री राम चरित मानस महायज्ञ के छठे दिन अयोध्या निवासी पंडित हरि नारायण द्विवेदी के द्वारा पाठ से पूर्व आचार्य पवन मिश्रा द्वारा पंच देवता का पूजन जजमानों के द्वारा किया गया। मानस प्रवचन के छठे दिन की शुरूआत लंका कांड की विशद व्याख्या से हुई। पंडित मुकेश चतुवेर्दी ने कहा कि इस कांड में राम और राक्षस राजा रावण का युद्ध है। जो दूसरों को रुलाता है, वह, लोभ राक्षस हैं, जो मनुष्य को रुलाते हैं। इस कांड की यही शिक्षा है कि जीवन को भक्तिमय बनाओ तो काम, क्रोध, लोभ रूपी सभी रावण और राक्षसों का नाश हो जाएगा। 108 बालक जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भरत के चरित्र एवं प्रभु श्री राम के राज तिलक से पहले कैकयी कोप भवन में बैठे राजा दशरथ को बुलाते हैं और प्रभु श्री राम को 14 वर्ष का वनवास और भारत को राजतिलक करने का वचन लेते हैं। चूंकि शांतनु द्वारा दशरथ जी को श्राप दिया हुआ था। जिस तरह हमारे पुत्र ने आपकी तीर से गंगा तट पर प्राण त्याग दिया, उसी तरह आप भी अपने पुत्र मोह में प्राण त्याग देंगे। जिस तरह वह अंधा अपने पुत्र के लिए बिना पुत्र का दर्शन किए अपने प्राण को त्याग रहा हूं, उसी तरह राजा दशरथ तुम भी प्राण त्यागोगे। तुम्हारा पुत्र तुम्हारे पास नहीं होगा।

दीन दयाल विरद संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी, आशुतोष तुम औघरदानी अरती करत दिन जन जानी। इसी चौपाई के साथ प्रवचन विराम देते हुए श्री श्री 108 बालक जी मुखवाणी से छठे दिन की राम कथा का विश्राम हुआ। कार्यक्रम में भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। डोर तक लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र के इर्द-गिर्द भी लग जुट कर प्रवचन का आनंद ले रहे हैं। महायज्ञ को सफल बनाने में मानस समिति के सदस्यों में विशेष रूप से पंकज शुक्ला, राजकुमार तिवारी, यज्ञ के आचार्य पवन मिश्रा, देवानंद तिवारी, मनीष अग्रवाल, सुरेश अरोड़ा, अनंत अरोड़ा, अजय तिवारी, ज्ञानवर्द्धन मिश्र सक्रिय हैं।

मृत सेवादार को पांच लाख, ग्रेच्यूटी व एक को नौकरी देने की मांग

- सेवादारों ने बैठक कर दी श्रद्धांजलि, किया गया अरदास

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के सेवादार भगत सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार को तख्तश्री पटना साहिब परिसर में हुई। इसमें सेवादार भगत सिंह के निधन पर सेवादार समाज कल्याण समिति की ओर से तख्त पटना साहिब के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सैकड़ो सेवादार, सेवादारनी, रागी, ग्रंथी ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद ने कहा कि तख्त पटना साहिब में लगभग 50 वर्षों तक पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ सेवा किए। प्रबंधक कमेटी से मांग किया गया कि सेवा काल में मृत्यु होने पर पांच लाख नगद, ग्रेच्युटी और एक सदस्य की नियुक्ति की बात कही गई। इस मौके पर सेवादार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, महासचिव अजायब सिंह ग्रंथी, पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक सरदार हरजीत सिंह, सहायक प्रबंधक सतेंद्र सिंह, डिस्पैचर दविंदर सिंह, महाकांत राय, जसवंत सिंह खालसा, दीपक सिंह, कन्हैया सिंह, रामेश्वर राम, जसविंदर कौर, हरजीत कौर, रागी जोगिंदर सिंह, भाई कविंद्र सिंह, ग्रंथी भाई सुरेंद्र सिंह, भाई भजन सिंह ग्रंथी श्रद्धांजलि दी। ग्रंथी भाई भजन सिंह ने मृतात्मा की शांति के लिए सामूहिक अरदास की गई।

बाइक चालक की ट्रक से टक्कर में हुई मौत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के गुरु के बाग के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक से आ रहे युवक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह और पुलिस कर्मियों ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने बताया कि बीते गुरुवार की रात हुए हादसे में मृतक की पहचान दाहुचक नगला मुहल्ला निवासी अयोध्या प्रसाद के 38 वर्षीय पुत्र अमित साव के तौर पर हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के बाद वाहन का चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। वहीं दूसरी ओर बाईपास थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पाठ में काजल कुमारी नाम की एक युवती की मौत भी ई-रिक्शा सवार के रूप में हो गई है काजल कुमारी की उम्र करीब 18 साल है और वह मनोज कुमार की पुत्री है वह मूल रूप से नालंदा के नगर नौसा की रहने वाली है यहां अपने पिता के साथ कपड़ा की खरीदारी करने के बाद ई रिक्शा की मदद से वह महादेव स्थान न 30 के पास जा रही थी वहां से वह बस या अन्य सवारी से अपने घर को लौटी की इस दौरान हादसा हो गया इसमें काजल कुमारी की मौत हो गई काजल चांदी में नियम कर रही थी वही उसके पिता मनोज कुमार भी गंभीर रूप से घायल हैं। वह फिलहाल एनएमसीएच के सर्जरी आईसीयू में भर्ती हो इलाजरत हैं।

बूथ लेवल अफसर व सेक्टर मजिस्ट्रेट तालमेल बैठा करें कार्य

पटना सिटी (प्राकि)। बूथ लेबल आफिसर और सेक्टर मजिस्ट्रेट आपस में तालमेल बैठा कर कार्य करें। यह दायित्व फतुहा विधानसभा की सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अभिलाषा सिन्हा ने बैठक में दी। अनुमंडल कार्यालय में हुई बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते कहा कि फतुहा विधानसभा क्षेत्र में 293 बूथ है। इसमें 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं। इनको कहा गया है कि घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टर बैलेट पेपर का फार्म उपलब्ध कराया गया है। साथ ही मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की कमियों को चिह्नित करने को कहा गया है, ताकि कमियों को दूर किया जा सके। एसडीओ गुंजन सिंह ने कहा कि पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में स्विप के तहत नुक्कड़ नाटक घर-घर जाकर बूथ डालने के लिए प्रेरित करने का कार्य चल रहा है। इसी के तहत सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के छात्रों के साथ मैराथन दौड़ होगा।

वर्ल्ड हेल्थ डे: साइकिल चलाइए स्वस्थ रहिए

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । आज राजधानी पटना में वर्ल्ड हेल्थ डे के एक दिन पूर्व एनएमसीएच 91 बैच के चिकित्सकों का एलुमनाई मीट 2024 का आयोजन हो रहा है । आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, एवं आयोजन समिति के सचिव डॉ अजय कुमार ने बताया कि एनएमसीएच अपने स्थापना काल से कई कृतिमान गढ़े हैं । स्वास्थ जागरुकता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर राजभवन गोलंबर से पटना क्लब तक साइकिल यात्रा आज सुबह 6 बजे राजभवन गोलंबर से पटना क्लब तक जाएगी । अपने शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सप्ताह में 1 दिन साइकिल की सवारी पर जोर देंगे और पौधारोपण के द्वारा अधिक से अधिक ग्रीन बेल्ट तैयार करेंगे । कार्यक्रम के माध्यम से गो ग्रीन का संदेश देना हमारे एलुमनाई मीट का उद्देश्य है। इस मीट का सबसे खास बात यह है कि 13 उन चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा जो दुर्गम क्षेत्रों में रहकर मानवता की सेवा की मिसाल कायम कर रहे हैं।

चलाया लाभार्थी संपर्क योजना

पटना सिटी (प्राकि)। प्रदेश भाजपा के आवन पर प्रदेश में चलाए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत आज शुक्रवार को सिटी के वार्ड संख्या 31 में भी अभियान चलाया गया इस दौरान विभिन्न मुगलों क्रमशः शिव कॉलोनी राम कॉलोनी श्री गुरु गोविंद सिंह लिंग पाठ अरूणहत टोला छितौली में लाभार्थियों से मिलकर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश वाला पत्र सोपा गया इस अभियान में पूर्व परिषद अवधेश कुमार सिन्हा संजय सिंह महेंद्र ठाकुर अरविंद चौधरी अनिल जायसवाल आदि शामिल थे।

लोस चुनाव : सियासी सरगर्मियां तेज, कुनबा बढ़ाने का सिलसिला जारी

मंत्री के पुत्र सन्नी हजारी ने थामा कांग्रेस का हाथ

भाजपा सासंद अजय निषाद ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की
बिक्रम के पूर्व विधायक अनिल कुमार भी कांग्रेस में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां जोरों पर है। पाला बदलने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से दोबार के भाजपा सांसद रहे अजय निषाद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश अध्यक्ष डा सिंह ने निषाद को सदस्यता दिलाने की औपचारिकता पूरी करायी। निषाद भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले अकेले नेता नहीं थे। उनके साथ बिक्रम से तीनबार के भाजपा विधायक रहे अनिल कुमार ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस का झटका झेलने वाला केवल भाजपा ही नहीं है, बल्कि उसका सहयोगी जदयू ने भी इसे महसूस किया। नीतीश सरकार के कबीना मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस तरह शुक्रवार को राजग को तीन-तीन झटके एक साथ झेलने को मिली। कांग्रेस में शामिल होने वाले तीनों नेताओं ने कांग्रेस की विचारधारा एवं राहुल गांधी की सोच को देश के लिए अचूक बताया तथा डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पार्टी के पुनर्उत्थान का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने तीनों का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा कि तीनों नेताओं के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके लिए पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मंचासीन नेताओं में डा मदन मोहन झा, संतोष मिश्रा, विश्वनाथ राम, बंटी चौधरी, लाल बाबू लाल, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, अम्बुज किशोर झा, संजय यादव प्रमुख हैं।

समाजसेवी सर्वेश सैनी के साथ कई जदयू में हुए शामिल

पार्टी को धरातल पर काफी मजबूती मिलेगी : रत्नेश सदा

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर मद्य निषेध विभाग के मंत्री रत्नेश सदा ने बक्सर जिला के प्रखर समाजसेवी सर्वेश कुमार सैनी के नेतृत्व आए में कई लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने की। इस मौके पर मुख्य रूप से बिहार विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के कोषाध्यक्ष सह विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ, राजू रजक एवं शंभू शरण चैधरी आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि सर्वेश कुमार सैनी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासकार्यों से प्रभावित होकर जदयू से जुड़ने का निर्णय लिया है। इनके आने से पार्टी को धरातल पर काफी मजबूती मिलेगी। विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि सर्वेश कुमार सैनी के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी साथियों का हम जदयू परिवार में हार्दिक स्वागत करते है। एनडीए गठबंधन ने इस बार 400 पार का जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे पूरा करने में सभी साथीगण पूरे तन-मन से जुटेंगे।

महिलाओं के उन्नति के बिना देश की तस्वीर व तकदीर नहीं बदल सकती : धर्मशीला

● भाजपा सांसद ने कहा- राजद व कांग्रेस का व्यवहार महिला विरोधी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने शुक्रवार को कांग्रेस और राजद को महिला विरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस अभी भी अहंकार में डूबी है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राजद और कांग्रेस का व्यवहार ही महिला विरोधी है। मीडिया सेंटर में शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी की राज्यसभा सांसद श्रीमती गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला, जिन्होंने आम आदमी पार्टी के नेता सुशील गुप्ता का प्रचार करते हुए भाजपा की वरिष्ठ नेता और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी के ऊपर जो अशोभनीय टिप्पणी की है, उसकी जितना निंदा की जाए कम है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सुरजेवाला ने वरिष्ठ महिला सांसद का अपमान किया और गलत शब्दों का प्रयोग किया। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी करते हुए उन्हें बाजारू बताये जाने पर भी श्रीमती गुप्ता ने कहा कि यह कहीं से शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता काफी प्राचीन है और काशी हमारे लिए पुण्य भूमि है जिसकी तुलना वे बाजार की मंडी से नहीं की जा सकती है। जिस तरह काशी पर टिप्पणी की गई वह अशोभनीय और देश को शर्मसार करने की बात है। उन्होंने आगे कहा कि आज महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि संघ की शाखाओं में महिलाएं छोटे कपड़े पहनती हैं। संघ हमारी विचारधारा है। हमारी बहनों का नाम दुर्गा वाहिनी के नाम से जाना जाता है। उनके इस बयान से महिलाएं शर्मसार हो रही है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की एक सेक्स सीडी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महिला वकील को जज बनने का ऑफर दिया गया था। बाद में उन्होंने सेटलमेंट की बात कही। कांग्रेस के नेता महिलाओं से सेटलमेंट करते हैं इससे अशोभनीय बात क्या होगी? उन्होंने कहा कि भाजपा में महिलाओं का सम्मान किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि एक कांग्रेस नेता द्वारा आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को भी राक्षसी कहा गया था। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव शुरू है। देश की जनता इनको जवाब देगी। देश जहां चांद पर पहुंच रहा है। वहीं कांग्रेस के नेता महिलाओं को घर में रहने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उन्नति के बिना देश की तकदीर, तस्वीर नहीं बदल सकती है और प्रधानमंत्री जी यही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के प्रति ऐसी सोच रखने वालों को पार्टी से निलंबित किया जाना चाहिए। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश महिला संयोजक दानिश इकबाल, प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव, उपेंद्र सिंह और सह प्रभारी सुनील सेवक भी उपस्थित रहे।

लालू प्रसाद ने कवि के अंदाज में केंद्र सरकार पर साधा निशाना

● जनता ने ठाना है, मोदी सरकार का झूठ मिटाना है : लालू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए झूठ को लेकर घेरा है। उन्होंने मोदी सरकार को झूठ का दरबार बताते हुए कहा कि जनता ने ठाना है, मोदी सरकार का झूठ मिटाना है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्स पर कविता के अंदाज में लिखा, झूठ का अंबार- मोदी सरकार, झूठ का दरबार- मोदी सरकार, झूठ का भंडार- मोदी सरकार, झूठ का व्यापार- मोदी सरकार, झूठ की बयार-मोदी सरकार, झूठ की बहार- मोदी सरकार, झूठ की कतार-मोदी सरकार। उन्होंने आगे आरोप लगाते हुए लिखा कि मोदी सरकार का झूठ शानदार, जानदार, जोरदार, लगातार, वजनदार और बारम्बार है। मोदी सरकार को घेरते हुए लालू यादव ने आगे कहा कि नौकरी पर झूठ, इतिहास पर झूठ, विकास पर झूठ, वादों और इरादों में झूठ, हर जगह हर बात, हर सोच विचार में झूठ, इधर झूठ, उधर झूठ, दाएं भी झूठ, बाएं भी झूठ, परिवारवाद पर झूठ, भ्रष्टाचार पर झूठ। बंदा भाजपा में आए तो राजनीतिक धंधा, विपक्ष में है तो वो गंदा, ये भी झूठ। उन्होंने अंत में लिखा कि जनता ने ठाना है, मोदी सरकार का झूठ मिटाना है।

राजद सुप्रीमो के बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

● सच्ची तस्वीर देखनी हो तो मन भी साफ करना पड़ता है : मनोज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने बयान जारी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के आरोपो पर पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लालू यादव को मोदी सरकार की विकास की सच्चाई जानेंगे तो, उन्हें विकास से नफरत हो जाएगी। श्री शर्मा ने कहा है कि लालू यादव का घोटाले करने दुनिया भर में नाम है। वो और उनका परिवार घोटाला परिवार के नाम से ही जाना जाता है। उन्होंने कहा कि घोटालों का परिवार- लालू परिवार, घोटाला अंबार-लालू परिवार, घोटाले होते हर जगह- लालू परिवार, घोटालों का दरबार- लालू परिवार, घोटालों का भंडार -लालू परिवार, घोटाले का व्यापार- लालू परिवार, घोटालों का बाजार- लालू परिवार, घोटालों की कतार-लालू परिवार, घोटाले करते शानदार -लालू परिवार, घोटाले उनके जानदार-लालू परिवार, घोटाले उनके जोरदार- लालू परिवार, घोटाले होते लगातार- लालू परिवार, घोटाले उनके वजनदार-लालू परिवार, घोटाले होते बार-बार- लालू परिवार, घोटालों से सरोबार- लालू परिवार, घोटालों का कारोबार -लालू परिवार। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लालू यादव जी, घोटाले और जांच एजेंसियों से फुर्सत मिले तो, देश मे हो रहे विकास के कार्य को भी देखिए।

लालू जी, आप अपना चश्मा बदलिए, आप जिस चश्मे देखते है ना उसमे सब आपको झूठ लगता है। जबकि सच्चाई ये है कि देश बहुत आगे बाख चुका है और इस सच्चाई को पूरा विश्व स्वीकार रहा है। सच्ची तस्वीर देखनी हो तो मन भी साफ करना पड़ता है। जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने साल दर साल देश हित मे बड़े फैसले लिए। 2014 में स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की। 2015 में पीएम आवास योजना और सुकन्या समृद्धि योजना। 2016 में नोटबंदी का फैसला और उज्वला योजना। 2017 में जीएसटी लागू और तीन तलाक की समाप्ति। 2018 में आयुष्मान भारत योजना। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने का फैसला। 2020 में राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन। 2021 में कोरोना से बचाव के लिए स्वदेशी वैक्सीन। 2022 में मोदी सरकार ने 5 जी सेवाओं की शुरुआत की।2023 में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना।2024 में राममंदिर का उद्घाटन। लालू यादव जी, मोदी सरकार के सच को पचा नही पाएंगे। लेकिन ये सच है कि 2014 में देश के अंदर मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 थी, जो अब बढ़कर 692 हो चुकी है। अब एम्स की संख्या बढ़कर 24 हो चुकी है। यूनिवर्सिटी बढ़कर 1472 हो चुकी हैं। आईआईटी संस्थान बढ़कर 23 हो चुके हैं। आईआईएम अब 20 हो चुके हैं।

सीएम नीतीश ने किया बिहार का कायाकल्प : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने शुक्रवार को कहा है कि बीते दो दशकों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेहनत, संकल्प और प्रतिबद्धिता ने बिहार का कायाकल्प कर दिया है। नीतीश राज से पहले बिहार के जो लोग बाहर में अपनी पहचान छुपाने को मजबूर रहते थे, वही लोग आज देश-दुनिया के किसी भी कोने में सिर उठाकर जाते हैं। नीतीश कुमार के कारण ही आज बिहार विकास में मामले में पूरे देश के सामने एक नजीर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतीश के विजन से ही आज बिहार का बजट 11 गुणा बढ़ चुका है। बिहार की विकास दर देश की ग्रोथ रेट से भी अधिक है। गड्ढे की जगह आज राज्य के कोने-कोने में चमचमाती सड़कों का जाल बिछ चुका है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि याद करें तो नीतीश सरकार से पहले इसी बिहार में बिजली की उपलब्धता इतनी कम थी कि बिजली आने पर लोग जश्न मनाते थे। यहां तक कि शहरों में भी महज कुछ घंटों के लिए बिजली आती थी। लेकिन आज बिहार का गांव-गांव बिजली की रौशनी से चमक रहा है। पर्याप्त बिजली और बढ़ी समृद्धि से गांवों में भी लोग टीवी, एसी लगवा रहे हैं। इसी तरह जो बिहार कभी स्वच्छ पेयजल के लिए तरसता था आज उसके गांव-गांव में नल से जल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश राज में महिला, युवा और किसानों के लिए भी अभूतपूर्व काम हुए हैं। राज्य का खाद्यान्न उत्पादन 17.5 लाख टन बढ़ गया है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह पुलिस सेवा में योगदान देने में बिहार की महिलाओं की संख्या पूरे देश में सबसे अधिक है। नीतीश सरकार के यह काम भविष्य के विकसित बिहार की नींव है।

इंडिया गठबंधन के पास उम्मीदवार तक नहीं : जदयू

● एनडीए गठबंधन से क्या मुकाबला करेगा?

पटना। बिहार में जिस विपक्षी गठबंधन के पास चुनाव में खड़े होने तक के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं वो भला एनडीए गठबंधन से क्या मुकाबला करेगा? आलम ये है कि प्रथम चरण और द्वितीय चरण के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है लेकिन अबतक विपक्षी गठबंधन को 11 सीटों पर अपना उम्मीदवार तक नहीं मिल पाया है जिसके चलते इन सीटों पर अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा तक नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर एनडीए गठबंधन ने सीटों के बंटवारे से लेकर तमाम सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा तक कर दी। विपक्षी आरजेडी गठबंधन पर निशाना साधते ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने कही। पार्टी प्रवक्ता अनुप्रिया ने दावा करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में म्मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास के कामों की बदौलत राज्य की 40 में से 40 सीटें जीतने का काम करेगी और विपक्षी गठबंधन का राज्य में खाता तक नहीं खुल पाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में खासकर कांग्रेस की हालत आरजेडी की पिछलग्गू बनकर रह गई है और लालू प्रसाद यादव जैसा निर्देश दे रहे हैं उसी तरीके कांग्रेस यहां काम कर रही है। विपक्षी गठबंधन से बड़ा सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि कांग्रेस पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिल रहा है? पार्टी प्रवक्ता ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस को गठबंधन में मिली सीटों का एलान हो चुका है, लेकिन कांग्रेस को मिली 9 सीटों में से पार्टी ने महज कुछ ही सीटों पर अबतक उम्मीदवारों की घोषणा की है। उन्होंने आरजेडी गठबंधन से सवाल पूछते हुए कहा कि जब विपक्षी गठबंधन के पास उम्मीदवारों की ही कमी है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस स्वार्थी गठबंधन के राजनीतिक चरित्र को अच्छे तरीके से पहचानती है और वोटिंग के दिन उन्हें माकूल जवाब देगी।

सदाकत आश्रम में मनी पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की जयंती

जगजीवन बाबू ने शोषित, वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने का किया काम : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. जगजीवन राम की 117वीं जयंती मनायी गयी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन बाबू एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे और आधुनिक भारत के निर्माण में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के सहयोगी रहे। वे नेहरु मंत्रिमण्डल में सबसे कम उम्र के कैबिनेट मंत्री थे। उनके कुशल नेतृत्व और सांगठनिक क्षमता की तारीफ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1971 में बांग्लादेश मुक्ति आन्दोलन के समय बाबू जगजीवन राम देश के रक्षा मंत्री थे और उस समय पाकिस्तान के 91 हजार सैनिकों ने भारत के सैनिक कमान्डर के समक्ष आत्म समर्पण किया था यह देश नहीं बल्कि विश्व के इतिहास में अभूतपूर्व घटना थी। डॉ. सिंह ने कहा कि शोषित, वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने का काम करने वाले बाबू जगजीवन राम का जीवन हमारे लिए आदर्श है। जयंती समारोह में शामिल होने वाले नेताओं में डॉ. मदन मोहन झा, संतोष मिश्रा, विश्वनाथ राम, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राज कुमार राजन, आलोक हर्ष, लाल बाबू लाल, राजेश राठौड़, विनोद शर्मा, कपिल देव प्रसाद यादव, शरवत जहाँ फातिमा, अम्बुज किशोर झा, केशर कुमार सिंह, अमरेन्द्र सिंह, राज छबिराज अनिल कुमार, ज्ञान रंजन, शिशिर कौंडील्य, गुंजन पटेल, बैधनाथ शर्मा, उदय शंकर पटेल, निधि पाण्डेय, सतीश कुमार मंटन, सुदय शर्मा, रवि गोल्डन, प्रदुमन कुमार, मृणाल अनामय, राजनन्दन कुमार, श्याम सुन्दर प्रसाद, तनवीर अहमद, डॉ. अक्षय शुक्ला, राजीव कुमार, अनिल पासवान, रंजन कुमार यादव, अनूप कुमार, मनोज मेहता, दिलीप कुमार सिंह प्रमुख हैं।

बिहार की जनता झांसे में आनेवाली नहीं : भाकपा

पटना। 05 अप्रैल 2024 भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार की जनता भाजपा के झांसे में आनेवाली नहीं है। नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा के दौरान हीं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन बिहार को न विशेष राज्य का दर्जा मिला और न हीं विशेष पैकेज। प्रधानमंत्री जमुई की सभा में अपने दस वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर बोलने के बजाय राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार पर हमला करते रहे। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रत्येक साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वायदा किया था। 20 करोड़ नौकरी का जबाब देश की युवा भाजपा से मांग रही है। देश में 83 फीसदी युवा बेरोजगार हैं। किसानों की आमदनी को दो गुनी करने की घोषणा की गई थी, किसानों को न न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है और न हीं निर्धारित मूल्य पर खाद बीज। खेती की लागत कई गुना बढ़ गई है। 2019 से प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) गरीबों को मिलना भी बंद हो गया है। भाजपा सरकार में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। इस सरकार में लूट बढ़ी है। सार्वजनिक कंपनियों को कौड़ी के भाव में बेचा जा रहा है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि मोदी की गारंटी झूठ और जुमला है। बिहार की जनता भाजपा के झांसे में नहीं आनेवाली है। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन उम्मीदवार की जीत होगी।

सूबे में अफसरशाही व भ्रष्टाचार चरम पर : पीके

पटना। चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की स्थिति में ज्यादा अंतर नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अगर लालू प्रसाद का शासनकाल अपराधियों का जंगलराज था तो आज का शासनकाल अधिकारियों का जंगलराज है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल के लिए लोग अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने दावा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बिहार के किसी गांव में बिना सुरक्षा और सरकारी अमला के पैदल नहीं चल सकते। आज बिहार में अफसरशाही, भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। बिना पैसा दिए एक काम नहीं होता है। बिहार की बदहाली का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जिन गांवों और पंचायतों में जाने का मौका मिला है, वहां पलायन की समस्या बहुत बड़ी है। गांवों में 60 प्रतिशत तक नवयुवक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है बिहार में शिक्षा व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना। बिहार में भूमिहीनों की समस्या का जिक्र करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में गरीबी और बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण है बड़ी संख्या में भूमिहीनों का होना। आंकड़ों के मुताबिक बिहार में 58 फीसदी लोग भूमिहीन हैं जबकि देश में भूमिहीनों की संख्या 38 प्रतिशत है।

मुकेश सहनी के महागठबंधन में आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा : शाहनवाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुकेश सहनी के महागठबंधन में आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बिहार में महागठबंधन पूरी तरह कन्फ्यूज्ड है। एनडीए का चुनाव अभियान रफ्तार पकड़ चुका है जबकि महागठबंधन में अभी भी गठबंधन ही चल रहा है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कही। बिहार में महागठबंधन में मुकेश सहनी की पार्टी के शामिल होने और उन्हें राजद की तरफ से 3 सीटें देने पर प्रतिक्रिया देते हुए सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि महागठबंधन में अभी भी सीटों का पेंच फंसा हुआ है । इनके पास न नेता है, न नीति है और न नीयत है। जिस तरह से धीमी रफ्तार से ये आगे बढ़ रहे हैं, जनता इन्हें पूरी तरह नकार चुकी है। बिहार की जनता जानती है कि चुनाव खत्म होने के बाद भी इनका कन्फ्यूजन खत्म होने वाला नहीं है। इसलिए बिहार की जनता एनडीए को राज्य की सभी 40 सीटें देने का मन बना चुकी है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनना तय है। पिछली बार 1 सीट न दे पाने का अफसोस भी बिहार की जनता इस बार खत्म कर देगी। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बिहार 40 की 40 सीटों की सौगात एनडीए को देगी।

पेट्रोल पंप संचालक लूट मामले में एक गिरफ्तार

● पटना पुलिस की बड़ी कामयाबी, मामले का किया खुलासा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी पटना में बीते 2 अप्रैल को गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के साधनापुरी इलाके में पेट्रोल पंप संचालक से 32 लाख लूटने और इस दौरान एक युवक को गोली मारने की घटना में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस घटना में शामिल एक बदमाश संदीप कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने एक काले रंग का पल्सर इसके घर से बरामद किया है। दरअसल, इस मामले में पुलिस ने एसआईटी टीम का गठन किया और मामले की अनुसंधान में जुट गई। मामले में पटना पुलिस को पहली कामयाबी मिली है। घटनास्थल पर पुलिस को जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में कई प्रकार की साक्ष्य मिले थे। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि गर्दनीबाग थाना गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में बीते 2 अप्रैल को हुए पेट्रोल पंप संचालक से 32 लाख की लूट मामले में 48 घंटे में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार किया है । पुछताछ में गिरफ्तार अपराधी संदीप कुमार ने बताया की घटना में शामिल बदमाशों ने लूट के बाद 7-7 लाख रुपए का बंटवारा किया और सभी अलग हो गए। फिलहाल इस मामले में शामिल अन्य बदमाश फरार है।

कांग्रेस का चुनावी न्यायपत्र झूठ व जनता के लिए छलावा : मंगल

● कांग्रेस पहले लूट का हिसाब जनता को दे फिर न्याय की बात करें
● देश पीएम मोदी के विकास के संग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस की न्यायपत्र को झूठ व जनता के लिए छलावा करार दिया। श्री पांडेय ने कहा कि दुनिया जानती है, कांग्रेस ने हमेशा दलितों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों व किसानों की अनदेखी की है। जनता की हकमारी व लूट की। सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया। यही कारण है कि आजादी के बाद से 50 वर्षों तक जिस पार्टी ने देश पर राज किया हो, वहां आज भी अनगिनत राज्य विकास की मुख्यधारा से दूर हैं। नक्सल आंदोलन से लेकर अन्ना आंदोलन तक कांग्रेस की कुव्यवस्थाओं के खिलाफ जनआक्रोश बढ़ा। जो पिछले दस वर्षों में विकास की मुख्यधाराओं के कार्य शुरू हुए हैं। वो हमारे पीएम नरेंद्र मोदी जी की देन है। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम ने कई लाखयुवाओं को खुद नियुक्ति पत्र बांटे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टार्टअप इंडिया के तहत लोन की सरल सुविधा बिना गारंटी की दी। मगर कांग्रेस बेरोजगारी के नाम पर अपनी राजनीति चमकाना चाहती है। जिस पार्टी पर आज उनके नेता भरोसा नहीं कर रहे हैं, उनपर देश की जनता क्या भरोसा करेगी।

जिस पार्टी ने देश का भला नहीं किया वो देश की जनता का भला कैसे करेगी। जम्मू-कश्मीर हिंसा के दौर से गुजरता रहा मगर पीएम मोदी ने आर्टिकल - 370 हटाकर वहां शांति प्रदान की। कांग्रेस के जमाने में कष्मीरी युवा पत्थरबाज बने। लेकिन आज वही युवा मेहनतकश बन जम्मू-कश्मीर में विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। वहीं नॉर्थ का राज्य भी हिंसा की जद में रहा। कांग्रेस शासन में दिल्ली के अंदर सरेआम बम धमाके हुए। मुंबई के होटल ताज पर हमले हुए। वहीं आए दिन सेना के जवान शहीद होते थें। मगर आज देष के जवान दुश्मनों को घर में घुसकर मार रहे हैं। ये सब मोदी सरकार की रक्षा नीति व आत्मनिर्भर भारत की देन है। श्री पांडेय ने कहा कि देश में मुंबई बम धमाके हुए, बोफोर्स घोटाला हुआ, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम भी आया, शेयर घोटला हुआ, इसमें भी कांग्रेस का नाम आया, 2008 में टू जी स्पेक्ट्म घोटाला, 2010 में राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, 2011 में नोट के बदले वोट घोटाला, 2012 में चौपर घोटाला एवं आदर्श घोटाला जैसे अनगिनत भ्रष्टाचार कांग्रेस की देन हैं। देश की जनता कांग्रेस की तानाशाही व घोटालों को नहीं भूली है। इसलिए पिछले दो लोकसभा चुनावों में उनको करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। इस बार भी लोकसभा में उनकी हार तय है। आज देश का किसान , युवा व मध्यमवर्ग खुशहाल है। सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक बिना बिचौलियों के पहुंच रहा है। मगर कांग्रेस विरोध की राजनीति कर झूठ व नफरत का बाजार बनाने की कोशिश कर रही है।

रालोमो कार्यालय में मनी बाबू जगजीवन राम की जयंती

● पार्टी नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

पटना। रालोमो के कैम्प कार्यालय में पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी के नेतृत्व में रालोमो के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती का आयोजन किया। सबसे पहले बाबू जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। बाबू जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम पूरे भारत वर्ष में ऐसे कुछ स्वतंत्रता सेनानी में से एक थे जो स्वतंत्रता व पिछड़े वर्गों के विकास, दोनों के लिए एक साथ लड़ रहे थे। ये प्रेरणा उन्हें महात्मा गांधी से मिली। उन्होंने गरीबों वंचितों और पीड़ितों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि सभा की अध्यक्षता अशोक राम अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता शंभुनाथ सिन्हा, डॉ निर्मल कुमार सिंह, बबन यादव, चौधरी बसन्त सिंह, शिवेंद्र कुमार जिशु, पप्पु मेहता, आशिक आलम, कौशलेंद्र मिश्रा, बिनोद कुमार पप्पु, भोला शर्मा, धर्मेंद्र कुशवाहा, अनंत कुमार गुप्ता, चतर्भुज गुप्ता, वैधनाथ शर्मा, अरविंद वर्मा, अशोक कुशवाहा भी उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल

ई—निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा वाणिज्य नियंत्रण कक्ष/समस्तीपुर में ट्यूटर सेल एवं रेल मदद पोर्टल सहित मंडल के 27 स्टेशनों (28 यूनिट) पर 96 सीट के लिए फेस टू फेस इंक्वायरी (मैनुअल) के आउटसोर्सिंग हेतु तीन (03) वर्षों के लिए खुली ई—निविदा ''दो पैकेट पद्धति'' के अंतर्गत भारतीय रेल के आई. आर. ई. पी. एस बेब पोर्टल पर आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :—

कार्य का नाम : समस्तीपुर मंडल के वाणिज्य नियंत्रण कक्ष/समस्तीपुर में ट्यूटर सेल एवं रेल मदद पोर्टल सहित मंडल के 27 स्टेशनों (28 यूनिट) पर 96 सीट के लिए फेस टू फेस इंक्वायरी (मैनुअल) के आउटसोर्सिंग हेतु तीन (03) वर्षों के लिए ठीके का आवंटन। **03 वर्षो हेतु निविदा का मूल्य रू में :** रू 101173795.20 (रूपया दस करोड़ ग्यारह लाख तिहत्तर हजार सात सौ पंचानवे एवं बीस पैसा मात्र), **कैटलॉग संख्या :** 682400 (अरसठ हजार चौबीस सौ रू॰ मात्र), ठीके की **अवधि :** 03 वर्ष (1095 दिन)।

निविदादाताओं के लिए निर्देश: 01. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता: निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस के बेबसाईट पर उपलब्ध है। **02. ई—निविदा अपलोड की तिथि एवं समय :** दिनांक 23.04.2024 को 14:00 बजे तक, **03. ई—निविदा अपलोड की तिथि एवं समय :** दिनांक 23.04.2024 को 14:00 बजे के बाद, **04. वेबसाईट का विवरण जिस पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध है :** निविदा IREPS के बेबसाईट पर ऑनलाईन डाला जाना है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया बेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। किसी प्रकार के मैनुअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वा॰)/समस्तीपुर

पीआर/0026/एसपीजे/सीओएमएल/एन/24—25/44

संक्षिप्त खबरें

अगलगी से गेहूं की फसल नष्ट

मुजफ्फरपुर । जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के दो अलग जगहों जगहों पर शुक्रवार को हुई आगलगी की घटना में करीब डेढ़ बिगहा में लगे गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। सुस्ता पंचायत के पागा लक्ष्मी गांव में बिजली की शॉट सर्किट से गेहूं की खेत में आग लग गई। इस घटना में वार्ड संख्या 3 के निवासी रामदरेश सहनी के 15 कट्ठा व दौलत देवी में लगे गेहूं जल कर राख हो गए। वहीं ग्रामीणों की सक्रियता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इधर जांता पंचायत के चौड़ में अचानक आग लग गई, जिससे देवेंद्र राय के करीब सात कट्ठा गेहूं की फसल जल गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक बच्चा खेत के किनारे कुछ जला रहा था। इसी बीच गेहूं की खेत में आग लग गई। वहीं चौड़ में गेहूं कटनी कर रहे मजदूरों ने किसी तरह आग बुझाया।

खोला गया जन शिकायत कार्यालय

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के फकीरा डीह रोड में भाजपा प्रत्याशी. राजभूषण निषाद के युवा समर्थकों की टीम ने नया जनशिकायत कार्यालय का शुभारंभ किया है। इस कार्यालय के माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें लिखित या मौखिक रूप में दर्ज करा सकेंगे। लोकसभा चुनावों के उपरांत, इसी प्रकार के कार्यालयों की स्थापना सभी प्रखंडों में की जाएगी। कार्यालय के सचिव रामपुकार सहनी, अध्यक्ष कृष्णानंद सहनी, और सहयोगी दीपक सहनी एवं सुनैना सहनी ने मिलकर इस पहल की शुरूआत की है। इस कार्यालय के जरिए जनता की समस्याओं का समाधान और उनकी आवाज को बल देने का प्रयास किया जाएगा।

डीएम ने की बीपीएससी की प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात

मुजफ्फरपुर । जिले के समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बीपीएससी के 60 प्रशिक्षु अधिकारियों की टीम से मुलाकात की, जिन्होंने विलेज इमर्शन कार्यक्रम के दौरान गांवों में अपने अनुभव साझा किए। जिलाधिकारी ने गांवों में सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जीविका की दीदियों और अन्य ग्रामीणों के समन्वय की सराहना की। समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में, उन्होंने नई ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ गांवों के विकास को गति देने की बात कही। उन्होंने जीविका के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे दीदी की नर्सरी, दीदी की रसोई, बैग क्लस्टर, समूह, ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघों के कार्यों की प्रशंसा की।डीपीएम अनीशा ने जिलाधिकारी का स्वागत किया और जीविका के संचार प्रबंधक राजीव रंजन, आनंद शंकर, शोभा शाह, अविनाश कुमार, विकास कुमार ने इस बैठक में भाग लिया।

बाइक सवार बदमाशों ने की व्यवसायी से लूटपाट, विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

सामान उधारी नहीं देने पर बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, घायल व्यवसायी सदर अस्पताल में भर्ती

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर एफसीआई गोदाम के पास गुरुवार की रात बदमाशों ने एक सीमेंट-बालू व्यवसायी के साथ लूटपाट की और विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घायल व्यवसायी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यवसायी की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी रामा साह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल व्यवसायी रामा शंकर साह ने बताया कि वह अपने एक साथी के साथ गुरुवार की रात करीब 9 बजे वारिसनगर से भोज खाकर बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जितवारपुर एफसीआई गोदाम के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने जबरन उनकी बाइक को रोककर लिया और लूटपाट करने का प्रयास करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उनकी बाइक की चाभी बाइक से निकालकर फेंक दिया। लूट का विरोध करने पर सभी बदमाशों ने जान मारने की नियत से उन पर हमला कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने उनके पॉकेट में रखा हुआ करीब चार हजार रुपए, गले का सोने का चेन व घड़ी छीन लिया। उनके साथ भोज खाकर वापस लौट रहे उनके साथी सुनील साह के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की और शोर सुनकर जुटे आसपास के लोगों को देख सभी बदमाश फरार हो गए। घायल व्यवसायी ने बताया कि हमलावरों में शामिल एक बदमाश को उन्होंने पहचान लिया है। उसका नाम संतोष कुमार है और वह जितवारपुर चांदनी चौक का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि करीब चार-पांच महीने पूर्व आरोपी उनकी दुकान पर आया था और उधारी सामान मांग रहा था और नहीं देने पर देख लेने की धमकी भी दिया था। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। घटना के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने अवैध रुप से चल रहे मिनी गन फैक्ट्री का सफल उद्भेदन करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थानान्तर्गत मझौलिया के वार्ड नम्बर 4 में मोहम्मद मैदीन के घर में अवैध हथियार का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर 2 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मझौलिया स्थित मोहम्मद मैदीन के घर पर छापेमारी की। जहां से अपने घर में अवैध मिनी गन फैक्ट्री चलाने वाले मोहम्मद मैदीन के पुत्र मुनचुन उर्फ मोहम्मद उमर को अवैध हथियार बनाने के सामानों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस नू मौके से लोहे का बना साइलेंसर बैरल, लोहे का बना गोल फायरिंग पिन छोटा,बड़ा-14,स्पिरिंग छोटा,बड़ा-12, देशी कट्टा-01 ,अर्धनिर्मित लोहे का बना देशी कट्टा-03, कारतूस-03 आदि सामान बरामद किया गया है।

आगन बाड़ी केंद्र 9 पर टीका करण की निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के 14 पंचायत में 16 जगह में ईनरवा ठाहर कंहौली सुक्की चतरा महाराजपुर कसमा मरार तुलसि याही मरुकिया छपराढी उत्तर छपराढी दक्षिण बिरौल लक्ष्मीपुर,वेता ककरघट्टी रसीदपुर एव धुसकीपट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित टीकाकरण सह आरोग्य दिवस संचालित की गयी. इस नियमित टीकाकरण की पर्यवेक्षण सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण, चिकित्सा पदाधिकारी डा. साहिद एकवाल, आरआई नोडल कर्मी उपेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया. सत्र स्थल निरीक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ता का सर्वे एव ड्यू लिस्ट का जांच की गयी. जांच के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये सर्वे कार्यों का अधतन पाया गया.वही आगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र दो इनकार वच्चों की बीमारी की बहाना बनाकर टिका नही ले रहा था, लेकिन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा दोनों वच्चो के अभिभावक को मोबलाइज्ञ कर वच्चों को टिका स्थल पर लाकर टीकाकरण कराया गया.वही सत्र स्थल पर आँगनबाड़ी सेविका, एएनएम,आशा कार्यकताओं को निर्देश दिया कि सर्वे के अनुसार ड्यू लिस्ट तैयार कर 0 से 5 वर्ष के वच्चे एव गर्भवत्ति महिलाएँ को शत प्रतिशत टिका करवाने का निर्देशित किया गया.उन्होंने उपस्थित सभी कर्मी को निर्देश दिया कि एएनसी जाँच, महिला बध्याकरण, पुरुष नसबंदी एव स्थायी एनसी हेतु पर पर्यवेक्षण करने का दिशा निर्देश दिया गया.इस मौके पर आँगनबाड़ी सेविका उर्मिला देवी, एएनएम शामवभी कुमारी एव आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

झंझारपुर लोकसभा चुनावः विपक्षी खेमे में मुकेश सहनी की एंट्री, टिकट फाइनल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी गहमागहमी का माहौल है। जहां एकतरफ भाजपा की नेतृत्व वाली एनडीए अपना दमखम दिखा रही है तो वहीं दूसरी तरफ युवा नेता तेजस्वी यादव मजबूती के साथ चुनाव मैदान में हैं। झंझारपुर लोकसभा की सीट पर एनडीए गठबंधन की तरफ से जेडीयू प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल फिर एकबार अपना किस्मत आजमाएंगे। एनडीए गठबंधन में हुए सीट शेयरिंग फामूर्ले के तहत यह सीट जेडीयू के खाते में गई है और वहीं दूसरी तरफ महागठबंधन की बात करें तो यह सीट अबतक आरजेडी के पाले में था, लेकिन अब झंझारपुर लोकसभा सीट को लेकर एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। राजद सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के मुताबिक महागठबंधन में वीआईपी की एंट्री होने के बाद अब यह सीट वीआईपी को दे दी गई है। मिल रही जानकारी के मुताबिक अब इस सीट पर विपक्ष की तरफ से वीआईपी के प्रत्याशी चुनाव लडेंगे।

अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की सम्भावना, हो सकती है बूंदाबांदी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगर 5दिनों में अधिकतम तापमान के 40डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की सम्भावना है। इस अवधि में आसमान में बादल छाए रहने तथा मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 6 से 10 अप्रैल तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 36.1 एवं 18.3 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 76 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 32 प्रतिशत, हवा की औसत गति 10.8 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 7.2 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 9.2 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 22.5 एवं दोपहर में 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। 6से 10अप्रैल के मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, पूवार्नुमानित अवधि में आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते है तथा मौसम के शुष्क रहने की सम्भावना है। हालांकि 09-10 अप्रैल के बीच उत्तर बिहार के जिलों जैसे बेगुसराई, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा या बूंदा बूंदी हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 37 से 40 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 21 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 11 से 14 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 35 से 45 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि 9-10 अप्रैल के आसपास उत्तर बिहार के कुछ जिलों जैसे बेगुसराय, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण जिलों में हल्की हल्की बूंदा बूंदी की संभावना को देखते हुए कृषि कार्यों में सर्तकता बरतने की आवश्यकता है। तैयार फसलों की कटनी तथा सुखाने का काम सावधानी पूर्वक करें।

साहरघाट थाना को मिला डायल 112 नंबर वाहन, तुरंत पहुंचेगी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मधवापुर साहरघाट थाना को डायल 112 नंबर वाहन उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत इमरजेंसी में सिर्फ 112 नंबर डायल करने पर पुलिस कम समय में स्थल पर पहुंच जाएगी। थाना क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों यथा आपदा, दुर्घटना आदि में बेहतर पुलिसिंग सेवा उपलब्ध हो सकेगी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस वाहन का उपयोग सिर्फ आपातकालीन सहायता के रूप में किया जाएगा।

लोगों को आपदा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस वाहन के लिए थाना के सअनि चंद्रभूषण पांडे एवं एएसआई भरत कुमार यादव अधिकारी प्रतिनियुक्त हुए हैं।

संसार की आसक्ति छुटने के बाद ही श्री राम से होगा प्रेम व अनुराग : रत्नमणि द्विवेदी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सुरौली में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आठवें दिन रत्नमणि द्विवेदी के द्वारा रामवनगमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप की कथा पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक जीवात्मा जन्म जन्मांतर तक परमात्मा की प्राप्ति में लगी रहती परंतु बाजार की भूलभुलाया से उन्हें छुटकारा नहीं मिल पाता है जो उन्हें लक्ष्य से भटका देता है। इसलिए संसार की आसक्ति छुटने के बाद ही श्री राम से प्रेम और अनुराग हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कथा में आने से मानव की सारी चिंता स्वतः समाप्त हो जाती है और अलग से नए आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा भक्ति से प्राप्त होते हैं प्रेम शाश्वत है प्रेम के बिना परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती है उन्होंने राम के प्रति भारत का प्रेम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस संसार में भारत प्रेम का प्रतीक है। मौके पर महा मंडलेश्वर आचार्य श्री श्री 108 श्री राम सेवक दासजी महाराज, रामकुमार सिंह, सोनेलाल महतो, शंकर प्रसाद सिंह, रामकुमार सिंह, सुखदेव प्रसाद सिंह, ललन कुमार, सुरेश कुमार, राम कुमार महतो, अशोक कुमार, रंजीत कुमार सहित हजारों की संख्या में भक्त कथा प्रवचन संकितन से झूमते रहें। मौके पर हजारों की संख्या मे श्रद्धालु नर-नारी जुटे थे। यज्ञ मे हवन संकीर्तन के अलावे रात्रि में रासलीला भी अनवरत जारी है।

बीडीओ ने प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटपरा उत्तर के प्रधानाध्यापक के नाम पत्र निर्गत करते हुए विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान ने 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। जिसमें बताया गया कि विद्यालय के निरीक्षण में पाई गई अनियमितता संबंधी स्पष्टीकरण प्रधानाध्यापक से पूछा गया था। जिसका जवाब प्रस्तुत किया गया। अवलोकन में पता चला कि कार्यालय के पत्रांक 36/मु दिनांक 16 मार्च के माध्यम से पत्र में वर्णित सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मंतव्य के साथ उपलब्ध कराने को कहा गया था। जिसमें आपके द्वारा सिर्फ शिक्षिकाओं पर आरोप लगाते हुए जवाब प्रस्तुत किया गया तथा शिक्षक युगेश्वर साहू का नाम पत्र में छुपाया गया। बताया गया कि शिक्षिका आशा कुमारी, कंचन कुमारी, सुनीता कुमारी उपस्थिति बनाकर अपने मन से विद्यालय छोड़कर चली जाती है। लेकिन आपके द्वारा शिक्षक उपस्थिति पंजी में बिना सूचना अनुपस्थित अंकित नहीं किया गया तथा अनुपस्थित विवरणी में इसकी चर्चा नहीं की गई। न ही आपके द्वारा वेतन स्थगित करने या काटने या इन पर कार्रवाई करने के लिए वरीय पदाधिकारी को अनुशंसा की गई। साथ ही आपके द्वारा कहा गया कि भूलवश आईवीआरएस पर औसत उपस्थिति दर्ज कर दी गई। पिछले एक सप्ताह से आपके द्वारा दर्ज उपस्थिति के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जानबूझकर सही उपस्थिति दर्ज नहीं कर औसत फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई। जबकी किसी भी परिस्थिति में औसत उपस्थिति दर्ज नहीं करना है। निरीक्षण के दिन उपस्थिति पंजी में उपस्थित बच्चों की संख्या 174 थी। जबकि भौतिक उपस्थिति में बच्चों की संख्या मात्र 83 थी। वही आईवीआरएस पर 295 दर्ज है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि जानबूझकर बच्चों के लाभकारी योजना में वित्तीय अनियमितता करना शिक्षक चरित्र के प्रतिकूल प्रतीत हो रहा है। आपके द्वारा जानबूझकर विभागीय निर्देश एवं वरीय पदाधिकारी के आदेशों की अवहेलना की जाती है। स्पष्टीकरण के जवाब के आलोक में अंकित शिक्षकों का निरीक्षण तिथि का वेतन अगले आदेश तक स्थगित की जाती है। तथा पत्र प्राप्ति के साथ 24 घंटे के अंदर आप अपना स्पष्टीकरण दें कि किस कारण आपने अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं किया। अन्यथा उक्त आरोप के साथ-साथ वरीय पदाधिकारी के आदेश के अवहेलना में अग्रेतर कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित की जाएगी।

जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता हासिल कर कुशेश्वरस्थान का नाम किया रोशन

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा। कुशेश्वरस्थान बाजार निवासी व्यवसायी आलोक पौद्दार एवं गृहणी पूनम देवी के पुत्र यश राज ने छठी कक्षा में नामांकन के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय की इंट्रेंस टेस्ट की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। परीक्षा का परिणाम आने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। यश राज स्थानीय बाजार स्थित आजाद मॉर्डन कान्वेंट स्कूल का छात्र है। उनके इस सफलता पर अनेक लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया है। यश नें यह मिसाल कायम किया कि बड़ी सफलता केवल शहरों में नहीं गाँवो में भी हो सकता है। यश ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया। यश दो भाई में अपने माता-पिता का बड़ा पुत्र है। सुपौल से सीएफ क्लासेज से परीक्षा की तैयारी कर सफलता हासिल किया। बधाई देने वालों में विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, अमित पौद्दार, नाना, नानी, मामा सहित बाबा कुशेश्वर सेवा संस्था के कार्यकर्ता शामिल हैं।

कलश शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय भागवत कथा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा / भरवाडा नगर पंचायत स्थित महावीर स्थान मंदिर परिसर मे शुक्रवार से आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा के साथ शुक्रवार को शुरू हुआ। गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभायात्रा मे 251कुंवारी कन्याओ ने भाग लिया। शोभा यात्रा महावीर मंदिर परिसर से निकलकर भगवती चौक, मोदी चौक, बौका चौक, ब्रह्मस्थान, होते हुए नगर परिक्रमा कर पुनः ऐतिहासिक दिग्घी पोखर पर पहुंची। जहा पंडितो ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद पुनः शोभायात्रा कथा स्थली पर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण बाजे गाजे के साथ चलते हुए जय श्री राम के नारे लग रहे थे। मौके पर मुख्य पार्षद सुनील भारती, सूरज गुप्ता, अरुण कुमार यादव, उमेश यादव, राजकुमार महतो, भारत यादव, सिकंदर यादव, सुंदेश्वर यादव, सुरेन्द्र यादव, विनयकांत ठाकुर, रामानंद साह सहित बडी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे। वही शोभायात्रा के बाद वृंदावन से आई कथा वाचिका दिव्यांशी जी। ए भागवत कथा सुनाई।

होली के दिन बर्बाद हुई जिंदगी, दुष्कर्मियों के खिलाफ न्याय नहीं मिलने पर पीड़िता ने खाया जहर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस की लापरवाही से परेशान होकर एक गैंगरेप युवती ने आत्महत्या करने की कोशिश की। गनीमत रही कि घर वालों की नजर उस पर पड़ गई जिस वजह से उसे बचा लिया गया। उसका आरोप है कि आरोपियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी। बिहार पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। होली के दिन एक एक युवती के साथ गांव के ही तीन लड़कों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। थाना में शिकायत करने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इतना ही नहीं गांव के ही कुछ लोग मामले को रफा-दफा करने के लिए पीड़िता पर ही केस होने की बात कहकर डराने लगे। बात से प्रेषण होकर पीड़िता ने जहर खा लिया। हालांकि समय रहते परिवार वालों को इस घटना की जानकारी मिल गई। आननफानन में उसे अस्पताल ले गये, जहां वह फिलहाल खतरा से बाहर है। घटना समस्तीपुर जिला के रोसड़ा थाना क्षेत्र की है। पीड़िता और परिवार पर केस करने की धमकी मिली घटना के संबंध में पीड़ित के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री के साथ होली के दिन गांव के ही राजीव कुमार, राम बाबू पासवान और रोजिया नामक तीन युवकों ने मिलकर सामूहिक रेप किया। इसे मक्का खेत से बेहोशी की स्थिति में बरामद कर घर लाया गया। इस मामले में रोसड़ा थाने में तीनों के खिलाफ आवेदन दिया गया लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इसी दौरान गुरुवार शाम वह गांव से गुजर रहे थे तो कुछ लोगों ने बताया कि आप लोगों पर उल्टा केस हुआ है। जिसके बाद वह घर लौट कर परिवार के लोगों को यह जानकारी दी। यही बात उसकी पुत्री ने भी सुन लिया। इसी बात को लेकर वह टेंशन में आ गई और फसल में डाले जाना वाना फेराटॉल (जहरीली पदार्थ) खा लिया। परिजनों ने जब उसके मुंह से झाग आता हुआ देखा तो उसे लेकर अस्पताल भागे, जहां उसका इलाज कराया गया। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। तीनों आरोपी गांव में घुम रहे हैं और तरह-तरह से धमकी दे रहे हैं। पुलिस पदाधिकारी जांच के नाम पर पल्ला झाड़ रहे

रोसड़ा के अपर थानाध्यक्ष आफताब आलम ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर घटना के दिन ही नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी सभी घर से फरार हैं, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डॉ धर्मशीला गुप्ता ने राज्यसभा में मैथिली भाषा में शपथ ग्रहण करके मिथिला का गौरव बढ़ाया है : जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी ने कहा की,भाजपा की नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद डा० धर्मशीला गुप्ता ने राज्यसभा सदस्य के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकर, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के समक्ष मैथिली भाषा में शपथ ग्रहण करके मिथिला समाज संस्कृति का मान सम्मान और गौरव बढ़ाया है। हम सभी मिथिला वासी डॉ धर्मशीला गुप्ता को अपने मैथिली समाज की ओर से कोटि कोटि बधाई देते हैं। आज डॉ धर्मशीला गुप्ता वार्ड के छोटे से क्षेत्र से निकल कर देश के सबसे बड़े राजनीतिक सदन राज्यसभा तक का संघर्षशील सफर तय किया। आशा और उम्मीद है डॉ गुप्ता मिथिला के विकास के लिए भी सभी आवश्यक पहलकदमी जरूर उठाने का काम करेगी। वहीं भाजपा महिला मोर्चा बिहार प्रदेश महामंत्री मीना झा ने अपने बधाई संदेश में कहा की बहन धर्मशीला गुप्ता ने मैथिली भाषा में शपथ ग्रहण करके हम सभी के सम्मान को बढ़ाया है। डॉ धर्मशीला गुप्ता आज दरभंगा से लेकर दिल्ली तक सबसे तेजी से उभरती हुई राजनीतिक नायिका है। उनसे बड़ी आशाऐं हम सबकी जुड़ी हुई हैं।

संदिग्ध अवस्था में नव विवाहिता का शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के पियर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया है। एक पखवाड़ा पहले ही रीना की शादी हुई थी, और अब उसके परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पीयर थाना अध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि वे परिजनों की शिकायत पर गहन जांच में जुट गए हैं। विवाहिता की पहचान कांटी थाना क्षेत्र के कलबाड़ी गांव की रीना कुमारी के रूप में हुई है, जिनकी शादी बरियारपुर गांव के पिंटू कुमार से 20 मार्च को हुई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूर्वी 2, मनोज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के आरोपों के आधार पर, पुलिस दहेज के लिए हत्या के दृष्टिकोण से भी जांच कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

गौशाला में चल रही है बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

महनार। पिछले 50 वर्षों से महनार में बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौशाला में चल रही है और इस कारण गौशाला का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। वर्ष 1980 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर ने संगत मठ की भूमि पर विद्यालय के भवन का शिलान्यास किया था एवं शर्त यह था कि यदि 20 साल के अंदर भवन निर्माण हुआ तो ठीक है अन्यथा इसके बाद यह भू खण्ड पुनः मठ के नाम वापस हो जाएगा एवं इस प्रकार 2000 में यह जमीन मठ का हो गया क्योंकि इस 20 साल में भवन निर्माण तो दूर एक ईंट भी नही जुड़ सका। शिलान्यास के समय ही तत्कालिक तौर पर पटेल चौक स्थित गौशाला में बालिका उच्च विद्यालय खोल दिया गया जो अभी बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कहलाता है । यहाँ विद्यालय संचालन होने से धीरे धीरे गौशाला की अस्तित्व यहां से समाप्त हो गई। आज भी पुराने लोग इस गौशाला को जानते है इसलिए इस स्थान को गौ लक्ष्मी के नाम से जानते है किंतु न यहां गाय है और न ही उसके रखवाले।

बीस साल से नही आया नागी नकटी के ब्रांच केनाल संख्या 1,2 एवं 3 में एक बून्द भी पानी

मरमम्ती के नाम पर पानी की तरह बहा पैसा ,फिर भी सूखे केनाल को देख कृषक हो रहे पानी पानी

- प्रखंड भर के कृषक 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में ये है प्रमुख मुद्द

प्रात: किरण, संवाददाता, संजय मंडल

गिद्धौर/जमुई जिले के महत्वपुर्ण नागी एवं नकटी जलाशय योजना के जिनोर्धार कार्यो मे वर्ष 2004 से नागी जलाशय योजना के ब्रांच केनाल संख्या 1; 2; 3; 4 का सिचाई विभाग के सिचाई प्रमंडल संख्या दो झाझा के द्वारा गिद्धौर प्रखंड के किसानो की भुमि को सिंचित करने के लिये वर्ष 2004 से लगातार वर्ष 2023 तक करोडो रुपये खर्च तो जरूर किये गये है।लेकिन जिनोर्धार कार्य के नाम पर स्थानिय जनप्रतिनिधियों विभागिय अभियंताओं एवं ठेकेदारो द्वारा जिस तरह से आज तक मरम्मती के नाम पर करोड़ो रुपये की राशि का आपस मे बंदर बांट कर लिया जाता रहा है। उसका कोई दुसरा उदाहरन नही हो सकता। बताते चले की वर्ष 2014 एवं 2015 मे नागी नहर के केनाल संख्या -1, 2 ,3 के जिनोर्धार हेतु सरकार के द्वारा लगभग 3.5 करोड रुपये आवंटित किये गये।लेकिन सिचाई विभाग के अभियंताओं व राजनितिक रसुख रखने वाले संवेदकों के मिली भगत से यह योजना पुनः शुभ लाभ की योजना बन कर रह गई थी। लिहाजा इस प्रखंड के कृषक केनाल संख्या -2,3 एवं 4 से धान एवं गेहूं फसल उपजाने के लिये तक पानी आने का इंतजार लगभग बीस साल से कर रहे है।तो इस बार प्रखंड भर के कृषक इसे लोकसभा चुनावी मुद्दा बना वोट उसे ही करेंगे जो इस महत्व पूर्ण केनाल में पानी धार लाने में सक्षम होंगे। कहते है किसान प्रखंड के कृषक किशोरी यादव,श्रवण यादव,रंजीत कुमार,बिनोद यादव,शुखो रावत,जयकिशोर,सुनिल कुमार,मनोज यादव,दीपक यादव,महेश रावत,भोला यादव,राजीव साह,अभिषेक कुमार,पप्पू चौरसिया,अरविंद सिंह,नरेश यादव सहित दर्जनों कृषक बताते है की वर्ष 1978 से 1982 तक नागी एवं नकटी जलाशय योजना के केनाल संख्या 1, 2 एवं 3 से प्रखंड के अलावे अन्य इलाकों के सैकड़ों कृषकों का लगभग दस हजार एकड भुमि का पटवन हुआ करता था। लेकिन समुचित मरम्मत एवं सिचाई विभाग के अभियंताओं की उदासिनता के कारन यह योजना लुट खसोट का जरिया बन कर रह गया है। उनोह्ने बताया की पिछले वर्ष पूर्व भी केनाल मरम्मती के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये गये। लेकिन न तो केनाल मे बने पक्का इसट्रकचर का जिनोर्धार ही किया जा सका है न ही प्रखंड के किसानो को खेत सिचाई के लिये आज तक एक बुंद पानी ही इस केनाल के द्वारा खेतो तक पहूंच सका है।कृषकों ने बताया की पटवन की इस विकट समस्या व केनाल चालु करवाने को लेकर हम कृषकों ने वर्तमान सांसद से कई वार गुहार लगाई है। पर आज तक इस ओर ध्यान नही दिया गया।जिससे इस इलाके के सैंकड़ों किसान कृषी रोजगार छोड कर अन्य प्रदेशों मे पानी पटवन के आभाव मे रोजी रोटी के जुगत पलायन कर चुके है। जिसकी सुधि आज तक न तो वर्तमान सरकार ने ली है न ही सरकारी तंत्र में बैठे किसी बाबुओं ने ही ली है।लिहाजा इस बार 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में हम कृषकों का यह प्रमुख मुद्दा है।

शिक्षण लेने आये शिक्षकों को नही मिल रहा है शुद्ध भोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

कुक के रवैया से शिक्षक काफी नाराज,हैडवास,साबुन आदि का नही है सुबिधा। शेरघाटी।शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय शेरघाटी में सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों में व्यवस्था को लेकर आक्रोश है। शुक्रवार को शिक्षकों ने बासी सब्जी नाश्ता में पारोसे जाने के बाद आक्रोशित हो गए और प्रबंधन के खिलाफ पत्रकारों के समक्ष अपनी पीड़ा सुनाया। पटना धनरूआ से आए शिक्षक सुमंत कुमार सिंह ने कहा कि हम शिक्षकों को स्वच्छता के लिए शौच से पहले और शौच के बाद साबुन या डिटर्जेंट पाउडर से हाथ धुलने को सिखलाया जाता है। यहां हाथ धुलने के लिए डिटर्जेंट पाउडर तक नहीं है। नाश्ता और भोजन घटिया तरीके का दिया जा रहा है। टंकी में संग्रह जल को पीने के उपयोग में लाया जा रहा है।जिससे समस्या हो रही है नाश्ता भोजन और रात्रि में खाना के अलावा एक चाय भी नहीं दी जाती है। यहां के प्रबंधन दबंगता पूर्ण तरीके से शिक्षकों से व्यवहार कर रहे हैं। शिक्षकों को शिकायत करने पर प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने की धमकी दी जाती है। यह मामला एक बार की नही बल्कि ट्रेनिग में आरहे कई जिलों के शिक्षकों को यह मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इधर ट्रेनिंग में आये शिक्षकों ने बताया कि खाना बनाने वाला कुक से कहा जाता है,तो अभद्रता से बात करता है,और कहता कहि खाना है तो खाइये नही तो जाइये। इस बात को लेकर हम सभी शिक्षकों में काफी आक्रोश है और लगातार हो रहे इस प्रकार के घटना से ट्रेनिंग कर लौट रहे शिक्षकों ने भी काफी समस्या सुनाया था, इधर इस संबंध में बातचीत के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य हेमा कुमारी ने बताया कि इस तरह का कोई मामला नहीं है, थोड़ी सी समस्या आई थी जिसको सुधार कर ली गई है उन्होंने कहा कि पत्राचार के माध्यम से कुक को बदलने की बात की गई है, जो 1 से 2 दिन में वह भी समस्या का समाधान हो जाएगा।

देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय, बनायी चुनावी रणनीति

प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का बैठक संपर्क कार्यालय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई, जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में एक नए समाज का निर्माण करने व व्यवस्था परिवर्तन करने, समाज, देश व क्षेत्र हित के लिए कौन सी गठबंधन, पार्टी, उम्मीदवार उपयुक्त होगा ? उक्त विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। श्री यादव ने कहा कि जो उम्मीदवार अपने चुनावी घोषणा पत्र में देश संविधान लोकतंत्र एकता अखंडता संप्रभुता आपसी प्रेम भाईचारा इंद्रधनुषी तहजीब को बचाने की बात करेगा, जो उम्मीदवार शिक्षा रोजगार की बात करेगा, किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाएं सर्वहारा कमेरा आम जनहित एवं गांव, समाज, क्षेत्र, देश हित का बात करेगा । जो उम्मीदवार फरकिया खगड़िया का सर्वांगीण विकास करने, मक्का दूध केला आधारित फैक्ट्री का निर्माण करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने, गरीब किसान मजदूर का सभी प्रकार का लोन माफ करने, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 6000 रुपए मासिक करवाने, सरकार के सभी योजनाओं को धरातल पर लागू करबाने, भ्रष्टाचार महंगाई निजीकरण बेरोजगारी अन्याय अत्याचार शोषण दमन पर रोक लगाने, धार्मिक उन्माद नफरत सामाजिक बुराई कुरीतियों को को मिटाने एवं महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बात करेगा। जो उम्मीदवार आशा ममता फेसीलेटर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका रसोइया संविदाकर्मियों का सवाल लोकसभा के सदन में उठाने की बात करेगा, चुनावी घोषणा पत्र में दर्ज करेगा, वो खगड़िया एवं केंद्र में राज करेगा, नारों को बुलंद करते हुए वैसे उम्मीदवार को समर्थन सहयोग करने, जीताने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अभियान के उपाध्यक्ष डॉ कमल किशोर यादव, सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, संयुक्त सचिव राम सुचित पासवान, सह सचिव कालेश्वर ठाकुर, मंचन यादव, फरकिया मिशन के महासचिव दिनेश शाह, मधुबाला, प्रवक्ता मुरली रविदास, मनोज कुमार मोहम्मद सुहेल आदि ने भाग लिया।

सड़क बनाने के विरोध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखा पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर /जमुई प्रखंड के कोल्हुआ पंचायत के खड़हुआ गांव में सड़क निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।जिसे लेकर एक पक्ष के विपिन कुमार साव,गिरिश साव,गोपाल साव,गोवर्धन साव,बजरंगी साव,सुरेन्द्र साव,ब्रहमदेव सहित अन्य लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर को शिकायत पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत पत्र में विपिन साव ने लिखा कि मेरे पिताजी 6 भाई हैं गिरीश साव, गोपाल साव, गोवर्धन साव, बजरंगी साव, सुरेंद्र साव, ब्रह्मदेव साव जिसमें की गोपाल साव के द्वारा गोवर्धन साव का घर बनवाने के लिए आगे में जमीन दिया गया ताकि भविष्य में हम लोगों को पीछे में रास्ता मिलेगा। परंतु आज गुरुवार को गोवर्धन साव का पुत्र राज कपूर साव एवं सदानंद साव धमकी और गाली गलौज करता है। गोवर्धन साव घर के पीछे गोपाल साव,बजरंगी साव, गिरीश साव का जमीन है, जिसमें सभी लोग विरोध कर रहे हैं। वही इसे लेकर गुरुवार को जब गोपाल साव रास्ता मांगने की बात कही तो गोवर्धन साव के पुत्र राजकपूर साव के द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।आगे उन्होंने बताया कि इस अवैध रास्ता निर्माण में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल है। इसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सम्मान-समारोह एवं प्रेरणा-सत्र का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा हमें अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। सफलता सिर्फ मनोरथ करने से नहीं, बल्कि उद्यम करने से मिलती है। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कही। वे शुक्रवार को मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र द्वारा आयोजित सम्मान-समारोह एवं प्रेरणा-सत्र में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम केंद्र में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे प्रो. राजकुमार सिंह एवं प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी के सम्मानार्थ और केंद्र में नामांकित विद्यार्थियों को उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि कर्म करना हमारे वश में है, लेकिन उसका फल हमारे वश में नहीं है। इसलिए हमें निष्कामभाव से अपने कर्म-पथ पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने विषय से प्रेम करें और उसमें विशेषज्ञता हासिल करें।

स्वयं ज्ञान एवं कौशल अर्जित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए प्रेरणा एवं अनुशासन की जरूरत होती है। यदि अनुशासन नहीं हो, तो प्रेरणा ज्यादा दिनों तक नहीं टिकती है। इसके विपरित यदि लंबे समय तक अनुशासित होकर कार्य किया जाता है, तो कार्य करने की प्रेरणा हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के सौजन्य से इस केंद्र में विद्यार्थियों को निः शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन मिल रहा है। सभी विद्यार्थी पूरे लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करें और केंद्र में मौजूद सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। यदि आप सफल होंगे, तो वह दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विकास पदाधिकारी प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी एवं प्रो. राजकुमार सिंह दोनों आदर्श शिक्षक हैं। हम सबों को इनके विचारों एवं कार्यों से प्रेरणा मिलती है।

इस केंद्र के विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि उन्हें इतने वरिष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन मिल रहा है। इस अवसर अतिथियों का स्वागत करते हुए एम. एड. विभाग के शिक्षक डॉ. एस. पी. सिंह ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा बीएनएमयू में मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र की शुरूआत की गई है। केंद्र में विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) की व्यवस्था है।इसमें प्रायः युवा शिक्षक कक्षाएं ले रहे हैं, लेकिन कुछ वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा भी समय-समय पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। डॉ. फिरोज अहमद मंसूरी ने कहा कि आज सम्मानित होने वाले शिक्षकों के कार्य एवं व्यवहार हम सबों के लिए प्रेरक हैं। यह खुशी की बात है कि इस केंद्र के विद्यार्थियों को इसके अनुभवों का लाभ मिल रहा है। डॉ. पी. के. पाल ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होगा, जो उनकी सफलता का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यदि कोई व्यक्ति सचमुच अभिप्रेरित है और कठिन परिश्रम करने को तैयार है, तो उसको लक्ष्य प्राप्त करने से कोई भी नहीं रोक सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि शिक्षकों की समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महती भूमिका है। विकसित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह शिक्षित, प्रशिक्षित एवं दीक्षित लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एम. एड. विभागाध्यक्ष डॉ. सी. डी. यादव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि आज सम्मानित होने वाले दोनों शिक्षकों की इस केंद्र के विकास में महती भूमिका है। उन्हें विश्वास है कि आगे भी केंद्र के विद्यार्थियों को दोनों वरिष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन मीलेगा। इससे विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी और विश्वविद्यालय का नाम रौशन होगा। इसके पूर्व अतिथियों को अंगवस्त्रम्, पौधा एवं केंद्र द्वारा प्रकाशित डायरी देकर सम्मानित किया गया।

अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्वक एवं बड़े अदबो एहतराम के साथ पढ़ा

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। हर साल की तरह माह रमजान का आखरी जुमा अलविदा जुमा की नमाज आज 5 अप्रैल को शांतिपूर्वक एवं बड़े अदबो एहतराम के साथ पढ़ा गया। अब मुसलमानों का सबसे बड़ा पाक त्योहार ईदुल फित्र की तैयारियां पूरे सम्मान वो हर्षोउल्लास के साथ मनाने को लेकर शहीद-ए-आजम कमिटी वैशाली के संयोजक-सचिव मो०नसीमअहमद साथ मो०हारून रशीद, मो० दानिस रजा,, हाजी डॉक्टर अनवर आलम सहाब, अख़्तर रजा गुड्डू, मो० आरजू , ओवैदुर रहमान, आरिफ कुरैशी इत्तेयदी ने सामने महा पर्व लोकसभा चुनावों ह्मतदानह्व के मद्देनजर सभी रोजादारो से नम्रता पूर्वक अपील करते हुए कहा कि हमें अपने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के हुस्नो-एखलाक और सदियों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए एकता-भाईचारा को कायम रखकर अल्लाह की रजा के खातिर तीस रोजे रखने का बदला ह्मवादेह्व के मुताबिक खुशियों से भरा इनाम महा पर्व ईदुल फित्र का त्योहार आप्सी भेदभाव को दिल से भुला कर खुशी के साथ मनाना है। ऐसे खुशी बाँटने वाले ईद के त्योहार को आप्सी सौहार्द पूर्वक मनाने हेतु हर चौक-चौराहों, मस्जिद, ईदगाहों के ईर्द-गिर्द जिला प्रशासन द्वारा ईद की नमाज बिना परेशानी सम्पन्न कराने हेतु चौकसी बरते जाने का भरपूर इन्तेजाम किया है, नगर परिषद भी जगह-जगह साफ सफाई इत्तेयदी का भरोसा जताया है। पुनः जिला सचिव नसीमअहमद, डॉक्टर अनवर आलम इत्तेयदी ने जिला वासियों से ईद मुबारक को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर प्रेम-भाव के साथ मनाने का आग्रह किया है।

ईद के अलविदा जुमा की नवाज अदा किया रोजेदारों ने

प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) रमजानूल मुबारक की आखरी जुमाआ अलविदा की नमाज कुमारखंड प्रखंड के सभी मस्जिदों में अकीदतमंदो ने नमाज अदा कर मुल्क की अमन चैन और आपसी भाईचारे के साथ रहने की दुआ मांगी। प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मस्जिदों मसलन विशनपुर बाजार,पुरैनी,पोखरिया,रामनगर महेश, सिकरहटी, मंगरवारा, कुमारखंड, बेला,भतनी, रौता, लक्ष्मीपुर भगवती आदि मस्जिदों में रोजेदारों ने अलविदा जुमआ की नमाज अदा किया। मुस्लिम भाइयों ने मुल्क की अमन चैन, देश की तरक्की और आपसी भाईचारगी की दुआ मांगी। बच्चे ,बूढ़े, घर में और औरतों ने भी अलविदा जुमे की नमाज अदा किया। साथ ही गुनाहों से बचने के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। सुबह से ही मुस्लिम मोहल्ले में साफ सफाई के साथ स्नान कर नए कपड़े पहनकर खुशबू, इतर लगाकर मस्जिदों में 12 बजे दोपहर की आजान से पहले मस्जिदों में पहुंच गए। मस्जिदों में मुस्लिम भाइयो की भीड़ जुटने लगभग आजान के बाद पूरा मस्जिद नमाजियों से खचाखच भर गया। जामा मस्जिद सिकरहटी के शाही इमाम कारी फजलुर रहमान ने कहा बताया कि रमजान की आखिरी जुम्मा को अलविदा कहा जाता है। अलविदा का मतलब विदा होना है। रमजान की सभी जुम्मा में सबसे महत्व अलविदा जुमा को कहा गया है। जो ईमान वाले पहले मस्जिद पहुचते उसे ज्यादा सवाब मिलता है। रमजान माह की 21, 23, 25 ,27, 29 की रातों को शबे ए कद्र की रात कहा जाता है यह रात तमाम रातों से बेहतर रात माना गया है। इस रात में जो भी ईमान वाले रात में जग कर इबादत करते हैं। नमाज पढ़ना, कुरआन पढ़ना, अल्लाह का जिक्र करना, दुआ मांगना अल्लाह अपने खास फरिश्तों को भेजते हैं देखो मेरे इबादत में कौन-कौन बंदा अपने मगफिरत की दुआ मांगते हैं। उस बंदे की सभी गुनाहों को माफ कर देते है। अल्लाह उस वक्त ईमान वाले बंदों के बहुत करीब होता है जब ईमान वाले के करीब होता है तो सभी जायज मांगी हुई दुआ अल्लाह कुबूल करते हैं। वलमा ए कराम ने कहा रोजा में पूरे एहतराम के साथ अदा करना ही रोजा है रमजान माह की अहमियत व फजीलत पर रौशनी डालते हुए कहा कि रोजा रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करना हर बुराई से परहेज रहना रमजान की पूरे माह इबादत में मशगूल रहना रोजेदार तरावीह की नमाज अदा करना ये सभी फजीलत बयान किये। ईमानवाले के लिए रमजान माह का 30 रोजा रखना ईमानवाले के लिए अल्लाह ने बंदे को तीन चीजो से नवाजा है ईमानवाले पर पहला रहमत नाजिल होता है। दूसरा गुनाहों से छुटकारा होता है। तीसरा जहन्नम की आग से छुटकारा मिलता है। इस माह में अल्लाह इमान वालों के लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं ।रमजान महीने के आखिरी अशरा यानी 10 रोजा बचने के बाद एतकाफ में अकीदतमंद मस्जिद में रहकर इबादत के साथ आवाम के लिए दुआ ए मगफिरत करते हैं ।ईद की नमाज से पहले हर मुसलमान को सुबह सादिक से पहले फितरा, सदका साहिबे निसाब के ऊपर देना वाजिब है। जो नहीं निकालते हैं वह गुनहगार होते हैं जिसके पास साढे 52 तोला चांदी, साढे 7 तोला सोना के बराबर दौलत है उसे फितरा, जकात निकालना जरूरी है। सदका निकालना से हर ईमान वाले की जान माल की हिफाजत अल्लाह करते हैं। सदका, जकात, फितरा को यतीम, गरीब, मिस्कीन लोगो के बीच बांटना हर मुसलाना के लिए वाजिब माना गया है। रमजान उल मुबारक की आखिरी जुमआ अलविदा में युवा, बच्चे, बुजुर्ग में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी मस्जिदों में सैकड़ों अकीदमंद ने नमाज अदा कर अल्लाह से दुआ मांगी। ईद का त्योहार शनिवार को होगा।

फांसी लगाकर आत्महत्या

प्रात: किरण संवाददाता

वैशाली । वैशाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरना वार्ड नम्बर02 के पचास वर्ष के अरुण पांडेय ने गतरात्रि अपने घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि खबर मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है ।घटना की जांच की जा रही है ।मृतक कपड़ा बेचने का का काम करता था ।घर पर छोटी सी दुकान के साथ फेरी लगाकर भी कपड़ा बेचने का काम करता था । पत्नी बच्चे सभी रिश्तेदार के यहां गए थे रात्रि में वह घर में अकेले था ।परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है ।

बिहार में होगी नदियों की पढ़ाई व शोध : डॉ सत्येंद्र

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्याल पटना में सेंटर फॉर रिवर स्टडी में एमएससी, एमटेक एवम पीएचडी का नया पाठ्यक्रम शुरू होगी। कुलपति प्रोफेसर शरद कुमार यादव की अध्यक्षता में नदी अध्ययन केंद्र के एकेडमिक सलाहकार समिति की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया।एकेडमिक सलाहकार के रूप में हाजीपुर एस एन एस कॉलेज के जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष व मैन ऑफ वेटलैंड डॉ सत्येंद्र कुमार सहित नालंदा विश्वविद्यालय पटना के पूर्व कुलपति डॉल्फिन मैन पद्मश्री रविंद्र कुमार सिन्हा, इंस्टिट्यूट ऑफ मखाना, भारत सरकार के पूर्व निदेशक मैन ऑफ मखाना डॉ जनार्दन जी, एन आई टी पटना के प्रो विवेकानंद सिंह, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व डायरेक्टर एवं इंडियन डॉल्फिन रिसर्च सेंटर के अंतरिम डायरेक्टर डॉ गोपाल शर्मा, एन आई टी के डॉ संजय कुमार ने बैठक में भाग लिया।

बैठक के बाद डॉ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नदी अध्ययन केंद्र के बैठक में निर्णय लिया गया की नदी अध्ययन केंद्र का नया नाम स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज होगा। बैठक में नदी मॉडलिंग, रिमोट सेंसिंग और जी आई एस एवं जल गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला की भी स्थापना कराए जाने की सलाह समिति द्वारा की गई। केंद्र को उत्कृष्ट बनाने के संदर्भ में एकेडमिक समिति की ओर से विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी व आरक्षी अधीक्षक द्वारा वीवीपैट और ईवीएम वेयरहाऊस का किया संयुक्त निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री हरकिशोर राय द्वारा आज हरिवंशपुर स्थित वीवीपैट / ईवीएम, वेयरहाऊस का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। वेयर हाऊस तक पहुँच पथ को दो दिन के भीतर तैयार कर लेने का निदेश ग्रामीण कार्य प्रमंडल को दिया गया। पुलिस बलों के आवासन, किचेन आदि की व्यवस्था आज शाम तक ही सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। भवन के बाहर और भीतर सभी तल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन को निदेश दिया गया कि वेयर हाऊस में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस कर्मियों का मेडिकल चेकअप करा लें। अग्निशामक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अग्नि सुरक्षा के सारे इंतजाम सुनिश्चित कर लें। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि वेयर हाऊस परिसर और इसके चारों ओर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें और बिजली कटने पर तुरंत जनरेटर चलायें। पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि ईवीएम, वेयरहाऊस का इनवेन्टरी तैयार कर लें एवं परिसर पर प्रवेश करने वाले व्यक्ति के नाम की इंट्री रजिस्टर में निश्चित रूप से करें। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, ईवीएम वेयर हाऊस प्रभारी पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, ईवीएम कोषांग, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, डीपीआरओ आदि मौजूद थे।

युवाओं के सम्मान और स्वाभिमान का ख्याल रखती युवा राजद : अनिता

प्रात: किरण संवाददाता

घैलाढ अनिता कुमारी जिलाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय जनता दल मधेपुरा के द्वारा प्रखंड राजद कार्यालय मधेपुरा में आयोजित संगठन विस्तार कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा का असीम भंडार होता है, उस ऊर्जा को युवा राष्ट्रीय जनता दल के सान्निध्य में सामाजिक उत्थान उत्थान के प्रति लगाने में हम संकल्पित हैं। अनिता ने कहा हमें गर्व है हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव पर जो आजीवन देश विरोधी मनुवादी सामंती ताकतों से गरीबों, शोषितों पीड़ितों, दलितों, वंचितों एवं पिछड़ों के हक-हकूक की लड़ाई लड़े। हमें फक्र है देश के सबसे लोकप्रिय युवा नेताओं में अग्रणी तेजस्वी प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संजीव कुमार जिला प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता युवा राजद मधेपुरा ने कहा कि भ्रष्टाचार जमात पार्टी अर्थात भाजपा एनडीए के लोग एक बार फिर से देश के युवाओं, गरीब-मजदूर किसान भाइयों तथा आधी आबादी हमारी माता-बहनों को जुमला परोस कर सत्ता को हथियाने के फि राक में है। 10 साल के शासनकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने देश में किस प्रकार भीषण महँगाई, बेरोजगारी, तानाशाही, अफसरशाही एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। लोगों का जीना दूभर हो गया है, इसलिए लोकतंत्र, संविधान और देश बचाने, गरीबी मिटाने तथा अमन चैन लाने वाली 2024 के इस लोक सभा चुनाव में हम युवाओं की ज़िम्मेदारी बहुत बड़ी है। एक-एक नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनजागरण में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दें। जिला अध्यक्ष द्वारा नव मनोनीत पदाधिकारी-ललित कुमार जिला उपाध्यक्ष, मुकेश यादव जिला महासचिव, राजा कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष, नितेश कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार प्रखंड महासचिव, सन्तोष कुमार पंचायत अध्यक्ष साहुगढ 1 कार्यक्रम में उपस्थित रीतेश कुमार यादव प्रदेश सचिव, मंजेश यादव प्रखंड अध्यक्ष, राकेश यादव प्रखंड प्रधान महासचिव, विकास विवेक जिला उपाध्यक्ष, डेविड किंग नगर अध्यक्ष छात्र राजद, अमित कुमार, सतीश कुमार,विकास कुमार मृत्युंजय कुमार, आशीष कुमार, शक्ति कुमार आदि ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारी को माला एवं गमछा भेंट कर बधाई एवं शुभकामना दिए। सभी से अनुशासन एवं संगठित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का अपील किया ।

सम्पादकीय

जब बेनीपुरी जी ने बैलगाड़ी से किया था अपना चुनाव प्रचार

ब्रह्मानन्द ठाकुर

मुजफ्फरपुर। प्रखर समाजवादी ,लेखक,पत्रकार रामवृक्ष बेनीपुरी अपने जीवन काल में सोशलिस्ट पार्टी उम्मीदवार के रूप में अपने गृह क्षेत्र कटरा विधानसभा सीट से 1952और 1957 में दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 1952का चुनाव वे हार गये जबकि 1957 में वे कांग्रेस प्रत्याशी से 2640 मतों से चुनाव जीत गये थे।

अपने उस चुनाव प्रचार के बारे में बेनीपुरी जी अपने डायरी के पन्ने मे लिखते हैं, एक सज्जन ने चुनाव -भर के लिए मोटर देने की बात कही थी।शुरू में ही वह मुकर गया। बड़ी चोट लगी। तुरंत तय किया , बैलगाड़ी से ही चुनाव लड़ूंगा। एक मित्र ने हाथी दे दिया था।बस , पूरी लड़ाई बैलगाड़ी और हाथी पर ही लड़ ली गई। बेनीपुरी जी के चुनाव क्षेत्र में पौने दो सौ गांव थे। उनका मानना था कि चुनाव में जनसमपर्क का बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ता है।

बेनीपुरी जी आगे लिखते हैं, मोटर नहीं रखकर मैंने कितना अच्छा किया। इन दो सवारियों (बैलगाड़ी और हाथी)से बेनीपुरी जी ने अपने चुनाव क्षेत्र के पौने दो सौ गांव और टोलों में लोगोंसे अच्छा जनसंपर्क कायम कर लिया। लोगों से अपनापन महसूस किया। वे लोगों से कहते, पिछला चुनाव मैंने हवा गाड़ी पर लगा, इसलिए हवा में ही रह गया। इसबार मैंने जमीन पकड़ी है। कौन पैर उखाड़ सकेगा मेरा?

चुनाव प्रचार के वास्ते खुद के लिए बैलगाड़ी और कार्यकताओं के लिए बेनीपुरी जी ने साईकिल का इंतजाम किया। वे लिखते हैं, छः-सात सौ रुपये देहात के मित्रों से लेकर 30 साईकिल की मरम्मत करा दी।ये 30 कार्यकर्ता जिस ओर चलते ,गांव -गांव से साइकिलों का तांता लग जाता। दो सौ साइकिलें दौडा करतीं। बेनीपुरी जी खुद प्रतिदिन 5-7मील पैदल चलकर मतदाताओं से सम्पर्क करते थे। जिस दौर में बेनीपुरी जी चुनाव लड रहे थे,उस समय की वोटिंग प्रक्रिया आज जैसी नहीं थी। वोटिंग दो -दो,तीन-तीन महीने तक होता था। तब स्थाई मतदान केंद्र भी नहीं होते थे। मत पेटी होती थी। जितने प्रत्याशी ,उतनी मतपेटी। मत पेंटी पर प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह चिपकाया हुआ रहता था। मतदान कर्मी मतपेटियों के साथ गांव में जाते।एक जगह ठहरते और मतदाता अपने पसंद के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह वाले बक्से में अपना वोट डाल देते थे। इसके बाद मतदान कर्मी बक्सा लेकर वापस लौट जाते। फिर दूसरे दिन दूसरे गांव में वोटिंग होती थी। मतदान प्रक्रिया लम्बी होने के कारण प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए काफी समय मिल जाता था। बेनीपुरी जी लिखते हैं, चुनाव प्रचार का हमारा ठाठ बड़ा निराला था। जहां जाते , बैलगाड़ी पर सारा सामान लादे जाते थे। किसी का टूटा -फूटा दालान ले लिया,फर्श लग गई,स्टोव जल उठा, चाय बनने लगी, चुल्हा जला ,हंडा चढ़ा। खाइए ,पीजिए। बीच में हंसी -दिलग्गी ,गाना -बजाना ।बेनीपुरी राजा की तरह।लड़ें और राजा की तरह चुनाव जीत भी गये।उनको जमानत का 250 रुपया भी हाथ-हथफेर से जुटाना पड़ा था जबकि 1952 के चुनाव में बेनीपुरी जी को नगद 5 हजार और 25- 30मन चावल खर्च करने पड़े थे।

कांग्रेस का बोझ हल्का हुआ

मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ और पूर्व पत्रकार एवं राजनेता संजय निरूपम, ये तीन नाम बुधवार से लेकर गुरुवार तक चर्चा में छाए रहे। इस चर्चा के पीछे कारण एक ही है कि तीनों ने कांग्रेस छोड़ दी है। चुनाव के वक्त दल-बदल अब आम बात हो गई है। इसलिए इन तीन लोगों का एक पार्टी को छोड़ना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन लोगों ने कांग्रेस को छोड़ते वक्त जो तर्क दिए, वो बेहद कमजोर हैं। विजेंद्र सिंह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ मूंछों पर ताव देकर कदमताल करते दिखे थे। वे लगातार राहुल गांधी को समर्थन वाले ट्वीट किया करते थे और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तीखी आलोचना किया करते थे। 2019 में विजेंद्र सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्हें दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया था, जहां वे चुनाव हार गए थे। फिर भी कांग्रेस में उन्हें सम्मान के साथ जगह मिली रही। मंगलवार तक भाजपा की खिल्ली उड़ाने वाले ट्वीट विजेंद्र कर रहे थे और कुछ घंटों बाद बुधवार को उन्होंने भाजपा का भगवा गमछा अपने गले में डलवा लिया। इसके बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सो गया और जब सुबह उठा तो मेरे को लगा कि गलत प्लेटफॉर्म पर हूं।

भारतीय जनता पार्टी में आइए और यहां से सही दिशा में जाएंगे। उनके इस बयान का अब खूब मजाक भी उड़ रहा है कि सोकर उठने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे गलत पार्टी में हैं। लेकिन यहां मजाक से परे एक गंभीर सवाल यह है कि चार साल तक जिन्हें भाजपा सरकार की गलतियां नजर आती रहीं, एक रात में ऐसा क्या हुआ कि विजेंद्र सिंह ने पाला बदल लिया। विजेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और जब महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके लिए इंसाफ की मांग विजेंद्र सिंह ने भी की। लेकिन अब भाजपा में जाने के बाद विजेंद्र सिंह का मानना है कि भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान-सम्मान मोदी सरकार में आने के बाद मिला है। विजेंद्र सिंह सोकर उठते ही भाजपा में नहीं गए, बल्कि उनके विचार भी रातों-रात बदल गए।

वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए।

गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चैनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं। उन्होंने तब भी राहुल गांधी के लिए कहा था कि श्री मोदी को राहुल गांधी ही चुनौती दे सकते हैं, उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। अब गौरव वल्लभ का कहना है कि उन्हें सनातन के विरोध में नारे लगाने वालों से आपत्ति है और साथ ही जिस तरह वेल्थ क्रिएटर्स यानी देश को समृद्ध करने वालों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वो भी उन्हें सही नहीं लगता।

गौरव वल्लभ के दिए इन कारणों को सुनकर साफ समझ आता है कि उन्हें जातिवार जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की सोच से तकलीफ हो रही है। सवर्णों के दबदबे वाली मानसिकता अक्सर ऐसी तकलीफ की शिकायत करती है, क्योंकि उसके मुताबिक देश की पूंजी और अवसरों पर अधिकार जताने की आजादी निचले तबकों को नहीं है। कांग्रेस में पूर्व सांसद संजय निरूपम को भी तकलीफ हो रही थी और वे लगातार पार्टी के विरोध में बयान दे रहे थे। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष ने छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। मगर गुरुवार को उन्होंने जिस तल्खी के साथ अपनी बातें रखीं, उनसे समझ आता है कि वे भी जल्द ही एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। संजय निरूपम पहले शिवसेना में थे, बाद में कांग्रेस में गए और इस बीच पत्रकारिता करने के साथ-साथ वे बिग बॉस जैसे रियलटी शो का हिस्सा भी बने। 2014 और 2019 में कांग्रेस की टिकट पर उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और दोनों बार हार गए, लेकिन तीसरी बार वे उत्तर-पश्चिम मुंबई से अपने लिए टिकट चाहते थे, जबकि यहां महाविकास अगाड़ी में शामिल शिवसेना के नेता अमोल कीर्तिकर को टिकट मिली है। अगर संजय निरूपम को टिकट मिल जाती तो शायद उन्हें कांग्रेस के राम मंदिर पर लिए गए स्टैंड या उसकी संरचना और कार्यप्रणाली से तकलीफ नहीं होती। लेकिन अब संजय निरूपम बता रहे हैं कि कांग्रेस में एक नहीं पांच शक्ति केंद्र हैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और के सी वेणुगोपाल और इन सभी का नाम लेते हुए बेहद अभद्र टिप्पणियां संजय निरूपम ने की हैं। दो दिन में तीन लोगों के कांग्रेस छोड़ने को भाजपा समर्थित पत्रकार कांग्रेस में भगदड़ की तरह पेश कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कांग्रेस कितनी कमजोर हो चुकी है। कांग्रेस के अंत की अनंत भविष्यवाणियां की जा चुकी हैं और शायद आगे भी होती रहेंगी। लेकिन हकीकत ये है कि जिन तीन लोगों ने अभी कांग्रेस छोड़ी है, वे खुद हारे हुए नेता रहे हैं, किसी का मजबूत जनाधार नहीं रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ह्लस्वह्न का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है।

प्रह्लाद सबनानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (अक्टोबर-दिसम्बर 2023) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ह्लस्वह्न का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है। उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष 1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अतः स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है।

भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर (119 बिलिनियर) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर (97 बिलिनियर) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है। एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13, 000 से 14, 000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32, 000 से 33, 000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है। इस दृष्टि से भारत को अभी बहुत आगे तक जाना है और यह केवल आर्थिक विकास की औसत दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आसपास बनाए रखने से ही सम्भव होगा। इस प्रकार भारतीय नागरिकों में अपनी औसत आय को विकसित देशों की तुलना में बेहतर करने की अभी बहुत गुंजाइश है और यह भावना भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाए रखने में सहायक होगी। दूसरे, भारत में तकनीकी क्षेत्र विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की दर बहुत प्रभावकारी है, डिजिटल क्षेत्र में तो भारत आज पूरे विश्व को ही राह दिखाता नजर आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा। आज अमेरिका एवं कनाडा में निवासरत एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय मूल के नागरिक वापिस भारत आकर बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं क्योंकि अब अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर उन्हें आकर्षित कर रही है। उन्हें आज भारत में अधिक आय अर्जन के अतिरिक्त साधन उत्पन्न होते दिखाई दे रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, लगभग 38, 000 भारतीय जो अमेरिका में सूचना

पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन टूटा

किसान आन्दोलन से घबरा कर अकाली दल ने भाजपा से संबंध तोड़ लिया ।अकाली दल को लगा कि पंजाब भाजपा के खिलाफ किसान आन्दोलन के नेताओं के साथ हो लिया है ।ऐसी स्थिति में भाजपा के खिलाफ खड़ा होना हाराकिरी करने के समान होगा । लेकिन अकाली दल का आकलन कम से कम इस मुद्दे पर गलत था कि पंजाब किसान नेताओं के साथ है । 2022 के विधानसभा चुनावों में किसान आन्दोलन में से उपजी नई पार्टी संयुक्त किसान मोर्चा के सभी लोगों की जमानत जब्त हो गई । दरअसल किसान मोर्चा एक बहुत ही कुशल रणनीति और मैनेजमेंट के कौशल में से पैदा हुआ था । इस कौशल ने शून्य तो उत्पन्न करने की कोशिश की, लेकिन इस कौशल के नेताओं को जन नेता नहीं बना सका । केजरीवाल को कुछ देसी विदेशी शक्तियां 2014 में से ही राष्ट्रीय रंगमंच पर लाँच करने का प्रयास करती रही थीं । अलबत्ता वहां तो सफलता नहीं मिली, लेकिन पंजाब में जरूर सफलता मिल गई । वैसे भी किसान आन्दोलन में सक्रिय कम्युनिस्ट कैडर ने आम आदमी पार्टी की सहायता की थी । भारतीय जनता पार्टी वोटों और सीटों के मामले में वहीं पहुंच गई जहां वह अकाली दल से गठबन्धन से पूर्व हुआ करती थी । वोट प्रतिशत लगभग छह सात के बीच और सीटें शून्य से आठ के बीच ।

कुलदीप चंद अग्निहोत्री
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

पंजाब में अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी लम्बे अरसे से मिल कर चुनाव लडे के आदी हो गए थे। इतिहास में देखा जाए तो मिलने-टूटने का यह सिलसिला 1967 के विधानसभा चुनावों के बाद ही शुरू हो गया था। बीच-बीच में मन-मुटाव भी हुआ लेकिन अब पिछले तीन दशकों से आपसी गठबन्धन ठीक-ठाक ही चल रहा था। किसान आन्दोलन से घबरा कर अकाली दल ने भाजपा से संबंध तोड़ लिया। अकाली दल को लगा कि पंजाब भाजपा के खिलाफ किसान आन्दोलन के नेताओं के साथ हो लिया है। ऐसी स्थिति में भाजपा के खिलाफ खड़ा होना हाराकिरी करने के समान होगा। लेकिन अकाली दल का आकलन कम से कम इस मुद्दे पर गलत था कि पंजाब किसान नेताओं के साथ है। 2022 के विधानसभा चुनावों में किसान आन्दोलन में से उपजी नई पार्टी संयुक्त किसान मोर्चा के सभी लोगों की जमानत जब्त हो गई। दरअसल किसान मोर्चा एक बहुत ही कुशल रणनीति और मैनेजमेंट के कौशल में से पैदा हुआ था। इस कौशल ने शून्य तो उत्पन्न करने की कोशिश की, लेकिन इस कौशल के नेताओं को जन नेता नहीं बना सका। केजरीवाल को कुछ देसी विदेशी शक्तियां 2014 में से ही राष्ट्रीय रंगमंच पर लाँच करने का प्रयास करती रही थीं। अलबत्ता वहां तो सफलता नहीं मिली, लेकिन पंजाब में जरूर सफलता मिल गई। वैसे भी किसान आन्दोलन में सक्रिय कम्युनिस्ट कैडर ने आम आदमी पार्टी की सहायता की थी। भारतीय जनता पार्टी वोटों और सीटों के मामले में वहीं पहुंच गई जहां वह अकाली दल से गठबन्धन से पूर्व हुआ करती थी। वोट प्रतिशत लगभग छह सात के बीच और सीटें शून्य से आठ के बीच। वैसे इस चुनाव में भाजपा को दो सीटें और 6.6 फीसदी वोट मिले थे। सबसे ज्यादा नुकसान अकाली दल को हुआ। सीटें तीन। जहां तक वोट प्रतिशत का सवाल है अकाली दल को 18.38 प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन सबसे ज्यादा लाभ आम आदमी पार्टी को हुआ जिसने 117 सदस्यों की विधानसभा में से 92 सीटें झटक लीं। इस नए राजनीतिक माहौल में कांग्रेस और अकाली दल में भगदड़ मचना लाजिमी थी। लेकिन आश्चर्य की बात थी कि कांग्रेस और अकाली दल छोड़ कर लोग भाजपा में आने लगे और कुछ महीने पहले तक एक बार फिर अकाली-भाजपा गठबन्धन की चर्चा चल निकली। इसलिए जल्दी में फिर से एक लघु किसान आन्दोलन खड़ा हो गया। अकाली दल फिर घबराहट में आ गया। दरअसल पंजाब में किसान आन्दोलन अकाली दल को डराने-हडकाने का एक कारगार हथियार बन चुका है। अकाली दल इसको देख कर वैसी ही प्रतिक्रिया करता है जैसी किसान आन्दोलन के आयोजकों को आशा होती है। कहीं न कहीं इससे पंजाब में शासन कर रही पार्टी की हित साधना भी होती है। कहा जाता है और धरातल पर दिखाई भी देता था कि पिछले किसान आन्दोलन में पंजाब की उस समय की शासक पार्टी की प्रत्यक्ष ही भागीदारी थी और इस बार के किसान आन्दोलन में आम आदमी पार्टी की सक्रिय भागीदारी देखी जा सकती है। परिणाम वही हुआ। अकाली दल गठबन्धन की बातचीत से बाहर हो गया। यह ठीक है कि इसमें सीटों की संख्या भी एक मुद्दा रहा होगा लेकिन जिस कारक ने अकाली दल को गठबन्धन के राऊंड टेबल से हड़बड़ाहट में उठा दिया, वह किसान आन्दोलन ही था। इस गठबन्धन की बात सिरे न चढे से सबसे ज्यादा खुशी शायद भाजपा के कार्यकर्ता को ही हो रही है। भाजपा के साधारण कार्यकर्ता को लगता है कि अकाली दल से गठबन्धन के कारण पंजाब में पार्टी का विकास रुकता है। यह ऊपर से देखने पर ठीक लगता है। लेकिन वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। दरअसल पंजाब में भूगोल के आधार पर पांच भाग हैं। मालवा, बाँगर, पुआध, दोआबा और माझा। भाजपा का आधार मोटे तौर पर ह्यपुआधह्न क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर रहता है, जहां उसका मुकाबला अकाली दल से नहीं बल्कि कांग्रेस से होता है। पंजाब का दूसरा हिस्सा जहां भाजपा का कुछ आधार है वह बाँगर क्षेत्र है जो राजस्थान से लगता है। वहां भी उसका मुकाबला कांग्रेस से ही होता है। भाजपा का कुछ आधार जीटी रोड के शहरों में है और वहां भी उसकी प्रतिद्वन्द्वी पार्टी कांग्रेस होती है, अकाली दल नहीं। पंजाब में भाजपा की प्रगति न होने के अन्य बीसियों कारण हैं जिसमें जनसांख्यिकी प्रमुख है, लेकिन उसमें कम से कम अकाली दल नहीं है। पिछले कुछ अरसे से नरेन्द्र मोदी की रणनीति के चलते पंजाब की जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कार्य विस्तार के प्रयत्न शुरू किए हैं। इस कार्य विस्तार के दो ही तरीके हैं। पहला नीचे धरातल पर कैडर निर्माण किया जाए और उसमें से नेतृत्व उभरे। यह लम्बा तरीका है और चुनाव सिर पर हैं। दूसरा तरीका है कि पंजाब की जनसांख्यिकी को ध्यान में रखते हुए उसी के अनुरूप नेतृत्व खड़ा कर लिया जाए और उसकी सहायता से कैडर निर्माण किया जाए। फिलहाल पंजाब में भाजपा ने यह दूसरा तरीका ही इस्तेमाल किया है। अन्य दलों से अनेक नेता भाजपा में आ रहे हैं। रवनीत बिट्टू नया चेहरा है। लेकिन उससे बहुत पहले कांग्रेस-अकाली दल से आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। मनप्रीत सिंह बादल उनमें बड़ा चेहरा था। अकाली दल के वरिष्ठ नेता सिकन्दर सिंह मलूका की पुत्रवधू परमपाल कौर सिद्धू ने तो भारतीय प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र दे दिया है। उसकी चर्चा है कि वह भाजपा में शामिल हो रही है।

मुश्किल वैश्विक हालात में कंपनियों की बढ़ती चुनौतिया

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, श्रम और विचारों के आदान-प्रदान पर पाबंदी में ढील उच्च आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्त्रोत थी। परंतु, इस समय चार ऐसी बातें या चुनौतियां हैं जो इस वैश्विक अर्थव्यवस्था को हानि पहुंचा रही हैं। दुनिया के देशों के बीच जुड़ाव एवं संपर्क बढे से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होती है वहीं, अलगाव से जीडीपी कमजोर पड़ता है। चीन का प्रभाव कम करने के लिए संरक्षणवाद के खिलाफ आवाज उठाना नीति-निर्धारकों के हित में है। दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच वित्तीय एवं गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए अपने संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा कर उनमें सुधार करना आवश्यक है। वे जब तक इस मोर्चे पर कदम आगे नहीं बढ़ाएंगे, तब तक वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर कारोबार नहीं कर पाएंगे। आइए, अब हम उन चार चुनौतियों पर विचार करते हैं। वर्ष 2018 से हम तीसरे वैश्वीकरण के दौर में आ गए हैं। इस तीसरे वैश्वीकरणङ्ग में विकसित देशों के साथ उन देशों का आर्थिक जुड़ाव अधिक कठिन हो गया है जो विदेश नीति एवं सैन्य मामलों में उपयुक्त एवं संतोषजनक स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। दूसरे वैश्वीकरण के दौरान यह तर्क दिया गया था कि रूस और चीन जैसे देशों को वैश्वीकरण के ताने-बाने में शामिल किए जाने के लाभ बाद में नजर आएंगे क्योंकि ये देश स्वतंत्रता की तरफ सावधानी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन यह गलत साबित हुआ। प्रत्येक अल्प विकसित देश को संपन्नता एवं स्वतंत्रता की तरफ बढे में कई पीढिों तक संघर्ष करना पड़ा है। लेकिन तृतीय वैश्वीकरण के पक्ष में दिए जा रहे तर्क में वजन दिख रहा है। दूसरा अहम बिंदु है कार्बन सीमा शुल्क (कार्बन बॉर्डर टैक्स)। कई लोग कार्बन सीमा शुल्क को संरक्षणवाद से जोड़कर देख रहे हैं जिसे उचित नहीं माना जा सकता। यूरोपीय उपभोक्ताओं ने ज्यादा कार्बन के इस्तेमाल से तैयार उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करने का समझौता किया है। यूरोपीय कार्बन सीमा समायोजन ढांचा (यूरोपीय कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) से आशय संरक्षणवाद से नहीं है बल्कि इसका संबंध यूरोप में उत्पादन या इसकी सीमा से बाहर होने वाले उत्पादन के बीच समान अवसर बहाल करना है। सैद्धांतिक स्तर पर देखें तो यह आयात पर मूल्यवर्धित कर (वैट) की तरह है, जो व्यापार में बाधा पहुंचाए बिना घरेलू नीति (वैट दर तैयार करने की नीति) तैयार करने की गुंजाइश प्रदान करता है। कार्बन उत्सर्जन कम करने के मामले में चीन भारत से आगे है। चीन में कुल ऊर्जा उपभोग में अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 33 फीसदी तक हो गया है और यह तेजी से विकास कर रहा है। भारत की कमजोर ऊर्जा नीति भारतीय वस्तुओं के निर्यात को कमजोर कर देगी। तीसरा पहलू चीन से जुड़ा है। चीन की अर्थव्यवस्था गहरे दबाव में रही है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2013 से सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है (चीन को आधुनिक बनाने के तंग श्याओ फिंग के प्रयासों को उन्होंने पलट दिया है)। नीतिगत स्तर पर अंध राष्ट्रवाद, बाहर के लोगों के प्रति शत्रुता और निजी क्षेत्र के लोगों के खिलाफ सरकार की दमनकारी नीतियां पांव पसार रही हैं। ऐसे और कुछ अन्य कारणों से चीन की आर्थिक वृद्धि उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। पूर्व में चीन के नीति निर्धारकों ने ऋण मुहैया कर, आधारभूत ढांचे पर व्यय बढ़ाकर और निर्माण क्षेत्र पर ध्यान देकर अपनी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का प्रयास किया है। परंतु, वर्तमान समय में इन उपायों का इस्तेमाल करना कठिन हो गया है। ऐसा लग रहा है कि अब निर्यातकों को व्यवस्था के स्तर पर सब्सिडी देने का प्रयास किया जा रहा है (यह जिस रूप में किया जा रहा है वैश्विक व्यापार उसकी अनुमति नहीं देता है)। वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का विशेष योगदान है इसलिए उसका व्यवहार दूसरे देशों पर बड़ा असर डाल सकता है। वर्तमान समय में निर्यात पर सब्सिडी देने से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कई छोटे प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में एक विदेश नीति तैयार करना आवश्यक है जिसके माध्यम से विकसित अर्थव्यवस्थाएं चीन के साथ संवाद कर सकें। इन तीनों व्यवस्थागत समस्याओं के बाद एक चौथी समस्या भी है। विभिन्न देश व्यापार नीति पर मनमाने ढंग से कदम उठा रहे हैं। ये कदम अक्सर गलत दिशा में जाते हैं। द जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स ऐंड ट्रेड/ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) प्रक्रिया काफी पहले खत्म हो गई है। लगभग रोज ही उदार नीतियों एवं विचारों के लिए नए खतरे पैदा हो रहे हैं। डिजिटल सेवाओं पर वैश्विक सहमति बनाने की दिशा में व्यवधान पैदा करना ऐसा ही एक उदाहरण है। इस बात की संभावनाएं (40 फीसदी) बढे लगी है कि डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले चुनाव में जीत सकते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024

संक्षिप्त खबरें

देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

इसुआपुर। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सहवां गांव में छापेमारी कर परमेश्वर मांझीं के घर से 5 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। वहीं धंधे में शामिल उनके पुत्र दशरथ मांझी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापेमारी दल में पुलिस बल के साथ एलटीएफ छविनाथ यादव तथा एएसआई मुकेश गिरि थे।

मतदाता जागरूकता को लें स्कूटी रैली का आयोजन आज

छपरा कार्यालय। लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला में विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियों द्वारा लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही महिलाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली जायेगी। यह रैली प्रातः 7 बजे राजेन्द्र स्टेडियम छपरा से प्रारंभ होकर नगरपालिका चौक के रास्ते सरकारी बस स्टैंड गोपेश्वर नगर होते हुये पुनः राजेन्द्र स्टेडियम में समाप्त होगी। जिलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद होंगे।

जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 11 मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान किया गया

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 06 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 05 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

आपसी मारपीट में एक घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदर गांव निवासी ईमाम हुसैन पिता मोहम्मद जासिम द्वारा आपसी विवाद को लेकर कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने पर मशरक थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमे कहा गया है कि मैं चार अप्रैल को शाम लगभग पांच बजे चालिस आरडी बाजार से बाजार कर अपने घर लौट रहे थे, उसी क्रम में बाजार से निकलते ही आजाद आलम, अफसर आलम, भोला आलम, सलामुद्दीन आलम सभी पिता मैफु मियां ने मुझसे से गाली गलौज एवं मारपीट किए, मारपीट के क्रम में उन लोगों के द्वारा चालिस हजार रुपए एवं सोना का चैन छीन लिया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

विधि मंडल चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर हुई बैठक

छपरा कोर्ट। विधि मंडल चुनाव 2024 को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी एवं पीठासीन पदाधिकारी उपस्थित थे। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह मीडिया प्रभारी शंकर मोहन सिंह ने बताया कि मतदान हेतु कुल(6) छह बुथ बनाई गई है। दो बुथ दारोगा प्रसाद पुस्तकालय में और शेष चार बुथ ताईद खाना में बनाया गया है। प्रत्येक बूथ पर 300 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी एवं पीठासीन पदाधिकारियो को नियमों का पालन शक्ति से करने का सुझाव दिया। बूथों पर अत्यधिक भीड़ न हो इस पर कड़ी नजर रखनी है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ईवीएम की सुरक्षा एवं रख रखाव का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपनिर्वाचन पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति न्यास कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा कार्यालय डाक बंगला रोड प्रसाद पेट्रोल पंप के सामने वैदिक मंत्रोचार के साथ शुभारंभ किया गया। वैदिक आचार्य श्री कुणाल मिश्रा आचार्य चंद्रभान त्रिपाठी, पंडित अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक, आचार्य आयुष मिश्रा आचार्य राजू रंजन तिवारी अरुण तिवारी पंडित अशोक मिश्रा वैगरह ने किया। मुख्य यजमान लक्ष्मी नारायण गुप्ता महापौर, सियाराम सिंह , अवध किशोर मिश्रा, ने भगवान राम एवं हनुमान जी की प्रतिमा का पूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छपरा शहर के आम से लेकर खास गन्यमान्य लोगों की उपस्थिति रही ।पूरा परिसर जय श्री राम के नारों से गूंजायमान होता रहा ।रामनवमी के शुभ अवसर पर 17 अप्रैल बुधवार प्रातः 8:00 बजे शोभा यात्रा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति किया गया है । 9 अप्रैल मंगलवार को सनातन नव वर्ष का शुभागमन के अवसर पर पूरे छपरा शहर को लाखों भगवा ध्वज से सजाया जाएगा। संध्याकालीन सवा लाख दीप प्रज्वलित कर नववर्ष का उत्सव मनाया जाएगा । धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया है कि आप अपने घरो और पास के मंदिरों में कम से कम पांच दीप अवश्य जलाएं। नव वर्ष के दिन प्रज्वलित करने से आपके घर में सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। हमारे शास्त्रों में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ब्रह्मा के सृष्टि का पहला दिन माना गया है । श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति न्यास के द्वारा 9 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ , नवाह रामायण पाठ संध्याकालीन 5:00 बजे भगवान श्री राम का नेत्रों मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ शिव पार्वती मंदिर दधिचि नगर दहियावां(टाउन थाना चौक से दक्षिण) में किया जाएगा । मंदिर परिसर में प्रतिदिन संध्या 5:00 बजे सामूहिक आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन संध्या 6:00 बजे से 10:00 बजे रात्रि तक चलेगा।

कार्यालय का उद्घाटन के अवसर पर प्रभु राम के सेवक लक्ष्मी नारायण गुप्ता महापौर ने बताया शोभा यात्रा का उद्देश्य हिंदू संस्कृति , संस्कार के द्वारा हिंदू जागरण कर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करना है। कार्यालय के माध्यम से भगवा ध्वज, अंग वस्त्र बैच, पट्टा पट्टी एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है जो सेवा शुल्क लिया जाता है उसे शोभायात्रा में खर्च किया जाता है। शोभा यात्रा संबंधी किसी भी प्रकार जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जाती है। 9 अप्रैल को भगवान श्री राम एवं हनुमान जी का नेत्रों मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शिव पार्वती मंदिर में किया जाएगा। 15 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में जो भी भक्त अपना सहयोग करना चाहे कार्यालय पर दे सकते हैं। 17 अप्रैल को शोभायात्रा डाक बंगला रोड से प्रारंभ होकर रामराज्य चौक, शाकंभरी देवी माता मंदिर, शिव पार्वती मंदिर टाउन थाना चौक साहेबगंज शिव मंदिर चौक, सोनार पट्टी, कटहरी बाग हनुमान मंदिर, मेवा लाल चौक, मौना चौक, साडा ढाला कचहरी स्टेशन देवी मंदिर जोगणिया कोठी, नगर निगम चौक श्री नंदन रोड राजेंद्र सरोवर, बस स्टैंड कोनिया माई , दरोगा राय चौक, दुर्गा मंदिर भगवान बाजार चौक, पंच मंदिर होते हुए राजेंद्र कॉलेज मोड, गुदरी बाजार, ठक्कर मोड़ , अन्नपूर्णा मंदिर बूटी मोड़ धर्मनाथ मंदिर दौलतगंज, रथ वाली दुर्गा जी कटरा बाबा मनोकामना नाथ मंदिर, नई बाजार शिव मंदिर होते हुए कार्यालय पर पहुंचेगी। आप समस्त छपरा वासी तन मन धन से सहयोग करें और सभी कार्यक्रम में सपरिवार अपने इष्ट मित्रों के साथ सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बने।

मशरक के सिउरी में पिकअप में लदी 116 बकरी बरामद, जांच में व्यापारी की निकली

प्रात: किरण संवाददाता

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के सिउरी गांव में पुलिस 112 की टीम ने शक के आधार पर पिकअप को पीछा कर जप्त कर दिया और मशरक थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पिकअप में 116 पीस बकरियां लदी हुई थी। वही जांच पड़ताल में पिकअप पर लदी बकरी गोपालगंज जिले के दिघवादुबौली गांव निवासी निहाल खां की बताई गई। मामले में ग्रामीणों ने बताया कि थाना पुलिस 112 की टीम लखनपुर गोलम्बर पर खड़ी थी, उसी दौरान गोपालगंज की तरफ से आ रही पिकअप तेजी से पानापुर की तरफ भागने लगी, पुलिस ने शक के आधार पर पीछा करते हुए सिउरी गांव में पिकअप को जप्त किया, वही एक को खदेड़कर हिरासत में ले लिया गया। मौके पर जांच पड़ताल में बकरी गोपालगंज के व्यापारी की निकली। व्यापारी ने बताया कि 29 पीस बकरी पिकअप से ग्रामीणों के द्वारा लूट ली गई है।

लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने वाहनों का लिया तलाशी

प्रात: किरण संवाददाता

मशरक (सारण) लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस और अर्द्धसैनिक बल ने कमर कस लिया है। महाराणा प्रताप चौंक पर शुक्रवार को डीएसपी अमरनाथ के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने वाहनों को रोक-रोककर तलाशी ली। पुलिस टीम व अर्धसैनिक बलों के जवानों ने चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों से आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली ।

साइबर ओलंपियाड मे बीके केजी के बच्चों का परचम

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छानिय ब्रजकिशोर किंडरगार्टन के छात्र-छात्राओं ने 25 वीं नेशनल साइबर ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के छात्र प्रियम कुमार और अग्रज श्रीवास्तव को गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन मिला है। जयेश, आयरा तौसीफ, रिशु प्रकाश, आराध्या कुमारी, सुफीयान अहमद, सिदरा खान, सानुराज सिंह, अथर्व कश्यप, शुभम कुमार, अर्णव प्रकाश, रुचि रंजन, अनन्या गुप्ता, रिया कुमारी, आलोक रंजन रॉय, पलक प्रिया और अनुष्का रंजन को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस मिला। कुल मिलाकर विद्यालय के अठारह छात्र-छात्राओं ने नेशनल साइबर ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मेडल जीतने पर ब्रजकिशोर किंडर गार्टन के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया।

जुमातुलविदा: रमजान का अंतिम जुमा होने के कारण मस्जिदों में उमड़ी भीड़

- जुमातुलविदा पर रोजेदारों ने मांगी मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। पवित्र माह रमजान के अंतिम जुमा (जुमातुल विदा) की नमाज जिले की तमाम मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गयी. रोजेदारों ने जुमा की दो रेकत फर्ज अदा करने के साथ ही हर खास-व-आम के हक में दुआ किया और मुल्क के अमन और तरक्की की खास तौर से दुआएं मांगी. अलविदा-अलविदा की सदाओं से रोजेदारों के आँखें नम हो गयीं और रमजान के जाने का गम तमाम रोजेदारों पर साफ तौर से नजर आने लगा. जमातुल विदा में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए मस्जिद के इंतेजामिया ने जानेमाज, चटाई, दरी, टेंट आदि की विशेष व्यवस्था किया था. इस के बावजूद मस्जिदों में नमाजियों के लिए जगह की कमी महसूस की गयी. पहली अजान के साथ ही मस्जिदों में रोजेदारों के आने का सिलसिला शुरू हुआ और नमाज के पहले तक जारी रहा. तमाम मस्जिदों के इमाम व खतीब ने रमजान की फजीलत और इस की अहमियत बयान किया और लोगों को रमजान के बाद भी परहेज और नमाजों की पाबन्दी करने की तलकीन की. मौके पर उन्होंने ने कहा कि रमजान इंसान को परहेजगार और मुत्तकी बनाता है. काजी-ए-शहर मौलाना वलीउल्लाह कादरी ने कहा कि जुमातुल विदा भी आम जुमा की तरह है इस का भी सवाब दीगर जुमा की तरह ही है. लेकिन ये जुमा रमजान के आखरी अशरे में होता है. इस लिए इसकी अहमियत बढ़ जाती है. शहर के करीमचक, खनूआ, साहेबगंज, छोटा तेलपा, बड़ा तेलपा, रौजा, दहियावां, नई बाजार, भगवान बाजार, गड़हीतीर, कटरा, गुदरी, नबीगंज, जालालपुर, ब्रह्मपुर सहित कई मुहल्लों समेत जामा मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. रमजान के आखरी जुमा के कारण बड़ी तादाद में बुजुर्ग व बच्चों ने भी रोजे रखे और मस्जिद में आकर नमाज अदा की. जामा मस्जिद में मौलाना नेसार अहमद मिस्बाही, खनूआ मस्जिद में मौलाना अब्दुल कादिर, मौला मस्जिद में मौलाना जाकिर, शिआ मस्जिद में मौलाना सैयद मासूम रजा, बड़ा तेलपा में मौलाना रज्जबुल कादरी, इमली मुहल्ला मस्जिद में मौलाना साबिर कासमी आदि ने अपने खुतबों में रमजान के विदा होने पर कहा कि नेकी बटोरने के महीने के गुजरने पर नेक बंदों को दुख होता है.

महिला समिति की 21वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। प्रभूनाथ नगर के शिव शक्ति मंदिर के प्रांगण में महिला समिति की 21वीं वर्षगांठ दमयंती देवी की अध्यक्षता में मनाई गई। महिला समिति की अध्यक्ष द्वारा समिति द्वारा किए गए जनहित के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि नारी शक्ति के अधिकारों को जागृत करने एवं महिलाओं के उत्थान के बारे जानकारी दी और कहा कि छोटी छोटी जगह पर महिलाओं को एक जूट होकर अपनी छोटी-छोटी बचत से बड़े बड़े सामाजिक कार्य करने चाहिए ।सभी कोएवं गरीब महिलाओं को विशेष मदद पहुंचाने असमर्थों को तथा गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करने को लेकर पुणे संकल्प लिया गया साथ ही शहर के अन्य मोहल्ले में भी नारी शक्ति की सशक्तिकरण को बढ़ाने पर अध्यक्षता द्वारा बताया गया कि गया समिति द्वारा राष्ट्रीय स्त एवं प्राकृतिक आपदाओं में सहयोग राशि भेजें जाने पर समिति को प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्र निर्गत कर धन्यवाद दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से कांति कुमारी शिवमणि देवी माला सिन्हा देवी सिंह देवी देवी मंजू सिंह शीला सिंह संगीता सिंह पूनम राय कुमुद तिवारी इंदु तिवारी वीणा शर्मा शैल देवी प्रभावती देवी आशा देवी सहित दर्जनों महिला उपस्थित थीं।

अपराधियों के खिलाफ चलाए गए दो दिवसीय अभियान में कुल 96 अपराधी हुए गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। लोकसभा चुनाव को लेकर सारण पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है, वाहन चेकिंग भी जोरों पर चल रही है, इस अभियान में बड़े पैमाने पर अपराधियों की भी गिरफ्तारी हो रही है, और वाहन मालिकों से जुमार्ना की राशि भी वसूला जा रहा है। सारण एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सारण पुलिस द्वारा जिला भर में बुधवार एवं गुरुवार को चलाए गए अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान में कुल 96 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिसमें आर्म्स एक्ट, डकैती कांड, हत्या के प्रयास, खनन कांड, उत्पाद कांड, पुलिस पर हमला एवं अन्य कांड के अपराधी शामिल है। पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान में कुल 404500 वाहन मालिकों से जुमार्ना स्वरूप पर सुला गया है। जबकि अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान में 6044481 रुपए वाहन मालिकों से जुमार्ना के रूप में वसूला गया है। इसके अलावा 11926 घन फिट बालू भी जप्त किया गया है। अवैध खनन में कुल 11 मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 19 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी हुई है, इसमें 23 वाहन भी जप्त किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सारण पुलिस लगातार अपराधिओं के खिलाफ अभियान चला रही है, इसी क्रम में गौरा थाना अंतर्गत डकैती का वांछित अपराधी लाल बाबू नोट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। यह अपराधी 8 वर्षों से फरार चल रहा था। स्थानीय उसरी कला इसुआपुर का निवासी बताया गया है, इनका अपराधी रिकॉर्ड भी रहा है। सारण पुलिस ने दरियापुर कांड का भी उद्वेदन कर दिया है, जिसमें एक अपराधी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी रेल चक्का फैक्ट्री के तीन नंबर पुल के पास से एक बाईक पर सवार दो अपराधी द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर नितेश कुमार पिता वीरेंद्र राय ग्राम ढोगहा इमाम दरियापुर से 20000 रुपए नगद एक मोबाईल लूट की घटना का अंजाम दिया गया था। इस मामले में दरियापुर थाना कांड संख्या 163/24 दर्ज कर अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अपराधी के निशान देही पर लूटी गई मोबाई ल बरामद कर लिया गया है, और अन्य की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है ।जबकि स्थानीय माझी पुलिस की तत्परता से एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

इसुआपुर से गायब दोनों किशोरी बरामद

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के सिसवां गांव से एक सप्ताह पूर्व गायब हुई दोनों किशोरियों को इसुआपुर पुलिस ने बरामद कर लिया है। दोनों को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात थाना क्षेत्र के बाबनमुरा गांव के गोपाल मल्लिक के पुत्र झन्टू मल्लिक के घर से बरामद किया गया। वहीं झन्टू मल्लिक को भी गिरफ़्तार कर इसुआपुर लाया गया। बरामद लड़कियों को शुक्रवार को 164 के बयान के लिए छपरा कोर्ट भेज दिया गया। मामले के उद्भेदन के मुताबिक पिछले 27 मार्च को दोनों किशोरियों को इसुआपुर थाना क्षेत्र के केरवां तक्थ गांव के कामाख्या राय के पुत्र विनय राय के इस इशारे पर छपरा से एक किन्नर के माध्यम से बंगाल के गतव्य स्थान तक आर्केस्ट्रा में काम करने के लिए पहुंचाया गया था। इस धंधे में शामिल विनय राय तथा झन्टू मल्लिक को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं इस मामले में विनय राय के पिता कामाख्या राय को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मुंबई में गूंजा रेडियो मयूर का नाम

इंडिया ऑडियो सम्मिट 2024 में जीता बेस्ट शो का अवार्ड

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। इंडिया ऑडियो सम्मिट मुंबई, के दूसरे संस्करण में रेडियो मयूर 90.8 त्र्ह्ट को बेस्ट शो का अवार्ड दिया गया । यह अवार्ड कम्युनिटी रेडियो सेगमेंट में रेडियो मयूर ने जीता । रेडियो मयूर द्वारा निर्मित एक खास प्रोग्राम ₹टेक सखी₹ जो की महिलाओं के डिजिटल सुरक्षा को ध्यान में रख कर बनाया गया था, जिसमें महिलाओं को ऑनलाइन फ्रॉड, इंटरनेट पर सेक्सुअल हैरेसमेंट, सोशल मीडिया फ्रॉड के प्रति जागरूक किया जाता है, यह अवार्ड उसी प्रोग्राम को मिला । रेडियो प्रोग्राम , आउटरीच गतिविधि तथा सामुदायिक भागीदारी को ध्यान में रखते हुए ये अवार्ड दिया गया । अवार्ड शो मुंबई के नोवोटेल इंटरनेशनल होटल में 4 अप्रैल की शाम में आयोजित किया गया। टेक सखी कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुष्मिता पल्लवी , आउटरीच कॉर्डिनेटर फ्ख रजत, कंटेंट टीम श्वेता , संजना और कविश गिरी सभी ने जी जान से मेहनत की है इस प्रोग्राम को बेहतर बनाने के लिए । इंडिया ऑडियो सम्मिट में हर साल देश भर के ऑडियो जगत के दिग्गजों को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाता है । इसमें कई कैटेगरी में पुरस्कार दिए जाते हैं । देश के बड़े बड़े नामों के बीच रेडियो मयूर छपरा का नाम आना और अवार्ड जीतना सारण के लिए गौरव की बात है। स्टेशन हेड अभिषेक अरुण कहते हैं कि, कम्युनिटी रेडियो सेगमेंट में बेस्ट शो का अवार्ड मिलना एक बड़ी बात है , वो भी तब जब आप देश भर के दिग्गजों के बीच हों । हमारी टीम बहुत मेहनत करती है और जब ऐसे अवार्ड मिलते हैं तो सभी सदस्यों का मनोबल बढ़ता है , हम समुदाय के व्यवहार को परिवर्तित करने का प्रयास करते रहेंगे ।

नगरा में सड़क पर गिरे पेड़ से टकराकर बाइक सवार घायल

नगरा ।थाना क्षेत्र के ग्रामीण बैंक के समीप नगरा पटेढ़ा मुख्य पथ पर गिरे पेड़ से टकराकर एक बाइक पर सवार दो युवक गिरकर घायल हो गए.उक्त घायल युवक कोपा थाना क्षेत्र के सम्हौता गांव निवासी कृष्णा यादव का पुत्र सूरज कुमार तथा शोभनाथ यादव का पुत्र छोटू कुमार बताया जाता है.वहीं कादीपुर पंचायत के सरपंच तम्मन्ना आलम ने घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से निजी चिकित्सक के पास उपचार कराया.यहां बताते चले की उक्त पेड़ जून 30 में ही आधी तूफान में गिरा हुआ था जिसे विभाग के द्वारा सड़क पर गिरे पेड़ का निकले हुए टहनी को कटवा कर कोरम पूरा का सड़क पर आधा गिरा हुआ पेड़ यह कहकर छोड़कर चल दिए की स्थानीय लोग कटवाकर हटवा लेंगे,लेकिन अभी तक कुछ सड़क पर पेड़ रह गया है जिससे लगातार हादसे का निमंत्रण दे रहा है.इस पेड़ से दर्जनों बाइक सवार टकराकर चोटिल हो चुके है।

प्रमंडलीय आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमंडल के सभी जिलों के साथ की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। आगामी समय में कई त्योहारों का आयोजन होने जा रहा है, साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया भी जारी है। इसलिये सभी जिले पूरी सजगता एवं सतर्कता के साथ विधि व्यवस्था को बनाये रखने हेतु कार्रवाई करें। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा सरवनन एम ने कहीं। वे आज सारण प्रमंडल के सभी जिलों के साथ त्यौहारों के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर बैठक कर रहे थे। बताया गया कि आने वाले सप्ताहों में ईद, चैती नवरात्रा, चैती छठ एवं रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार हैं। इसके साथ ही लोकसभा आम चुनाव भी प्रक्रियाधीन है। इसलिये सभी जिलों को चौकस रहते हुये विधि व्यवस्था को बनाये रखना है। सभी स्तरों पर शांति समिती की बैठक आहुत करने को कहा गया। आसूचना संकलन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। सभी जिला, अनुमंडल एवं अन्य स्तरों पर नियंत्रण कक्ष को कारगर ढंग से क्रियाशील रखने को कहा गया। पूर्व की घटनाओं को ध्यान में रखते हुये उसके अनुरूप पूर्व तैयारी एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया ।जुलूस के लिये पूर्व से निर्धारित लाइसेन्स की अनिवार्यता का अक्षरशः अनुपालन का निदेश दिया गया। लाइसेन्स में निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया ।ईद की नमाज के समय यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने हेतु कार्रवाई का निदेश दिया गया। चैती छठ के अवसर पर सभी छठ घाटों का भौतिक सत्यापन स्थानीय पदाधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। घाटों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, रोशनी की व्यवस्था तथा एसडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुये किसी भी तरह के अफवाहजनक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

आग की चिंगारी से दो दर्जन से अधिक झोपड़ी नुमा मकान जल कर हुआ नष्ट

प्रात: किरण संवाददाता

एकमा। स्थानीय प्रखंड के पारसा दक्षिणी पंचायत के भुधरी गांव के दलित बस्ती में अचानक आग लगने से दो दर्जन से अधिक झोपड़ी नुमा मकान जलकर नष्ट हो गई । घटना का कारण बताया जाता है कि सभी पीड़ित परिवार मजदूरी करते हैं सभी के घरों में सुबह खाना बनाकर खेत में गेहूं काटे चले गए थे तभी दिन के करीब 12:00 बजे अचानक आग लग गई।

इसकी जानकारी जब पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी को मिला तो उन्होंने एकमा थाने व अंचलाधिकारी को सुचना दिया। सुचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड कि गाड़ी ने पहुंचकर मोर्चा संभाला लेकिन पछुआ हवा इतनी तेज थी कि तब तक सभी का घर जल कर नष्ट हो गई। साथ-साथ करीब एक दर्जन से अधिक दुधारू गाय व बकरी आग के चपेट में आने से झुलस गए। घर में रखे अनाज कपड़ा लता भी जल कर राख हो गई। घटना स्थल पर पहुंचे थाना अध्यक्ष उदय कुमार सीओ राहुल शंकर एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धुमल ने घटना कि जानकारी लिया ।इसके पश्चात मुखिया एवं सीओ को पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद करने के लिए कहा। इस दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह रंजन सिंह अन्य लोगों ने पहुंचकर पीड़ित से मिलकर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मदद करने के लिए आश्वासन दिया। सुनील कुमार पंडित(राष्ट्रीय सहारा): घटना की जानकारी लेने पहुंचे एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धुमल ने पीड़ित से मिलकर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए हर संभव मदद करने कि बात कही ।

संक्षिप्त खबरें

दो वारंटी गिरफ्तार, जेल

दिनारा(रोहतास): दिनारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी शंकर सिंह एवं सरल सिंह को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के विरूद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था।

पुलिस ने 27 हजार रुपये वसूला जुर्माना

दिनारा(रोहतास): दिनारा थाना की पुलिस वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के तीनों चेकपोस्ट पर लगातार सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। उसी क्रम में दिनारा थाना की पुलिस ने वाहन चालकों से 27 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल की है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा वाहन जांच के दौरान सीट-बेल्ट,हेलमेट,डिक्की,ड्राइविंग लाइसेंस,ऑनर-बुक सहित अन्य विंदुओं पर जांच की जा रही है। जो निरंतर चलते रहेगा।

दो नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

राजपुर(रोहतास): राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जिस मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार,दूसरा नामजद आरोपी फरार,गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में जुटी पुलिस। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बारे में बताया जाता है कि राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो नाबालिग से दो लोगों ने किया दुष्कर्म। जिस मामले में अलग -अलग दोनों पीड़िता नाबालिग के परिजनों ने स्थानीय थाना में दोनों आरोपी के विरुद्ध अलग-अलग कांड दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि कांड दर्ज कर मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए दुष्कर्म मामले के एक नामजद आरोपी थाना क्षेत्र के कपसियां निवासी मुगुन सिंह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कपसियां गांव के बधार से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि उक्त मामले में दूसरा नामजद आरोपी छोटू सिंह अभी फरार चल रहा है, लेकिन बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक नाबालिग 11 वर्ष और दूसरा नाबालिग 08 वर्ष की बताई जाती है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया नए सत्र की शुरूआत

बिक्रमगंज(रोहतास): शुक्रवार को नए सत्र की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या कुमारी प्रिया समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने मिलकर यज्ञ,हवन व भजन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्या द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र- छात्राओं तथा सभी गैर शैक्षणिक कर्मचारियों पर पुष्प वर्षा कर नए सत्र की सफलता के लिए आशीर्वचन एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि नए सत्र 2024-25 में हम सभी मिलकर एक नई ऊर्जा, उत्साह,उमंग, जोश, तपस्या और तकनीकी से अपने बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे और विकसित भारत के निर्माण हेतु विकसित भारत के भविष्य का निर्माण करेंगे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं,छात्र-छात्राओं से प्राचार्या ने सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों का सहयोग भी प्रार्थनीय है। अगर शिक्षक और अभिभावक दोनों मिलकर कम करें, तो हमारे बच्चे निश्चित रुप से सर्वोच्चता को प्राप्त करेगें। अंत में शांति पाठ किया गया तथा सभी को तिलक लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

जोरावरपुर में तरावीह की नमाज सम्पन्न

काराकाट(रोहतास): काराकाट प्रखंड स्थित जामा मस्जिद जोरावरपुर में खत्म तरावीह के अवसर पर समारोह आयोजित कर तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज-ए-कुरान शेख साकिब साहब को सम्मानित किया गया। साथ ही अकीदतमंदों ने अपनी हैसियत के अनुसार हाफिज-ए-कुरान को नजराने पेश किए। मस्जिद के सेक्रटरी कल्लन खान और जिलानी खान के नेतृत्व में देर रात तक चले कार्यक्रम में हाफिज साकिब साहब को फूल मालाएं पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया और सामूहिक रूप से लगभग इकतालीस हजार रुपये का नजराना पेश किया गया। इस अवसर पर इमाम साहब ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग दिन के तालीम को हासिल करने पर जोर दें, दिन के तालीम से मुसलमान भाई दूर होते जा रहें हैं। इसे कायम कीजिए रमजान के बचे हुए आखरी अशरे में खूब इबादत कीजिए, रोजा रखिए, नमाज पढ़िए, गरीब असहायों की मदद कीजिए। रमजान का पवित्र महीना बड़ी रहमतों व बरकतों का हैं। इसे पूरे अकीदत के साथ निभाइए। मौके पर साजिद खान, सोएब उर्फ पुट्टू खान, राजा खान, असगर खान, रुमी खान, गुफरान खान, सादिक खान, अरबाज खान, उनैब खान, तफज्जुल खान, आकिब खान एवं बड़ी संख्या में नमाजी उपस्थित थें।

लोरीबांध गोली कांड का तीन दिनों के अंदर किया खुलासा

● आरोपी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट पुलिस ने लोरीबांध गोली कांड का तीन दिनों के अंदर खुलासा कर दिया। आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। काराकाट थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने प्रेसवार्ता कर बताया कि लोरीबांध गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह पिता रामपुकार सिंह के घर पर 2 अप्रैल को गोलीबारी की घटना हुई थी। इस मामले में एक नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया था। मामले के छानबीन के दौरान घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगा। जिसमे नामजद आरोपी जमुआ टोला निवासी विकेश कुमार पाण्डेय लोरीबांध गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह के घर पर गोली चलाते साफ साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी इससे पहले भी कई हत्या की प्रयास जैसे कांड में जेल जा चुका है। वहीं कुछ दिन पहले आरोपी द्वारा काराकाट थाना के गेट पर चढ़ कर पुलिस पदाधिकारियों को धमकाने और गाली गलौज करने जैसे घटना का अंजाम दिया गया था। रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार इस मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। जिसमें अपर थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार के नेतृत्व में पु.० रोहित कुमार, मिथलेश कुमार राम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी का एक विशेष टीम की गठन किया गाय। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के संभावित ठिकाने पर छापेमारी करते हुए तीन दिनों के अंदर ही उक्त घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक बुलेट बाइक, एक मोबाइल के साथअभियुक्त को गिरफतार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को गहन पूछ-ताछ कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर पहले भी काराकाट थाना में आर्म्स एक्ट, हत्या की प्रयास का मामला दर्ज है, जिसमे जेल भी जा चुका हैं। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसको लेकर अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था तथा शांति-व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए गिरफ्तार अभयुक्त को जिला से बाहर के जेल में भेजने के लिए वरीय अधिकारियों से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र से कांड में फरार चल रहे अपराधकमीर्यों के धर पकड एवं गिरफतारी के लिए लगातार विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम समता विचार मंच के तहत बाबूजी जगजीवन राम का मनाया गया 117 वी जयंती समारोह

प्रात :किरण संवाददाता

आरा : भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम समता विचार मंच के तहत बाबूजी जगजीवन राम जी के पैतृक आवास ग्राम चंदवा में 117 वी जयंती समारोह धूम धाम से मनाया गया जिसमे बाबू जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं कार्यक्रम में उनकी जीवनी पर विभिन्न वक्ताओं के द्वारा प्रकाश डाला गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बाबू जगजीवन राम समता विचार मंच के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ने बाबूजी के संघर्ष के बारे में अपने विचारो को रखा तथा श्रम मंत्री रहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों विशेष कर श्रमिको के लिए न्यूनतम पारिश्रमिक तथा कार्यवधि का निर्धारण किया जिसका फल आज भी श्रमिको के उत्थान में एक अहम भुमकी निभा रहा है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक राम, राजी अहमद, संतोष पाण्डेय, अमित दिवेदी, रवि कुमार, जयमंगल राम, सुरेंद्र राम,काशी जी, संजय जी, अंचल कुमार, रामेश्वर राम, महेश, आशीष, राजेश, आदित्य, ऋतु राज एवम ग्राम चंदवा के गणमान्य लोगों की उपस्थी दर्ज हुई

8 दिवसीय भागवत कथा का पूज्य श्री विधि शरण देवाचार्य महाराज वृंदावन मथुरा के द्वारा किया आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

आरा /-आरा के गोविंद अपार्टमेंट में 8 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस भागवत कथा का आयोजन गोविंद अपार्टमेंट निवासी समाजसेवी विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया है। आयोजक विजय सिंह ने बताया कि 8 दिवसीय भागवत कथा में पूज्य श्री विधि शरण देवाचार्य जी महाराज वृंदावन मथुरा के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। इस आयोजन में रोजाना प्रातः पूजन और संध्या प्रवचन का आयोजन हो रहा है।आदिकाल से माना जाता है कि जहां भगवान भागवत की कथा का आयोजन किया जाता है वहां आसपास की धरती और वातावरण शुद्ध हो जाता है। रोजाना भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। आयोजन अगले 4 दिनों तक चलेगा। अंतिम दिन पूणार्हुति के साथ भव्य भंडारे का आयोजन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कथा का वाचन कर रहे मथुरा वृंदावन के कथावाचक पूज्य श्री विधि शरण देवाचार्य जी महाराज ने गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्री कृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। 7 संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। प्रवचन के दौरान उन्होंने आगे कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है तब तक भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। आचार्य ने भक्तों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का रसपान हर व्यक्ति को करना चाहिए। कथा में मनीष सिंह, राजीव सिंह, इंजिनियर धीरेन्द्र सिंह, किशोर पाठक, रणविजय जी, अनिल श्रीवास्तव, रमेश ठाकुर, राजीव रंजन सिंह अजय सिंह रंजीत सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

भोजपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 117 वीं जयंती समारोह

प्रात :किरण संवाददाता

आरा : भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री देश के जाने-माने दलित नेता स्वर्गीय जगजीवन राम जी की 117वीं जयंती समारोह भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय शहीद भवन पर धूम-धाम और उल्लास के साथ भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में मनाया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि स्वर्गीय जगजीवन राम जी गरीबों एवम दलितों के बड़े नेता थे वावजूद देश के सभी वर्गों में इनकी समान ख्याति थी। इन्होंने गरीब परिवार से राजनीति शुरू करते हुए बिना किसी विरासत के खुद के संघर्ष के बल पर उप प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया था। इनका अपना खुद का असाधारण व्यक्तित्व ही था कि देश ही नही बल्कि पूरा विश्व इन्हें बाबूजी के नाम से पुकारता था। जयंती समारोह में अशोक राम, रजी अहमद, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, संतोष पांडेय, बिजली बाबा, सुनील साह, उदय राम, रबिन्द्र तिवारी, सूरज प्रकश, रवि प्रकाश प्रो. अरुण सिंह, बिहारी सिंह, अक्षय सिंह सहित निम्नलिखित पार्टी पदाधिकारी, कांग्रेसी कार्यकर्ता एवम आमजन शामिल हुए।

रोहतास में विवाहित महिला की हुई मौत, तफ्तीश में जुटी पुलिस

प्रात :किरण संवाददाता

रोहतास। जिले नारायणपुर में ससुराल पक्ष ने विवाहिता की मारपीट कर हत्या कर दी। मृतीका चेनारी थानाक्षेत्र के नारायणपुर के सरोज शर्मा की 30 वर्षीय पत्नी रीना देवी बताई गई। सूचना पर पहुंची चेनारी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला के शव को सौंपने के साथ पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है। सदर अस्पताल सासाराम के चिकित्सक पंकज कुमार ने बताया कि चेनारी थाना की पुलिस ने महिला कि शव को लाया था। जिसे पोस्टमार्टम कराकर महिला के शव को सौंप दिया गया है। मृतीका महिला रीना देवी के भाई ने बताया कि उसके बहन के ससुराल पक्ष ने मारपीट कर हत्या कर दी। पहले भी ससुराल के लोग शराब पीकर मारपीट करते थे। अंततः उसकी बहन रीना देवी की हत्या कर दी गई। बताया की चेनारी थानाक्षेत्र के नारायणपुर के सरोज शर्मा से उसके बहन रीना की शादी हुई थी।

रोहतास में नानी के श्राद्ध क्रम में आए 10 वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

रोहतास जिले की करगहर थानाक्षेत्र के सिरिसियाँ गाँव स्थित एक पोखरा में डुबने से एक बच्चे की मौत हो गई है। मृतक आदित्य कुमार बक्सर जिले के मुरार गाँव के सोनू कुमार का पुत्र है जो अपने नानी के श्राद्ध क्रम में राजेंद्र गुप्ता के घर रोहतास के सिरसियाँ गाँव आया था। जहां बच्चों के साथ वो नहाने के लिए तालाब में चला गया था। नहाने के दौरान दो से तीन बच्चे डूबने लगे वही आदित्य बचाने के लिए गया तो इसकी भी डूबने से मौत हुई है। किसी तरह तीन बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से बाहर निकल गया। वहीं जब तक आदित्य को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से घटना की सूचना अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को दिया गया। इसके बाद घटनास्थल पर थाने के पुलिस और सीओ पहुंचे। इसके बाद बच्चे के शव को तत्काल करगहर के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है।

रोगी कल्याण समिति एवम पंचायत के बुद्धिजीवी जागरूक व्यक्तियों की एक बैठक संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

आरा : जमिरा अतारिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोगी कल्याण समिति एवम पंचायत के बुद्धिजीवी जागरूक व्यक्तियों की एक बैठक संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता स्थानिय जिला पार्षद सह स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष श्री धनंजय कुमार सिंह और संचालन आरा सदर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी प्रकाश कुमार ने किया। बैठक में जिला पार्षद के द्वारा केंद्र में उपलब्ध सभी सुविधाओं का निरिक्षण किया तथा स्थानिय नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना तथा उपस्थित चिकित्सक एवम कर्मचारीयों को त्वरित संज्ञान लेते हुये आवश्यक कार्यवाई करनें के लिये निदेश दिया। उन्होंनें कर्मचारीयों की समस्याओं को भी सुनतें हुये उनके सामाधान के लिये भी पहल किया। उक्त अवसर पर धनंजय ने बताया कि लगातार प्रयास करते हुये जिला परिषद के प्रस्ताव पर ही केंद्र के लिये न्ये भवन का निर्माण संभव हो पाया था। तत्पश्चात बहुत दिनों से इस केंद्र पर महिलाओं का प्रसव कार्य संभव हो पाये ईसके लिये प्रयास कर रहा हूं और इसी क्रम में आज यह बैठक आयोजित की गयी है जिसमें प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रसव कार्य के लिये आवश्यक सभी बिंदुओं पर स्वास्थ्य कमीर्यों के साथ गहन विचार -विमर्श कर के मानव बल सहित प्रसव कार्य में दक्ष कर्मियों के बीच कार्यों का बंटवारा किया। उन्होनें कहा कि इसी महिनें के आखिरी हफ्ते से प्रसव कार्य प्रारम्भ करनें के लिये आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर धनंजय यादव ने कहा कि प्रखंड सहित समस्त जिलें के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव कार्य सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है, उसके लिये जिला परिषद के तरफ से भी यथासंभव सहयोग कराने का कार्य करुंगा। जमिरा में जिला परिषद के फंड से भी पुरुष एवम महिला वार्ड का निर्माण कराया है। उन्होंने रोगी कल्याण समिति को तत्काल प्रभाव से भंग करके न्यी समिति के गठन का भी प्रस्ताव पारित कराया। बैठक में जिला परिषद के सदस्य, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी, अतिरिक्त प्रा स्वा केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी के साथ ही साथ प्रखंड एवम केन्द्र के स्वा कर्मी, रोगी कल्याण समिति के सदस्य गण, पंचायत के बुद्धिजीवीगण एवम भारी संख्या में जागरूक नौजवान साथीगण शामिल हुये।

मोहनिया में मनाया गया संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती

प्रात :किरण संवाददाता

कैमूर: मोहनिया डाडवा मोहनिया स्थित दशरथ प्रसाद गुप्ता के मकान में मनाया गया संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती। श्री भामाशाह राष्ट्रीय सेवा ट्रस्ट के द्वारा साहू समाज के सौजन्य से संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती समारोह जिसका अध्यक्षता विनय बहादुर गुप्ता उर्फ गुड्डू ने किया जिसका संचालन श्याम सुंदर गुप्ता के द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैरिज ब्यूरो साहू संघ सरगुजा जिला संयोजक ईश्वर चंद्र साहू एवं पंडित दीनानाथ एवं विशिष्ट अतिथि कैप्टन त्रिवेणी शाह दशरथ प्रसाद गुप्ता, राम प्रसाद गुप्ता एवं महेंद्र प्रसाद गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर चंद्र साहू ने कहा कि माता कर्मा साहू समाज की कुलदेवी यदि कोई मन से ठान ले तो निश्चय ही हासिल करके रहता है। जैसे भक्त के बस में भगवान माता कर्मा ने खिचड़ी लेकर भगवान की भोग लगा रही थी लेकिन जाकर देखी तो खिचड़ी इस तरह था उसने कहा कि जब तक खिचड़ी खा नहीं लेते तब तक मैं भी नहीं खाऊंगी अंत में भगवान को खिचड़ी का भोग लगाना पड़ा और प्रत्येक दिन श्री कृष्णा बाल रूप में माता कर्मा के यहां खिचड़ी खाने आते थे। और श्री साहू ने कहा कि गरीब परिवार की बच्चियों के शादी में 21000 का सहयोग राशि एवं साहू छात्रावास में एक भवन में जितना राशि लगेगा वह सहयोग करेंगे वही पंडित दीनानाथ ने कहा कि माता कर्मा जब भगवान को खिचड़ी खाने के लिए मजबूर कर सकती है तो हमारे समाज हमारे समाज एकजुट होकर अपना अधिकार को हासिल कर सकते है। आज सोचने की बात है कि हमारे साथ कितना बड़ा अन्याय हुआ जब माता कर्मा मंदिर में खिचड़ी लेकर जा रही थी तो पुजारी के द्वारा उन्हें बाहर फेंक दिया गया। अंततः श्री कृष्ण ने खिचड़ी खाने के लिए बाहर आ गए। जब पुजारी ने मंदिर में देखा तो भगवान श्री कृष्णा नहीं थे। बाहर भारी भीड़ लगी हुई थी जहां माता कर्मा उनको बाल रूप में साक्षात खिचड़ी खिला रही थी। वही बिंदा लाल गुप्ता ने कहा कि आज हमें एकजुट नहीं रहने के कारण बहुत शोषण सहना पड़ा राणा प्रताप को महाराणा बनाने वाले भामाशाह इतिहास से विलीन हुए क्यों तेली समाज को अछूत कहा गया जहां मैट्रिक में अच्छा प्रदर्शन करनेवाले किया गया सम्मानित बच्चियों को किया गया सम्मानित। जहां मौके पर कैप्टन त्रिवेणी साह दशरथ प्रसाद गुप्ता शिव मूरत गुप्ता ईश्वर चंद्र साहू पंडित दीनानाथ अनिल गुप्ता महेंद्र गुप्ता राम आशीष गुप्ता राम प्रकाश गुप्ता विनय बहादुर गुप्ता श्याम सुंदर गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे साहू समाज।

जिलाधिकारी जनता दरबार में 41 परिवादियों का सुना फरियाद

प्रात :किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 41 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड, जमाबंदी रसीद, अतिक्रमण, अनियमितता, नाली गली, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। रामपुर चौरम थाना स्थित ग्राम इंटवां निवासी सुदर्शन सिंह द्वारा बताया गया कि मेरे ही गाँव के रामदर्शन सिंह व अन्य परिवार के लोगों द्वारा आम रास्ते पर नाद एवं बाँस रख कर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी अरवल को नियमानुसार जाँच करते हुए निष्पादन करने तथा प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम अईआरा निवासी विदया देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मुझे राशन कार्ड की सख्त जरूरत है। मेरे राशन कार्ड में मेरे परिवार के कुछ सदस्यों का नाम छुटा हुआ है, छुटे हुए सदस्यों का नाम को जुड़वाने के साथ राशन कार्ड दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कोचहासा निवासी रानी कुमारी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मेरा मकान क्षतिग्रस्त है एवं आवास की सख्त जरूरत है। मुझे आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। तदोपरांत जिला पदाधिकारी, अरवल द्वारा द्वितीय अपील प्राधिकार से संबंधि तमामले की भी सुनवाई की गई। द्वितीय अपीलीय प्राधिकार आज कुल 08 मामलें की सुनवाई हुई जिसमें 02 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 06 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि हेतु निदेशित किया गया।

गैस एजेंसी संचालक को गोली मारकर हत्या, घटना के विरोध में घंटों सड़क जाम

प्रात :किरण संवाददाता

पातेपुर। पातेपुर थाने की बहुआरा गांव में बीते गुरुवार को अज्ञात अपराधियों ने इंडेन गैस एजेंसी संचालक लक्ष्मी ठाकुर को घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद हमलावर तुरंत भाग गए। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रात के लगभग 8 बजे के करीब घर के अंदर बरामदे पर जाकर बैठ गए और पत्नी से चाय बनाने को कहा था। इसी बीच पत्नी किचेन में चाय बनाने गई ही थी कि अचानक हमलावरों ने चार पांच गोली उनपर फायर कर दिया। जिसमें दो गोली उनके पैर और जांग के पास लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां जुट गए। तब तक हमलावर भाग गए। घटना के समय गांव में थोड़ी दूरी पर भोज था। मृतक के पुत्र घटना के समय भोज में था। घटना की खुलाशा अब तक नहीं हो पाई है। गोली लगने के बाद लोग इलाज के लिये ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही दम तोड़ दिए। इस घटना से आसपास में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मृतक के घर में लगे सिसिटीबी कमरे को अपने कब्जे में लेकर उसे खंखाले जा रहे है। पुलिस अन्य बिन्दुओ पर भी जांच कर रही है। घटना स्थल पर शुक्रवार को महुआ एसडीपीओ भी छानबीन करने पहुंची। उन्होंने अपराधियों की धर पकड़ के लिये थानाध्यक्ष को आवश्यक निदेश दी। पातेपुर की बहुआरा में हुई गोली मारकर हत्या के विरोध में शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने महुआ - ताजपुर मुख्यमार्ग को बहुआरा पेट्रोल पंप के पास जाम कर दिया। जिससे समतीपुर से पटना और पटना से समस्तीपुर आने जाने वाले मुसाफिरों को काफी कठिनाई उठाना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि गोली मारने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द हो। सड़क जाम छुड़ाने के लिये आये पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में बीडीओ मनोज कुमार राय और स्थानीय विधायक लखेन्द्र कुमार रौशन के समझाने बुझाने पर लोगों ने यातायात चालू होने दिया।

स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामानंद तिवारी का मनाया गया 44 वां पुण्य तिथि

प्रात :किरण संवाददाता

आरा : जे पी स्मारक आरा के सामने प्रखर स्वतंत्रता सेनानी पंडित रामानंद तिवारी का 44 बा पुण्य तिथि मनाया गया। चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सादे समारोह की अध्यक्षता 74 आंदोलन के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुशील कुमार ने किया। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पंडित रामानंद तिवारी जी को अपनी श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर राजेंद्र मणियारा, प्रह्लाद सिंह, अरुण भोले, अजय निशि,उमाकांत ओझा, महेश सिंह यादव, जिला परिषद सदस्य भीम यादव, नाथू राम, अशोक मानव, शिक्षक धीरज जी, अरुण यादव, पवन राव, जे पी सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सुशील कुमार ने पंडित जी के आदर्शों एवं संघर्षों की चर्चा की और कहा कि पंडित रामानंद तिवारी के विचारो से आज के युवाओं को जोड़ना सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। अंत में श्री राजेंद्र मनियार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

संक्षिप्त खबरें

भूमिहीन एन पी एस को शिक्षा विभाग मर्ज कर रहा है उनके नजदीकी विद्यालय में

रक्सौल। रक्सौल अनुमंडल के अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों का मर्ज उनके नजदीकी विद्यालय में किया जा रहा है। ऐसा शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक स्थानीय अधिकारी कर रहे हैं। बता दे कि अनुमंडल के अंतर्गत तीन दर्जन से ज्यादा वैसे एनपीएस विद्यालय हैं जिनके पास ना तो आज तक अपनी भूमि हुई और इसके अभाव में भवन नहीं बना। इन विद्यालय के छात्रों को अनिश्चितता की स्थिति बनी रहती थी। इसका वजह यह है कि उनका नामांकन किसी और विद्यालय के नाम पर होता था और उनकी पढ़ाई किसी अन्य विद्यालय में होती थी। कारण कि उनके मूल विद्यालय में न तो भवन था और ना भूमि ही थी। इसी वजह से शिक्षा विभाग के द्वारा इन एनपीएस विद्यालयों का नजदीकी विद्यालयों मे विलय किया जा रहा है। इनको समीपवर्ती विद्यालयों में मर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। और इसके लिए आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। रामगढ़वा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामाधार पाण्डेय नें बताया कि सिर्फ रामगढ़वा 10 वैसे एनपीएस हैं जिनको भूमि और भवन का अभाव है। अब इनका मर्जर उनके नजदीकी विद्यालय मे किया गया है। रामगढ़वा बाजार नई बस्ती की एनपीएस का मर्जर प्राथमिक विद्यालय रामगढ़वा संस्कृत मे किया गया है। वही एनपीएस बाजार समिति का मिडिल स्कूल रामगढ़वा, एनपीएस राय टोला मुरला को मध्य विद्यालय मुरला, एनपीएस दक्षिण टोला कोहबरवा को यूएमएस डैनिया टोला, एनपीएस डुमरी को यूएमएस जोगवालिया, एनपीएस अंसारी टोला पंटोका को मिडिल स्कूल पंटोका, एनपीएस कर्बला टोला को मिडिल स्कूल चंपापुर, एनपीएस मुसहरी उत्तरी भाग को यूएमएस मुसहरी व एनपीएस परसोतीपुर को यूएमएस परसोतिपुर में मर्ज कर दिया गया है।

वरीय अधिवक्ता त्रिभुवन सिंह की तीसरी पुण्यतिथि आयोजित

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पुर्व अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता त्रिभुवन सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन राकेश कुमार सिंह उर्फ छोटू ने किया। मौके पर जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव जगनरायण सिंह, पुर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, श्रवण कुमार सिंह, यमुना प्रसाद सिंह, धनश्याम मिश्रा, क्षितिज रंजन, सतीश कुमार स्नेही, अनिल कुमार सिंह, सियाराम पांडे, रामनरेश प्रसाद, मो निजामुद्दीन, मिथिलेश कुमार, हेमंत पांडेय, दीपा कुमारी, तेतर राम, विनय कुमार श्रीवास्तव, उमेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष की मांग पुरी हुई

गया। मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा की मांग हुई पूरी ज्ञात हो कि र.ऊर कॉलेज कलर में स्नातक सत्र 21-24 के स्त्र१३- 3,रउ,रळ छात्र एवं छात्राओं का नामांकन में छात्रों से पैसा वसूला जा रहा था करीब 2200 से 2500 तक पैसा वसूला जा रहा था, जब इसकी सूचना मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा को प्राप्त हुई उत्तम कुशवाहा ने तुरंत कॉलेज के प्राचार्ज अनिल कुमार से बात कि और कहा कि बिहार सरकार की कन्या उत्थान योजना के तहत स्नातक तक छात्राओं का एवं एससी एसटी छात्रों का नामांकन फ्री में होना है छात्रों का पैसा वापस करने के वापस करने के लिए मांग की प्राचार्ज ने तुरंत उत्तम कुशवाहा जी की बातों को संज्ञान में लेते हुए एससी एसटी छात्र एवं सारी छात्राओं को पैसा माफ करने के लिए आदेश निकाला, जिन छात्रों का पैसा लग गया है उन्हें अपना एडमिशन स्लिप लाकर कॉलेज में जमा करें और उनका पैसा वापस कर दिया जाएगा, मौके पर उत्तम कुशवाहा ने कहा कि बिहार सरकार की योजना के तहत लड़कियों का नामांकन शुल्क निशुल्क होना है अगर कोई भी कॉलेज शुल्क लेता है तो गलत है इसका विरोध करना चाहिए छात्रों को अगर कोई भी कॉलेज पैसा छात्रों से वसूलत है हमसे यह हमारी टीम से संपर्क करें ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके,

ईंट भट्टा मालिक से रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिले के मानिकपुर थाने के पुलिस ने रंगादारी मांगने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के सिमुआरा गांव निवासी मनोज शर्मा महान ईट भट्टा के मालिक को डरा धमकाकर 50,000/- रुपया रंगदारी के रूप मांग किया जा रहा था। इस संबंध में मानिकपुर थाना काण्ड सं0 37/24, दिनांक 17.03.2024, बारा-386/387 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। रंगदारी मांग रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसपी राजेंद्र कुमार भील के निदेर्शानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में कुर्था अंचल निरीक्षक अजय कुमार सिंह , मानिकपुर थाना अध्यक्ष पीयूष जायसवाल, करपी थाना अध्यक्ष उमेश राम, वंशी थाना अध्यक्ष संजीव कुमार राय पु०अ०नि० संजीव कुमार राय के पुलिस बल को शामिल किया गया। उक्त टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर छापेमारी किया गयो छापेमारी अभियान चलाकर उसे घर से रंगदारी मांगने अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया `गिरफ्तार अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार, पिता-स्व० रघुनन्दन यादव, ग्राम-इजमाइल बलवापर, बाना-ठेकारी, जिला-गया का रहने वाला बताया जाता है`

स्नातक छात्राओं व एससी एसटी छात्रों का नामांकन में लिया अवैध पैसा वापस

- मगध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष से शिकायत करने पर हुई कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के द्वारा किए गए मांग हुई पूरी ज्ञात हो कि र.ऊर कॉलेज कलेर में स्नातक सत्र 21-24 के स्त्र१३- 3,रउ,रळ के छात्र एवं छात्राओं से नामांकन में पैसा वसूला जा रहा था। करीब 2200 से 2500 तक पैसा वसूला जा रहा था, जब इसकी सूचना मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा को प्राप्त हुई तो तुरंत कॉलेज के प्राचार्ज अनिल कुमार से बात कि और कहा कि बिहार सरकार की कन्या उत्थान योजना के तहत स्नातक छात्राओं एवं एससी एसटी छात्रों का नामांकन फ्री में होना है। छात्रों का पैसा वापस करने के लिए मांग की। प्राचार्ज ने तुरंत बातों को संज्ञान में लेते हुए एससी एसटी छात्र एवं सारी छात्राओं को पैसा माफ करने के लिए आदेश निकाला, जिन छात्रों का पैसा लग गया है उन्हें अपना एडमिशन स्लिप लाकर कॉलेज में जमा करें और उनका पैसा वापस कर दिया जाएगा, मौके पर उत्तम कुशवाहा ने कहा कि बिहार सरकार की योजना के तहत लड़कियों का नामांकन शुल्क निशुल्क होना है अगर कोई भी कॉलेज शुल्क लेता है तो गलत है इसका विरोध करना चाहिए छात्रों को अगर कोई भी कॉलेज पैसा छात्रों से वसूलत है हमसे यह हमारी टीम से संपर्क करें ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके, साथ में उपस्थित छात्र नेता सुजीत रंजन मौर्य राहुल यादव विकास कुमार विवेक प्रजापति एवं दर्जनों छात्र नेता उपस्थित थे

डाकघर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ,कागजात समेत लाखों के समान जलकर खाक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवले मुख्यालय स्थित डाकघर में भीषण आग लगी है जानकारी के मुताबिक अरवल मुख्य डाकघर में आग लगने से फाइल,टेबल ,कुर्सी, रजिस्टर समेत अनेकों प्रकार की कागजात जलकर खाक हो गया है आग लगने के कारण शॉर्ट सर्किट की आशंका बताई जा रही है आग लगने के कारण थोड़ा देर के लिए अफरा- तफरी का माहौल कायम हो गयो आग लगी की सुचना कर्मी ने दी सूचना के उपरांत की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पायो आग लगने से डाकघर में भारी नुकसान हुआ है इधर जानकारी मिलने के बाद डीएम वर्षा सिंह ने डाकघर पहुँच कर निरीक्षण किया है वही मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी रेशमी सिंह ने भी पहुचकर आकलन की है, आग लगने से कितना नुकसान हुआ है इसके बारे जानकारी प्राप्त कर रही है

मीना बाजार फुटपाथ और एसपी ऑफिस के सामने वाले बाइक स्टैंड ठेका की आड़ में दुकानों से उगाही की जांच को ले टीम गठित

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।नगर के मीना बाजार फुटपाथी दुकानदारों के साथ ठेला खोमचा वाले गरीब दुकानदारों से शीतला माई मार्केट, छोटा रमना बाजार और सोआ बाबू चौक से जंगी मस्जिद रोड तक के सैकड़ों गरीब दुकानदारों से फर्जी रसीद के आधार पर कार्रवाई शुरू हो गई है। वही एसपी ऑफिस के सामने बने बाइक-साइकिल स्टैंड का ठेका लेने की आड़ में कलेक्ट्रेट चौक तक के दुकानदारों से उगाही की लिखित शिकायत मिलने पर उपरोक्त दोनों वारदातों की जांच के लिए टीम गठित की गई है। इसको लेकर महापौर गरिमा देवी सिकारिया के साथ नगर निगम की सशक्त स्थाई समिति ने भी जांच और कार्रवाई का आदेश नगर आयुक्त शंभू कुमार को दिया है। इसके बाबत श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि लिखित प्राप्त में आवेदन कलेक्ट्रेट चौक मंदिर और उसके आस पास के दर्जनों फुटपाथी दुकानदारों से भी वार्ड 25 के पूर्व पार्षद और वर्तमान के पार्षद पति केशव राज सिंह पर बीते एक दशक से भी अधिक समय से लगातार दैनिक दर पर उगाही कर रहे होने जैसा शर्मनाक खुलासा किया है। महापौर ने बताया कि सिटी मैनेजर अरविंद कुमार के नेतृत्व में गठित जांच टीम दुकानदारों का बयान दर्ज करेंगी। रसीद पर निगम द्वारा फिक्स रेट भी अंकित नहीं है, ताकि फिक्स रेट से ज्यादा उगाही की जा सके। वही उन्होंने यह भी बताया कि बाइक स्टैंड के संवेदक विशाल रंजन और मीना बाजार मौजा के फुटपाथी दुकानों से वसूली के साथ अन्य क्षेत्र में भी अधिक राशि की वसूली में आरोपित संवेदक राज रहमान की बंदोबस्ती रद्द करने के लिए नगर आयुक्त ने स्पष्टीकरण मांगा गया है। वही नगर आयुक्त श्री कुमार ने नगर थानाध्यक्ष को भी पत्र लिख कर सभी आरोपितों के विरुद्ध जांच और विधि सम्मत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

उप विकास आयुक्त ने की प्रेक्षक प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर प्रेक्षक कोषांग को दिए गए दायित्व एवं अभी तक किए गए कार्य की समीक्षा बैठक उप विकास आयुक्त, पूर्वी चंपारण समीर सौरभ के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी तथा कर्मियों के साथ की गई और माननीय प्रेक्षक गण के आने से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि एक-एक चीजों की बारीक समीक्षा कर सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराई जाए। समीक्षा के दौरान प्रेक्षक गण के लिए संपर्क पदाधिकारी, वाहन, सुरक्षा बल इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन पदाधिकारी को प्रेक्षक गण के संपर्क पदाधिकारी के रूप में चिन्हित किया जाएगा, उनके द्वारा भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त किए गए माननीय प्रेक्षक गण के आगमन पर पटना हवाई अड्डा से अगवानी कर जिला मुख्यालय में लाने का कार्य संपादित किया जाएगा। प्रेक्षक गण के आवासन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारियों से संपर्क कर प्रेक्षक गण के लिए फोल्डर तैयार करना तथा ससमय उपलब्ध कराना होगा। मतगणना केंद्र पर भी प्रेक्षक गण के लिए विशिष्ट कक्ष का निर्माण कराना होगा।

ईद को लेकर बाजारों में लौटी रौनक

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली। ईद का त्योहार नजदीक है। ऐसे में त्योहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। सुगौली सहित ग्रामीण बाजारों में ईद की खरीदारी भी तेज हो गई। बच्चे ही नहीं घर की महिलाओं के साथ पुरुष भी कपड़ों के दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं। सुगौली मुख्य बाजार ईद को लेकर बाजारों एक अलग रौनक दिखने को मिल रहा है। बाजार में कपड़ा खरीदारी में चिकन, लखनवी कुर्ता व जालीदार टोपी, सूट, जींस, फ्राक, टी-शर्ट आदि की भरमार है। बच्चे जींस और टीशर्ट की खूब खरीदारी कर रहे है। माता पिता ईद को लेकर बच्चे की मांग को पूरा कर रहे है। बाजार स्थित कपड़ों की दुकानों सुगौली मुख्य बाजार शाहिद ड्रेसेज पवन वस्त्रालय अशोक वस्त्रालय मनपसंद वेराइटी स्टोर सहित अन्य कपड़ो की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी भीड़ देखी जा सकती है। लोग पसंद के सामान खरीद रहे हैं। दुकानदारों ने भी ग्राहकों की पसंद के वस्त्रों का स्टाक कर रखा है। ग्राहक पसंद के सामानों को मुहमांगी कीमत पर खरीद रहे हैं। सौंदर्य प्रसाधन से लेकर हर घरेलु उपयोग के सामानों के ग्राहक बढ़ गए हैं। वही सुगौली बाजार मस्जिद के बगल और मुख्य बाजारों में भी सेवईयो की दुकान सजने का अनोखा रौनक नजर आता है। सेवईया की खरीदारी भी लोग जम कर रहे है। सेवइयो के दुकानदार कहते है की इस बार सेवई कोलकाता पटना मुजफ्फरपर से खास ऑर्डर कर बनवा कर मंगवाया गया है लोग इसे पसंद भी कर रहे है। सेवइयो की दुकानों पर ही रंग बिरंगी टोपियों को भी खूब सजाया गया है और टोपिया भी खूब बिक्री होती है। सभी सेवइयो की दुकान पर टोपी अतर और मजमुआ तरह तरह को वेराइटी लाया गया है और लोग खरीद भी कर रहे है। देर शाम तक दुकानों पर रौनक नजर आ रही है। चप्पल जूते की दुकानदार भी चप्पल और सैंडल की अच्छी कलेक्शन लाए है जिससे औरते उई बच्चियां और युवाओं का शाम होते ही अपने मनपसंद जूते और चप्पलो की खरीदारी कर रहे है। बाजारों सुबह से तांता लगना शुरू होता है जो रात्रि तक जारी रहता है। सिलाई वाले कपड़ों की अपेक्षा अब रेडीमेड कपड़े लोगों की अधिक पसंद बने हुए हैं।

पुलिस ने अपराध की योजना को किया नाकाम, एक गिरफ्तार

मोतिहारी। अपराध की योजना नाकाम करते हुए पुलिस ने एक अपराधी को हथियार एवं चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकड़ी दयाल के नेतृत्व में मधुबन थाना द्वारा छापामारी कर जोगोलिया वृति टोला के समीप एक अपराधी को हथियार एवं चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इसको लेकर मधुबन थाना में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति बलिंद कुमार थाना मधुबन का निवासी है। उसके पास से देसी पिस्टल एक, जिंदा कारतूस एक, चोरी की मोटरसाइकिल एक, पंजा दो, राधा चक्कर एक बरामद किया गया है। वही छापेमारी टीम में सुबोध कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकड़ीदयाल, पुलिस निरीक्षक संजीव मौआर थानाध्यक्ष मधुबन, परिपुअनी नीति शर्मा, मिथिलेश राम, संगीता कुमारी मधुबन थाना के साथ-साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

ब्रावो फाउंडेशन ने अग्नि पीड़ितों के बीच सूखा राशन का किया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। अरेराज प्रखंड अंतर्गत चटिया बड़हरवा पंचायत के चटिया दियरा में दो दिन पूर्व हुई अगलगी की घटना में जले 56 घरों के परिवार वालों को बड़ी राहत मिली है। गुरूवार को ब्रावो फाउंडेशन की टीम ने सभी अग्नि पीड़ितों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। राशन लेने के बाद अग्नि पीड़ितों के चेहरे पर हल्की खुशी देखने को मिली। गौरतलब हो कि ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक राकेश पांडेय को घटना की जानकारी मिली। आनन-फानन में उन्होंने टीम के सदस्यों को घटनास्थल पर भेजा और घटना की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने टीम के सक्रिय सदस्य सूखा राशन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और एक-एक कर सभी अग्नि पीड़ितों के बीच राहत सामग्री बांटी। राकेश पांडेय ने कहा कि दुख की घड़ी में ब्रावो परिवार अग्नि पीड़ितों के साथ खड़ी है। फाउंडेशन द्वारा आवश्यकता के सामान पीड़ितों तक पहुंचाने का एक छोटा सा प्रयास किया है। आगे भी जरूरत पड़ी, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने समाज के सभी सामर्थ्य लोगों से भी अपने स्तर से अग्नि पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाने की अपील की है। प्रभु राम, सुरेंद्र राम, कैलाश राम, गंगाजली देवी, मुकेश राम, किरण देवी, मुख्तार राम, आलम मिया, मुस्लिम मियां, मंजूर मियां, मस्तकीम मियां, ताबारक मियां, मजहर आलम, नरूद्दीन मियां, बाबू हुसैन, राजू हुसैन, सैफुद्दीन मियां, सुरेंद्र राम, जनाई राम, चंदा देवी, पासपत राम, झावरी कुंवर, सलीम मियां, सैफुद्दीन मियां आदि अग्नि पीड़ितों के बीच सूखा राशन का वितरण किया गया। मौके पर फाउंडेशन के वीरेंद्र प्रसाद साहू, उपेंद्र पटेल, विनय कुमार, रविकेश मिश्रा, रवि रंजन कुमार, हरिशंकर बैठा, अमरजीत कुमार, जितेंद्र ठाकुर, रमेश कुमार, भोला प्रसाद, विकाश कुमार, असर्फी महतो, अशोक कुमार, अभिषेक पांडे, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी फाऊंडेशन के सदस्य विनय कुमार ने दी हैं।

इमामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का हुआ निरीक्षण

गया। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के इमामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया है।लन में आज दिनांक 5 अप्रैल को ऑब्जर्वर पदाधिकारी द्वारा चुनाव पूर्व तैयारी के समीक्षा हेतु इमामगंज थाना के चुनाव से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया है। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इमामगंज, अंचल पुलिस निरीक्षक इमामगंज, थानाध्यक्ष इमामगंज के साथ संयुक्त रूप से इमामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। इसके साथ ही आम नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए, उनके सुझाव और समस्याओं को सुना गया है। उनकी समस्याओं के प्रति त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आम नागरिक गया पुलिस के इस पहल से काफी प्रफुल्लित थे तथा उक्त पहल के लिए गया पुलिस का आभार प्रकट किए हैं।

माह-ए-रमजान के अंतिम जुमा यानी अलविदा की नमाज में मुल्क की बेहतरी और अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली : माह-ए-रमजान के अंतिम जुमा यानी अलविदा की नमाज शुक्रवार को पूर्वी चम्पारण जिले अंर्तगत सभी मस्जिदों में अता की गई। रोजेदारों ने मुल्क की बेहतरी और अमन चैन के लिए दुआ मांगी,माहे रमजान में रमजान की अलविदा जुमा पर अल्लाह की इबादत में नमाज पढ़ना बेहद खास माना जाता है। मान्यता है कि अलविदा जुमा पर नमाज पढ़ने वालों की अल्लाह ताला उनके गुनाहों को माफ करते हैं। ईद के चांद से पहले का यह आखिरी जुमा होता है। ईद की तैयारियां को लेकर बाजार मे होने लगा गुलजार। अलविदा की नमाज के बाद ईद की तैयारियां होने लगी है। ईद के लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। बाजारों में भीड़ उमड़ने के साथ ही खरीदारी भी होने लगी है। रोजे के बाद आने वाले ईद के त्योहार का अपना अलग ही महत्व है। मुस्लिम समाज के लोग ईद को लेकर खास तैयारी करते हैं। ईद पर घरों में विशेष खानपान के इंतजाम के साथ ही नए कपड़े भी बनते हैं। ईद के लिए सिवइयां, रडी,किसमिस समेत अन्य चीजों की खरीदारी की जा रही है। लोग कपड़ों की दुकानों में आकर खरीदारी कर रहे हैं।

सुगौली,रामगढवा,रक्सौल एवं अन्य बाजार चौक चौराहों पर खरीदार आने से चहल पहल बढ़ी है। अलविदा की नमाज में अल्लाह से अमन-चैन की दुआ मांगी। रमजान महीने के अंतिम शुक्रवार को जामा मस्जिद व अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा नमाज अता की। मुस्लिम भाइयों ने अल्लाह से देश में अमन और चैन कायम रखने की दुआ मांगी। शुक्रवार को सुगौली मे मुफ्ती जीयाउल्लाह ने रोजेदारों को अलविदा की नमाज पढ़ाई। वहां पर मो,जीकूरूल्लाह,असगर आलम, महम्द स्वयब, महम्द आसिफ, इशादुल्लाह उर्फ राजा जी लालबाबु उर्फ बाचु बाबु,जमील आलम,नसीम आलम सहित बडी संख्या मे रोजादारो ने जुमा की नमाज अता की।

जन शिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जन शिक्षण संस्थान मोतिहारी की ओर से पांच दिवसीय टेलर दर्जी का बेसिक स्किल प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ लीड बैंक प्रबंधक गोपाल प्रसाद ,जिला नियोजन पदाधिकारी मुकुंद माधव ,जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार एवम जन शिक्षण संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । वही निदेशक दिनेश कुमार के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया ।लीड बैंक प्रबंधक के द्वारा बैंक द्वारा मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। नियोजन पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी को नियमित रूप से प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए बोला गया । वही महाप्रबंधक के द्वारा सभी लाभुको का हौसला अफजाई किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के सभी कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा । जानकारी संस्था की मधु कुमारी ने दिया।

इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक परीक्षा में जिलास्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने दिया प्रशस्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के विभिन्न संकायों एवं मैट्रिक परीक्षा 2024 में जिलास्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने प्रशस्ति पत्र, मोमेन्टों और बुक देकर सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि इंटरमीडिएट परीक्षा (आर्ट्स) में युगल साह जनजाति गर्ल हाईस्कूल, हरनाटांड़ की छात्रा सिमरन कुमारी को प्रथम स्थान, गवर्नमेंट राज्य सम्पोषित एसएस प्लस टू स्कूल, हरनाटांड़ के छात्र रामू कुमार को द्वितीय स्थान एवं एमजेके कॉलेज बेतिया की छात्रा सलोनी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा (कॉमर्स) में रामबहादुर कॉलेज, दुखीछापर के छात्र धर्मवीर कुमार को जिलास्तर पर प्रथम स्थान, उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल, बांसगांव मंगलपुर अवसानी बगहा-02 के छात्र गौरव कुमार को द्वितीय स्थान एवं गवर्नमेंट हाईस्कूल हरिनगर के छात्र राहुल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (साइंस) में एमजेके कॉलेज, बेतिया के छात्र रितेश कुमार को जिलास्तर पर प्रथम स्थान, गवर्नमेंट जनता हाईस्कूल तेल्हुआ नौतन के छात्र रौनक कुमार को द्वितीय स्थान एवं एमजेके कॉलेज के छात्र आशीष कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

मैट्रिक परीक्षा 2024 में नेशनल पब्लिक हाईस्कूल बेतिया के छात्र मो0 आसिफ को जिलास्तर पर प्रथम स्थान, आरएलवाई प्रवेशिका उच्च विद्यालय, नरकटियागंज के छात्र कृष्णकांत झा एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, चम्पापुर गोनौली बगहा-02 की छात्रा प्रिया शर्मा को द्वितीय स्थान एवं एसएस हाईस्कूल, हरनाटांड़ के छात्र आदित्य जायसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक परीक्षा में जिलास्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगे की परीक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करना है। इसके लिए एकाग्र होकर मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपके इस सराहनीय कार्य से आपके माता-पिता, गुरूजन एवं जिला प्रशासन गौरावान्वित महसूस कर रहे हैं। खूब मन लगाकर पढ़े और आगे बढ़ते रहें। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं शिक्षकों से कहा कि बच्चे जिस सब्जेक्ट, क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनकी रूचि जिस सब्जेक्ट अथवा क्षेत्र में हैं, उन्हें उसी के अनुरूप आगे बढ़ायें। बच्चों पर दबाव नहीं बनाएं। उनके हुनर को पहचाने और आगे बढ़ने में मदद करें।

सशक्त प्रजातंत्र के निर्माण में सहभागी बनें जिले के मतदाता : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वीप लोगो का अनावरण किया। इसके साथ ही मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर और हस्ताक्षर पट्टी पर हस्ताक्षर कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किए। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम कार्यालय, कार्यालय आईसीडीएस द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता से संबंधित आकर्षक रंगोली बनाये गये थे। साथ ही मतदाता जागरूकता को लेकर गुब्बारा भी आकाश में छोड़ा गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला स्वीप लोगो अनावरण के मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सशक्त प्रजातंत्र के निर्माण में जिले के मतदाता सहभागी बनें। 25 मई मतदान के दिन घरों से बाहर निकलें और अपने मत का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि ह्लपश्चिमी चम्पारण की यही पुकार-शत-प्रतिशत वोट करेंगे अबकी बारह्व का नारा जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में जिले के एक भी मतदाता छूटे नहीं इस हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत कई प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। 25 मई को अनिवार्य रूप से मत का प्रयोग करने हेतु मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका, आइसीडीएस सहित अन्य विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ वरीय अधिकारियों की देखरेख में कारगर कार्रवाई कर रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वीप के अधिकारियों एवं कर्मियों से कहा कि जिले में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग करें, इस हेतु अपनी पूरी ताकत लगा दें। एक-एक वोटर को प्रजातंत्र में वोट के महत्व के बारे में बताएं और समझाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखना है। शत-प्रतिशत मतदान में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। निर्वाचन को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील किया कि मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने में वे अपेक्षित सहयोग करें। साथ ही अगर किसी के द्वारा किसी मतदाता को मतदान से वंचित करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम बेहद ही महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत जिले में बहुत सारे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसे और तीव्र गति से क्रियान्वित करना होगा। अधिक से अधिक लोगों को अवेयर करना है। मतदान के दिन हरेक मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें, इसे सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी युवतियां अवश्य मतदान करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, -सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, एसडीएम, बेतिया विनोद कुमार, एसडीएम, नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया शंभु कुमार, सिविल सर्जन, डॉ0 श्रीकांत दुबे, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग कमलाकांत त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

खेत पटवन कर रहे युवक को सांप ने काटा , ईलाज के समय हुई मौत

बरियारपुर(मुंगेर)। खेत में लगी प्याज को पानी पटाने के क्रम मे गेहुं वन सांप काटने से ईलाज के दौरान 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस सम्बंध में बताया गया कि बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के अखाड़ा टोला गांव के 30 वर्षीय युवक राजीव कुमार उर्फ रमण कुमार को गेहुं वन सांप के काटने से मौत हो गया है। मृतक अपने खेत मे प्याज के फसल पटवन कर रहा था ।उत्तेजित गेहुं वन सांप आ धमके फौ - फौ करते हुए बायें पैर पर हमला बोल दिया जब तक संभलने का प्रयास तब तक गेहूवन सांप ने काट खाया। ग्रामीणों के दौरने के बाद सांप भागने का प्रयास किया। परंतु सफल नही हो सका इधर आनन फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया ।रोगी के गंभीर हालत देख सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के जवाहरलाल मेडिकल कालेज एण्ड अस्पताल भेजा दिया गया परन्तु उसे नही बच जा सका।

हंगामा करते एक शराबी गिरफ्तार

बारियापुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के पड़िया गांव से शराब पीकर हंगामा करते एक युवक को बरियारपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शराब के नशे में धुत पड़िया गांव निवासी सिंटू कुमार उर्फ छोटू को पड़िया गांव से ही गिरफ्तार करके आए हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया एवं गुप्त सूचना के आधार पर ब्रह्मस्थान गांव निवासी ललित मंडल के घर छापेमारी कर 15 लीटर देसी महुआ शराब उसके घर से बरामद किया गया ललित मंडल घर से फरार हो चुका था उसे चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

हिंदी नववर्ष मनाने के लिए शहरी क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान

गया।भारतीय नववर्ष आयोजन समिति द्वारा हिंदी नववर्ष पर कैसा हर्ष आओ मनाये स्वदेशी नववर्ष के उदघोष के साथ शहरी क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर 8 अप्रैल को आजाद पार्क में आयोजित नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह सह बसंतोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया गया है।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हमलोग अंग्रेजी नववर्ष तो धूमधाम से मनाते है ।परन्तु हिन्दू नव वर्ष मनाने में शर्म महसूस करते हैं । आज के युवाओं में पश्चिम सभ्यता के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है परन्तु विदेशी लोग सनातन धर्म ओर संस्कृति को अपना रहे हैं।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह,सुभाष कुमार वर्मा,प्रदीप कुमार, विकास कुमार साह, वंटी वर्मा, गोपाल पटवा, उमेश कुमार, सुनील बम्बई, पिंटू सिंह, मनजीत सिंह, गोरेलाल वर्मा, राखी अग्रवाल, सारिका वर्मा, मुन्नी देवी समेत कई लोग शामिल थे।

डीएम ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए डिस्पैच सेन्टर का किया निरीक्षण

अरवल।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव-2024 के लिए बने डिस्पैच सेन्टर का निरीक्षण किया गया। अरवल एवं कुर्था विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग स्ट्रॉग रूम को चिन्हित कर सभी को सील करवाकर बैरिकेडिंग करवाने का निदेश दिया गया।इसके साथ ही दोनो विधान सभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग डिस्पैच काउंटर बनाने का निदेश दिया गया।साथ ही पोलिंग पार्टी मिलान के लिए अलग-अलग पंडाल बनाने का भी निदेश दिया गया।वाहन को रखने के लिए भी अलग-अलग जगह कोर चिन्हित किया गया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी,जिला नाजारत पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

मतदाता पहचान हेतु एपिक के अलावे 12 वैकल्पिक दस्तावेज होगा मान्य: एडीएम

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराये जाने के लिए सभी निर्वाचकों से संबंधित पदाधिकारियों की एडीएम कुमार अनुराग की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में उन्होंने सभी सेक्टर के निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत के क्रम में कहा कि सभी सेक्टर के कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे मतदान स्थल पर मतदान केंद्रों पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतू अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र (एपिक) दिखाएंगे। वही उन्होंने कहा कि ऐसे निर्वाचन या मतदाता जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना सुनिश्चित होगा, जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरटीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य, केंद्र सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त पहचान पत्र, सांसद, विधायकों, व विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी, यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी हो, यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो किसी अन्य सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किए जाएंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, और उस मतदान केंद्र से संबंधित निर्वाचन नामावली के तहत वोटर लिस्ट में उपलब्ध हो, यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपयुक्त वर्णित पहचान पत्रों में से किसी एक वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

साथ ही उक्त वर्णित पहचान पत्रों में किसी बात के होते हुए भी प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावली वोटर लिस्ट में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं है, जिसके आधार पर ही पहचाना किया जाएगा।

महिला कैडेट्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा शत प्रतिशत मतदान हेतू आम मतदाताओं को मतदान करने की दिशा में जागरुक करने के उद्देश्य से भागलपुर के एनसीसी कैडेट्स (गर्ल्स) बटालियन 2 की सैकड़ों महिला कैडेट्स द्वारा सुंदरवती महिला कॉलेज के प्रांगण से भय जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कॉलेज प्रांगण से निकल कर मुख्य सड़क मार्ग होते हुए तिलकामांझी चौक स्थल से निकल कर जयप्रकाश उद्यान सैंडिस कम्पाउंड मैदान प्रांगण तक पहुंची। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली में सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स के द्वारा वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम चुनाव का पर्व देश का गर्व, मेरा पहला वोट देश के लिए का नारा लगाते हुए सैंडिस मैदान प्रांगण तक की दूरी मुख्य मार्गो से होकर पहुंची। वही सैंडिस कंपाउंड के मैदान प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स गर्ल्स द्वारा मतदाता के बीच जागरूकता फैलाने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया, साथ ही क्षेत्र के युवाओं को भी जागरूक करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर स्वीप कोषांग के पदाधिकारी, जिला स्वीप आइकॉन अजय अटल के साथ साथ भारी संख्या में एनसीसी कैडेट्स के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

निर्वाचन को लेकर धारा 107 के तहत ग्रामीण इलाके में कार्रवाई हुई तेज

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। राजनीति दल के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया लोकसभा प्रभारी सुरेश भगत व दर्जनों ग्रामीणों के विरुद्ध परबत्ता थाना पुलिस के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर अनुमंडल दंडाधिकारी नवगछिया द्वारा धारा 107 की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। मामले को लेकर श्री भगत ने कहा कि क्षेत्रीय पुलिस एवं प्रशासन इमानदार आदमी के पीछे लगी हुई है। अपराधी बेखोफ घूम रहे हैं और अपराध घटना को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं लेकिन स्थानीय पुलिस एंव नवगछिया प्रशासन द्वारा भोले भाले लोगों के विरुद्ध धारा 107 के तहत कानूनी कार्रवाई कर अपनी खानापूर्ति करने में जुटी रही है। इधर अपराधी अपने अपराध को क्षेत्र इलाके में खुलेआम अंजाम देने के साथ बैखोप हो घूम रहा है लेकिन पुलिस मौन धारण किए हुए चल रही है। वही उन्होंने कहा है कि पूरे अनुमंडल में चुनाव को लेकर जो धारा 107 के तहत कानूनी तौर पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई किये जाने की कवायद तेज कर दी गई है। वही पुलिस क्षेत्र के आम निर्दोष एवं कानून में विश्वास रखने वाले लोगों पर ही कार्रवाई करने हेतू सूची तैयार कर उन्हें दागी साबित करने की प्रक्रिया अपना रही हैं, जबकि अपराधी इर्दगिर्द घूम अपने मंसूबों को अंजाम दे बचते चल रहे हैं। इस तरह की गतिविधियों को लेकर क्षेत्र इलाके में कहीं न कहीं पुलिस एवं अनुमंडल प्रशासन के कार्य रवैये को लेकर आम आदमी का विश्वास कम होता दिख रहा है। अब देखने वाली बात है कि आम जनता का विश्वास बनाये रखने की दिशा में पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा क्या रणनीति तैयार करती हैं ये सवाल खड़े कर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना दिख रहा है।

सायबर थानाध्यक्ष पर लगा अपमानित करने का आरोप

- अभद्र व्यवहार, बदसुलूकी, लात मारने व धमकी दिये जाने का लगा आरोप
- एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई किये जाने हेतु ग्रामीणों ने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरह के पंकज कुमार सिंह ने नवगछिया साइबर थाना के पुलिस पदाधिकारी अश्विन कुमार सिन्हा द्वारा अपमानित करने व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस जिला के एसपी को आवेदन देकर कारवाई किये जाने की मांग जोड़ पकड़ने लगी है। पीड़ित द्वारा एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि विगग तीन अप्रैल को ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित शिकायत लेकर साइबर थाना नवगछिया प्रांगण में अपनी फरियाद लेकर गया था। जहां थाना पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी अश्वनी कुमार सिन्हा ने कहा कि मैं पचास हजार से ज्यादा का फ्रॉड का केस लेता हूं। और आपका शिकायत आवेदन में कम राशि हुई है जिसके लिए मैं आवेदन नही लूंगा। उनकी बात पर जब वादी ने कहा कि मेरा शिकायत आप ले लें, छोटे-छोटे मामले से ही बड़ा अपराधी बनते है। तो उन्होंने इसपर उन्होंने कहा कि आप ऑनलाइन शिकायत करें। इसके बाद मैंने 1930 पर 1.50 पीएम से लेकर 1.55 पीएम तक फोन लगाया, लेकिन फोन उठा कर काट दे रहा था। इसके बाद में फिर थाना पहुंचने की बात बतायी तो उन्होंने कहा कि 1930 पर बार बार फोन काट रहा है बात नही हो पा रहा है। मेरा आवेदन ले लिया जाए। वही उक्त बात को लेकर भड़क गए और बोले लगे कि छोटा मोटा फ्रॉड का मामला हम नही लेते है। इस दौरान मैं लगातार उनसे अपील करता रहा, इसी बीच 2.02 मिनट पर निःवर्तमान एसपी एस के सरोज को फोन किया और कहा छोटा फ्रॉड का शिकायत दर्ज नही किया जाता है, इसी बीच श्री सिन्हा मुझे लाठी मारने व गाली गलौज करने की धमकी देता रहा। जिसके बाद 2 बजकर 3 मिनट पर फिर से निःवर्तमान एसपीएस के सरोज का फोन आया और उन्होंने बात कराने को कहा उसके बाद भी थानेदार ने आवेदन नहीं लिया। वही उसने धमकी दिया कि मेरे पास वर्दी है मैं सब करम कर दूंगा। बहुत कहने पर उसने कहा जब आधार कार्ड, पेन कार्ड बैंक स्टेटमेंट, कॉपी लगाकर दोगे, तब देखेंगे और मुझे धक्का देकर बाहर कर दिया। लाचार होकर तीन बजे ऑनलाइन आवेदन करके आने की बात कह कर, वही अपना शिकायत आवेदन थाना पर मौजूद अन्य दूसरे स्टाफ को जमा करके आया हूँ। एसपी के समक्ष अपनी आपबीती बात बताने के साथ ही आवेदक पंकज सिंह ने कहा कि मेरा उम्र 67 वर्ष है श्री सिन्हा द्वारा बदसलूकी करना उचित नहीं है, उनके द्वारा आपराधिक व्यवहार किया गया है, जिससे मैं काफी आहत हूँ। क्षेत्र के साइबर थाना में पद स्थापित थानाध्यक्ष का व्यवहार आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम किया गया है। आम आवाम को न्याय व सहयोग के बजाय वर्दी का रोब दिखा आपराधिक व्यवहार जैसा इस्तेमाल कर आम आदमी को परेशान किया जा रहा है। वही उन्होंने आवेदक देने के साथ ही मामले में थानाध्यक्ष के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई किये जाने हेतू मांग की है।

जांच में पहुंची पुलिसकर्मियों के साथ हुई झड़प

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नन्हकार गांव इलाके में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में स्थानीय किसान अनुज चौधरी और जयहिंद चौधरी के बीच हिंसक झड़प व मारपीट मामले के जांच में पहुंची बिहपुर थाना पुलिस पदाधिकारी एसआई विद्यानंद तिवारी सहित तीन सिपाही व एक चौकीदार के साथ आरोपित पक्ष के लोगों ने धक्का मुक्की, गाली गलौज व अभद्र व्यवहार करते हुए पुलिस बलों पर रोड़ेबाजी किये जाने का मामला सामने आया है। उक्त घटना में एसआई समेत सभी पुलिसकर्मी आंशिक रूप से चोटिल हो गये है। वही मौके से पुलिसकर्मियों ने किसी तरह भागकर खुद की जान बचाने के साथ सुरक्षित स्थान पर पहुंची जिससे पुलिस कर्मियों की जान बची है। वही दूसरी तरफ पुलिस गिरफ्त से आरोपी जयहिंद चौधरी द्वारा पुलिस पदाधिकारी को दाँत काटकर हाथ छुड़ाकर मौके से भगा निकलने में सफल रहा है। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी व आरोपियों के बीच धर पकड़कर में खूब खींचातानी हुई है। *क्या है पूरा मामला, नन्हकार गांव के किसान अनुज चौधरी और जयहिंद चौधरी के बीच पिछले कुछ माह से जमीन पर लगे पेड़ को लेकर विवाद चल रहा था। जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विगत वर्ष नवम्बर माह में भी मारपीट की घटना घटित हुई थी। वही घटना को लेकर पीड़ित अनुज चौधरी की पत्नी उषा देवी द्वारा स्थानीय बिहपुर थाना में कांड भी दर्ज कराया है। उक्त जमीनी विवाद व पेड़ को लेकर पुनः एक बार फिर दोनो पक्ष आपस मे उलझ गए और जमकर लाठी डंडा चली है। उक्त विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के अनुज चौधरी के अलावे, उसकी पत्नी व पुत्र-पुत्री सहित अन्य परिवार अपने जान बचाव को लेकर घर से भगा लीये है। वही उक्त मारपीट की घटना में अनुज की पुत्री रुचि का हाथ पूरी तरह से टूट चुका है। जबकि पुत्र को बेरहमी से मारापीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया है। घटना के सभी जख्मी परिवार का ईलाज स्थानीय बिहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर किया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित महिला उषा देवी ने बिहपुर थाना में आवेंदन देकर मारपीट का मामला दर्ज कराया है। वादी ने मुख्य रूप से जयहिंद चौधरी सहित कुल अज्ञात तीन चार लोगों के साथ साथ उनके परिवार के लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर बताया गया है कि आवेंदन मिलते ही बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने एसआई विद्यानंद तिवारी को घटनास्थल पर जाकर मारपीट मामले की जांच करने का आदेश दिये गये थे। वही जब एसआई श्री तिवारी अपनी पुलिस टीम के तीन सिपाही व एक चौकीदार के साथ आरोपी जयहिंद चौधरी के घर पहुंचे थे, तो उन्हें जांच पड़ताल के दौरान जयहिंद चौधरी व उनके समर्थकों ने पुलिस के साथ अपशब्द भाषा व अभद्र व्यवहार करने लगा। जिसके बाद एसआई ने जयहिंद चौधरी को मौके पर हिरासत में लेकर थाना ले जाया जा रहा था, इसी क्रम में आरोपी जयहिंद के समर्थकों व उसके परिवार के चार लोगों ने जबरन एसआई श्री तिवारी के साथ धक्का मुक्की शुरू कर दी। जिसके बाद जयहिंद के पुत्र व अन्य लोगों ने एसआई के हाथ व बांह में दांत काटकर आरोपी जयहिंद को हिरासत से छुड़ाकर भगाने का प्रयास किया है। वही इस बीच मौका देख जयहिंद पुलिस से हाथ छुड़ाकर मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन मौजूद सशस्त्र बलों के द्वारा पुनः आरोपी को खदेड़कर हिरासत में ले लिया गया था। वही दुबारा आरोपी जयहिंद के परिवार वालो ने मौजूद पुलिस बलों के साथ धक्का मुक्की कर आरोपी जयहिंद को छुड़ाकर भगा दिया गया है।

सेवानिवृत्त प्रो. दिनेश की हृदय गति रुकने से हुई मृत्यु

नवगछिया (भागलपुर)। रंगरा प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत मदरौनी गांव स्थित मकनपुर चौक के प्रो. दिनेश प्रसाद सिंह 86 वर्ष की आयु में अचानक हृदय गति रुक जाने से सर्वगवास हो गये है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक विगत कुछ वर्षों से वे शारिरक तौर पर बीमार चल रहे थे। इस बाबत उनके पुत्र ने बताया कि वर्ष 2001 में निर्मली कॉलेज निर्मली सुपौल से सेवानिवृत्त हुए थे। अपने सेवाकार्य को लेकर दिवंगत प्रो. दिनेश द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में इतिहास विषय के विभागाध्यक्ष के रूप में योगदान दे रहे थे। प्रो. साहब अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को बीच सफर में ही छोड़ गये हैं। वही उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा के गलियारे में शोक फैल गई है। कई गणमान्य व शिक्षाविद् उनके दिवंगत पार्थिव शरीर के दर्शन हेतु उनके घर पर पहुंच रहे थे। बताते चलें कि वो अपने पीछे पत्नी मीणा देवी, पुत्र दीपक कुमार सिंह, कृषि समन्वयक गोपालपुर एवं दिलीप कुमार सिंह, किसान सलाहकार रंगरा के अलावा दो पुत्री क्रमशः कुमकुम सिंह, सोमनाथपुर कहलगांव एवं पूनम सिंह, बोरण्य, खगड़िया जिला सहित पोता-पोती, नाती-नतनी समेत घर भरा परिवार छोड़ कर गये है।

दावत ए इफ्तार का हुआ भव्य आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के बभनगामा पंचायत काजीटोला जामा मस्जिद परिसर में गुरुवार को सरपंच सुल्तान किंग की अगुवाई व युवाओ के सहयोग से माह ए रमजान मुबारक पाक महीने के मौके पर दावत ए इफ्तार का आयोजन कराया गया। इस दावतें इफ्तार में हिंदू-मुस्लिम एकता देखने को मिला। सभी मिलकर साथ में रोजा खोलें। इस मौके पर बिहपुर के जिप सदस्य मोईन राईन, मुखिया मोहम्मद गुलजार, मुखिया मो. सलाउद्दीन, पैक्स रबुल हसन, रोहित आनंद शुक्ला, समाजसेवी मो. जहांगीर, शेख मकबूल, मो. इरफान आलम, मो. इबरार आलम, मो. पुतुल, पंसस प्रतिनिधि मो. जावेद, शिक्षक मो. साहिन अख्तर, मो. वसीम अकरम, मो. वाजिद अली, जावेद खान, मो. आजम, मो. रिंकू, मो. गुलजार समेत कई समाजसेवी व अन्य मौजूद थे।

मतदाता जागरूकता रैली सह मानव श्रृंखला का किया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के बिहपुर प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में एसईईपी कार्यक्रम अभियान के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर क्षेत्रीय बीपीएम जीविका के नेतृत्व में धर्मपुर पूर्वर्ती पंचायत के जयरामपुर इलाके में द्रौपदी जीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़ी सभी जीविका दीदी द्वारा जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाता को मतदान करने में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि क्षेत्र के सभी मतदाता संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंच अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने को लेकर नारा लगाकर लोगो को जागरूक करने हेतू मतदान के लिए प्रेरित किया है। इस मौके पर जीविका बीपीएम के अलावा, क्षेत्रीय समन्वयक, सामुदायिक समन्वयक एवं स्थानीय सीएम दीदी व अन्य मानव श्रृंखला कार्यक्रम में शामिल थी।

जनता दरबार का हुआ आयोजन 54 आवेदनों की हुई सुनवाई

मोतिहारी। डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 54 आवेदन कताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई ।प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा ।आज स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए ।जिसका शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया ।

नोटिस का तामिला कराने गए दो चौकीदार के साथ हुई नोक-झोक

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर थाना में पदस्थापित चौकीदार के साथ नोक झोक किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर चकप्यारे झंडापुर के मो. जनीफ मंसूरी पिता स्व रसूल मंसूरी ने विगत दो अप्रैल को झंडापुर थाना में लिखित आवेंदन देकर केस दर्ज कराया है। थाना में दिये गए लिखित आवेंदन में चौकीदार जनीफ ने कहा है कि विगत दो अप्रैल की सुबह करीब साढ़े दस बजे एक अन्य चौकीदार मरवा के शिव शंकर पासवान पिता स्व. सिपाही पासवान के साथ न्यायालय कार्यपालक दंडाधिकारी अनुमंडल नवगछिया के मिस केस संख्या- 282/24 में दयालपुर के कुल पांच लोगों के विरुद्ध निर्गत नोटिस तालीम हेतू झंडापुर थाना से प्राप्त कर जब अभियुक्त नवनीत झा पिता मनोरंजन झा उर्फ लड्डू के घर पर पहुंचा और नोटिस प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया गया तो वही अभियुक्त नवनीत झा ने उक्त नोटिस को पढ़कर फेंक आगबबूला हो दोनो चौकीदार के साथ धक्का मुक्की करते हुए गाली-गलौज कर मारपीट करने को उतारू हो गया। वही जब चौकीदार ने अभियुक्त द्वारा गाली-गलौज करने का विरोध किया तो उसने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए धक्का मुक्की कर अपने घर के दरवाजे से भगाने लगा। वही मौके पर ही झंडापुर थानाध्यक्ष को फोन लगाकर अभियुक्त ने गाली गलौज कर दिया। जबकि दोनो चौकीदार को धक्का देकर अपने घर से भगाते हुए देख लेने की धमकी भी दी है। जिस कारण अभियुक्त नवनीत झा और हरेराम झा के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत नोटिस का तामिला नही हो पाया है। वही मामले को लेकर पीड़ित चौकीदार ने अपने लिखित आवेंदन में अभियुक्त नवनीत झा पर उचित कानूनी कार्यवाई की मांग की है।

भक्ति भरा जुठे बेर खिलाकर शबरी हुई श्राप मुक्त: विवेक सागर

प्रात: किरण संवाददाता

बारियापुर (मुंगेर)।भक्ति भरा जुठे बेर खिलाकर शबरी हुई श्राप मुक्त उक्त बातें खड़िया गांव के वैष्णवी दुर्गा स्थान में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा में श्री बालाजी आश्रम वृंदावन मथुरा से आए विवेक सागर दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को सुनाते हुए कहा एक पौराणिक कथा के अनुसार, शबरी का विवाह शराबी के साथ हो गया। यही वजह थी कि शबरी घर छोड़कर जंगल में चली गईं। वहां माता शबरी प्रेम से रहने लगीं और पशु-पक्षियों की सेवा करने लगीं। दिनचर्या के तौर पर शबरी जंगल में ऋषि मुनियों की सेवा करने लगी। शबरी के बारे में जानकर ऋषियों ने कहा कि वो भील जाति से आती हैं, ऐसे में ऋिषियों की सेवा का अधिकार उन्हें नहीं है। फिर एक ऋषि ने शबरी माता को श्राप दे दिया ऋषि-मुनियों के श्राप से उद्धार के लिए मतंग ऋषि ने शबरी को बताया कि श्रीराम के हाथों तुम्हारा बेर खाने के बाद उद्धार होगा शबरी की श्रीराम के प्रति गहरी आस्था थी। वे अपने प्रभु श्रीराम को बहुत मानती थीं। उन्होंने, एक-एक बेर को पहले चखा। फिर उसमें से जो बेर मीठे थे उसको श्रीराम के लिए रखा।

उप नगर आयुक्त को दाखिल खारिज जांच करने का निर्देश

गया। नगर निगम मे राजस्व बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में राजस्व की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में, उप नगर आयुक्त, राजस्व पदाधिकारी, प्रोजेक्ट मैनेजर स्पैरो एवं राजस्व से संबंधित सहायकों ने राजस्व समीक्षा में भाग लिया है। समीक्षा में निर्णय लिया गया की वैसे भवन जिसमें किराएदार रहते हैं एवं किसी भी प्रकार के निर्माण में परिवर्तन किया गया हो उन्हें चिन्हित कर नगर निगम की टीम एवं स्पैरो की टीम को साथ में मिलकर कर बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया गया है। कई आवेदनों में आवेदक के द्वारा मोबाइल नंबर अंकित नहीं किए जाने के कारण समय पर आवेदनों की कार्यवाही पूरी नहीं हो पाती है।

जो हर पल सतर्क रहेगा अगलगी की दुर्घटना से हमेशा बचेगा : जिला पदाधिकारी

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन को इन दिनों हो रहे अग लगी की घटना से बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है ।उक्त के आलोक में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन द्वारा आमजन सहित किसानों को अग लागी से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि अग लगी से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन क्रियाशील है और इन दिनों हो रहे अग लगी की घटना के पश्चात पीड़ितों को समुचित मुआवजा एवं लाभ भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन तथा किसानों को इसके प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए कहा कि जो हर पल सतर्क रहेगा, आग लगी की दुर्घटना से बचेगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पछुआ हवा के समय गांवों व शहरों में विशेष कर झुग्गी-झोपड़ी एवं खेत-खलिहानों में अग। लगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग लगी से मानव क्षति के साथ-साथ जानवरों एवं सम्पतियों की भारी क्षति होती है। अगर सावधानी बरतें तो अगलगी जैसी विनाशकारी घटना को रोक सकते हैं। अगलगी से बचाव हेतु इन सलाह पर ध्यान दिया जाए तो अगलगी की घटना से बचाव संभव है। झुग्गी झोपड़ी वाले लोग दिन का खाना 9:00 बजे सुबह से पहले तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें। खाना बनाते समय सूती कपड़े पहन कर खाना बनाएं। खाना बनाने के बाद चुल्हे के आग को जल्दी से पूरी तरह बुझा दें। रसोई घर के आस-पास आग बुझाने के लिए मिट्टी या बाडू को बोरे में भरकर साथ ही दो-तीन बाल्टी पानी जरूर रखें। घर यदि फूस का हो तो उसकी दिवाल पर मिट्टी का लेप जरूर कर दें। खाना बनाने के बाद रसोई गैस के रेगुलेटर को बंद कर दें।

बगहा में फाइनेंस कंपनी के कर्मी से 50 हजार रुपये की लूट

बेतिया(घनश्याम)।बगहा में भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मी से अज्ञात अपराधियों ने 50 हजार रुपए की लूट कर ली। घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 2:15 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार भारत फाइनेंस कंपनी का कर्मी जितेंद्र कु साह पिता प्रभु साह बगहा पुलिस जिला के लौकरिया थाना क्षेत्र के नीतीश नगर से किस्त की राशि वसूली कर नीतीश नगर से पगडंडी के रास्ते बाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन आ रहा था।इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने फाइनेंस कर्मी से करीब 50 हजार की लूट कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची लौकरिया थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।लौकरिया थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि कर्मी के द्वारा 50 हजार रुपया लूट की सूचना दी गई है।

दियारा इलाके में किसानों की फसलों पर है अपराधियों की निगाहें

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के इस्माइलपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगा दियारा क्षेत्र में सैकड़ो एकड़ फैली फसल की खेत पर किसानों की लगी फसलों की लूट योजना को लेकर इलाके के अपराधियों गिरोह सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाते दिख रहा है। अपराधियों की निगाह किसानों के लहलहाती फसलों को लेकर आए दिन कई तरह की घटनाएं सामने आती रही है। वहीं इस बाबत किसान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर न्याय की गुहार ले भागलपुर जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों के कार्यालय का लगातार चक्कर काट रहे हैं, किसान अपने न्याय की गुहार ले आवेदन देकर अपनी फसलों की अपराधियों से बचाव व जानमाल सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। वही अपराधी गिरोह सक्रिय रूप से किसानों की मेहनत से उपजाऊ सैकड़ों एकड़ की फसल को लूट लिये जाने की जद्दोजहद में लगे हैं, जिसके बचाव किये जाने के साथ उनके फसलों को घर तक सुरक्षित पहुंचा दिये जाय की बात कही गई है। वही इस बाबत किसानों ने नवगछिया एसपी को भी आवेदन देकर फसलों की सुरक्षा त्राहिमाम के गुहार लगाई हैं। किसानों के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में प्रवीण कुमार पिता स्व. जगदीश मंडल, अशोक कुमार यादव, पिता स्व महेन्द्र यादव, अधिक लाल मंडल, विजय शर्मा, धनंजय जसवाल, इलचर मंडल पिता स्व. भुजंगी मंडल सभी साकिन फुलकिया, थाना इस्माईलपुर हाल पता ग्राम आदर्श नगर फुलकिया थाना घोघा, भागलपुर व राजीव यादव, पवन कुमार यादव, अरविन्द यादव तीनों ग्राम कामलाकुण्ड, थाना इस्माईलपुर जिला भागलपुर करीब स्थानीय पाँच गाँव के किसान द्वारा, इस्माईलपुर मौजा, खाता संख्या- 1518, खेसरा 2172, 2173 2174, 2201, 2207 2208 रकवा 16 बीघा, जमीन में सरसों, मकई व खेसारी की फसल लगायें गये है। विदित हो कि करीब तैईस किसान बजाय रजिस्ट्री के वाला जमीन खरीद कर दाखिल-खारिज जमाबंदी अपने नाम कायम कराकर बिहार सरकार को माल गुंजारी देकर राजस्व रसीद हल्का तक का है, साथ ही कैवाला खरीदगी की तिथि से हमलोग जमीन का जोत आवाद उपभोग फसल पैदावार बढ़ाने के साथ अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आ रहे है।

संक्षिप्त समाचार

टूट गया उसेन बोल्ट का रिकॉर्ड

16 साल के लड़के निकेको ब्रॉमवेल ने चीते को पछाड़ा, धरती पर इसके जैसा कोई नहीं!

जमैका (एजेंसी)। जब बात होती थी धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले जीव की तो दो ही नाम सूझता था, एक चीता और दूसरा उसेन बोल्ट, लेकिन अब ये इसमें से एक नाम अब बदल गया है। अब चीते के बाद

सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट नहीं बल्कि निकेको ब्रॉमवेल हैं। जब बात होती थी धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले जीव की तो दो ही नाम सझूता था, एक चीता और दूसरा उसेन बोल्ट, लेकिन अब ये इसमें से एक नाम अब बदल गया है। अब चीते के बाद सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट नहीं बल्कि निकेको ब्रॉमवेल हैं। हैरानी की बात यह है कि ब्रॉमवेल भी जमैका के ही रहने वाले हैं।

आर्चर की चोटें चिंता का विषय

स्टोक्स का टी20 विश्व कप में नहीं खेलना सही : स्टुअर्ट ब्रॉड

मुंबई (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने करिश्माई आलराउंडर बेन स्टोक्स के फिटनेस कारणों से इस साल के टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया लेकिन तेज गेंदबाज जोफा आर्चर की चोटों पर चिंता व्यक्त की।

ब्रॉड ने कहा कि गत चैम्पियन इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी खलेगी लेकिन टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद हैं। ब्रॉड

ने कहा, 'बेन ने खुद की बेहतरी के लिए जो भी फैसला किया है, वह सही है। बेन स्टोक्स ने अपने करियर में कुछ शानदार फैसले लिए हैं जो उनके करियर के लिए फायदेमंद भी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, 'वह वैसा ही आलराउंडर बनना चाहता है जैसा वह हुआ करता था। वह कुछ कार्यभार कम करना चाहता है और टी20 विश्व कप के दबाव को देखते हुए यह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।

वहीं आर्चर को अपनी गेंदबाजी करने वाली बांह की चोट से उबरने में काफी मुश्किल हो रही है और इंग्लैंड के लिए दो साल का अनुबंध मिलना दिखाता है कि टीम प्रबंधन को उनकी जल्द वापसी का विश्वास है। ब्रॉड ने कहा कि वह विश्व कप में उनकी वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हां, यह चिंता का विषय है। पहली बात तो वह मेरा मित्र है, मेरा साथी है और विश्व क्रिकेट के लिए शानदार प्रतिभा है। वह मैच विजेता है।

पिता पुलिस में डीआईजी बेटा गेंदबाजों के लिए विलेन...

ऐसा धांसू है शशांक सिंह का क्रिकेट करियर

भोपाल (एजेंसी)। शशांक सिंह ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2024 में असंभव स्थिति से गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दिलाई। जब शशांक क्रीज पर उतरे तो पंजाब के जीत की संभावना 5 प्रतिशत से भी कम थी। 200 रनों का लक्ष्य का पीछा करते समय टीम ने 70 रन पर 4 विकेट खो दिए थे। 29 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाकर शशांक ने अपनी टीम को जीत दिला दी। पंजाब किंग्स के कमबैक के साथ ही शशांक की पारी लंबे समय तक याद रखी जाएगी। काफी लोग शशां को युवा खिलाड़ी मान रहे हैं लेकिन वह 32 साल के हो चुके हैं। ऐसा है उनका क्रिकेटिंग सफर बताते हैं।

छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुआ था जन्म- शशांक सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुआ था। उनके पिता आईपीएस अधिकारी हैं। इसकी वजह से शशांक बचपन में कई जगह रहे। जब उनके पिता की पोस्टिंग जबलपुर में थी तो पहली बार एकेडमी जाकर खेलना शुरू किया था।

मुंबई में जाकर पसीना बहाया

शशांक सिंह इसके बाद मुंबई पहुंचे। वहां जाकर उन्हें पता चला कि क्रिकेट कितना मुश्किल होता है। फिर वहां के मैदानों में शशांक ने जमकर पसीना बहाया। 2015 में उन्हें मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का मौका मिला।

ज्यादा मौके नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ पहुंचे

बल्लेबाजी के साथ ही ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले शशांक को मुंबई के लिए चार सीजन में 15 टी20 और तीन लिस्ट ए गेम खेलने का मौका मिला। इससे वह काफी निराश हो गए।

एक ही मैच में 150 रन और 5 विकेट

छत्तीसगढ़ जाने के बाद शशांक सिंह को ज्यादा मौके मिलने लगे। उन्हें फर्स्ट क्लास डेब्यू का भी मौका मिला। 2023 में उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में 150 से ज्यादा रन बनाने के अलावा 5 विकेट लिए। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं।

कैसा है शशांक सिंह का रिकॉर्ड

30 लिस्ट ए मैच में शशांक ने 41 की औसत और 110 की स्ट्राइक रेट से 986 रन बनाए हैं। 21 फर्स्ट क्लास मैच में उनके 858 रन हैं। 59 टी20 में 141 की स्ट्राइक रेट से 815 रन मारे हैं। इसके अलावा उनके नाम 60 विकेट भी दर्ज हैं।

आईपीएल में चार टीमों का रहे हिस्सा

आईपीएल 2017 में शशांक दिल्ली की टीम में थे। फिर 2019 से 2021 कर राजस्थान रॉयल्स के साथ रहे। दोनों टीमों ने उन्हें खेलने का मौका नहीं दिया। 2022 आईपीएल में वह सनराइजर्स हैदराबाद में थे। लॉकी फर्ग्यूसन के खिलाफ उन्होंने हैट्रिक छक्का मारा था। 9 आईपीएल पारी में शशांक 174 की स्ट्राइक रेट से 160 रन बनाए हैं।

पंजाब किंग्स के स्टार आशुतोष शर्मा का खुलासा

'मेरी फ्लाइट बुक थी... उन्होंने मुझे रुकने के लिए कहा'

अहमदाबाद (एजेंसी)। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आशुतोष शर्मा ने खुलासा किया कि कैसे वह ट्रायल के बाद जाने के लिए तैयार थे, लेकिन रुक गए और आखिरकार अपने पहले आईपीएल सीजन में फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए। आशुतोष ने गुजरात पर जीत में पीबीकेएस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। गुजरात के खिलाफ 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने 15.3 ओवर के बाद 6 विकेट पर 150 रन बना लिए थे, तभी आशुतोष क्रीज पर आए और शशांक सिंह के साथ 22 गेंदों में 43 रनों की मैच विजयी साझेदारी की।

आईपीएल वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में आशुतोष ने कहा कि वह अपने पीबीकेएस ट्रायल के बाद घर जाने के लिए तैयार थे, जब तक कि टीम प्रबंधन ने उन्हें एक अतिरिक्त दिन रुकने के लिए नहीं कहा। रेलवे के बल्लेबाज ने खुलासा किया कि उन्हें एक अन्य आईपीएल टीम द्वारा अनुबंध की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने पीबीकेएस के साथ रहने का फैसला किया और अंततः टीम में शामिल हो गए।

आशुतोष ने एक वीडियो में कहा, मैंने पंजाब के साथ अपना परीक्षण अच्छा किया और घर के लिए रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार था। मैंने रात के लिए अपनी फ्लाइट बुक की थी, लेकिन फिर उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि 'एक और दिन रुकें।' मुझे एक और ट्रायल के लिए जाना था।

पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

पर्थ (एजेंसी)। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।

भारत ने आखिरी बाद 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।

हेड टू हेड

कुल मैच	- 43
ऑस्ट्रेलिया	- 28 जीत
भारत	- 8 जीत
ड्रॉ	- 7
समय	- दो बजे से।

योजना अच्छी शुरुआत देने की थी लेकिन मैं दुर्भाग्य से आउट हो गया : शिखर धवन

अहमदाबाद(एजेंसी)। पंजाब किंग्स रिकॉर्ड छठी बार 200 या इससे ज्यादा का स्कोर चेज करने वाली आईपीएल की पहली टीम बन गई है। पंजाब ने मुंबई इंडियंस (5) को पीछे छोड़ दिया है। खास बात यह है कि पंजाब ने तीन बार शिखर धवन की कप्तानी में ही 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य अपने नाम किया। पंजाब ने अहमदाबाद के मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में एक वक्त 111 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे। ऐसे समय में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने महत्वपूर्ण पारियां खेलकर इतिहास बना दिया। मुकाबला जीतने के बाद पंजाब के कप्तान शिखर धवन काफी खुश दिखे।

धवन ने कहा कि यह एक अद्भुत खेल था, बहुत करीबी, मुझे खुशी है कि लड़कों ने काम किया। योजना अच्छी शुरुआत देने की थी लेकिन मैं दुर्भाग्य से आउट हो गया लेकिन पावरप्ले के अंत में हम 60 रन के आसपास थे, हमने साझेदारियां बनाना जारी रखा और शशांक आए और वास्तव में अच्छा खेला।

धवन ने कहा कि शशांक ने जिस तरह से आकर छक्का मारा, वह शानदार था। जिस तरह दबाव में आकर उन्होंने बल्लेबाजी की। वह अच्छा था। वह सहज लग रहा था। उन्होंने नंबर 7 से शुरुआत की और अब अपनी सकारात्मक मानसिकता दिखा रहे हैं। वह लंबे समय के बाद आईपीएल में खेल रहे हैं और उन्होंने बहुत अच्छा खेला। मैं आशुतोष का भी जिक्र करूंगा, उन्होंने दबाव में आकर अच्छी पारी खेली।

मैच की बात करें तो पंजाब के लिए मध्यक्रम बल्लेबाजों का प्रदर्शन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम के लिए जीत लेकर आया। गुजरात ने पहले खेलते हुए शुभमन गिल के 89 रनों की बदौलत 199 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब ने 111 रन पर ही 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद शशांक सिंह और इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे आशुतोष शर्मा ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए और अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। शशांक ने जहां 61 रन बनाए तो आशुतोष ने 17 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम की जीत में अहम रोल निभाया।

क्रिकेट वर्ल्ड के 5 धाकड़ अपनी टीम के लिए बने 'पनौती', एक का औसत 8 से भी कम

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में अब तक 17 मैच हो चुके हैं। अंगकृष रघुवंशी, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा, मयंक यादव, रियान पराग सहित कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपनी टीमों के लिए अभी तक पनौती साबित हुए हैं। उन्हें क्रिकेट की दुनिया का बड़ा सितारा माना जाता है, लेकिन मैदान पर वे बुरी तरह फेल हो रहे हैं। एक का औसत तो सिर्फ लगभग 8 है। यह खिलाड़ी हैं शामिल... ।

अबकी जोस बटलर का जोश हवा हवाई- इंग्लैंड के कप्तान बटलर हर बार राजस्थान के लिए एक्स फैक्टर साबित होते

थे। इस बार बटलर का बल्ला पूरी तरह खामोश है। उनके बैट से 3 मैचों में सिर्फ 35 रन निकले हैं। उनका औसत 11.66 और स्ट्राइक रेट 85.36 है। हालांकि, उनकी टीम ने सभी 3 मैच जीते हैं।

मुंबई की कप्तानी नहीं आ रही हार्दिक पंड्या को रास- गुजरात टाइटंस को चैंपियन और फिर रनरअप बनाने के बाद रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनने वाले हार्दिक पंड्या के लिए यह सीजन बेहद बुरा जा रहा है। उन्होंने हर मैच में अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। 3 मैचों में उनके नाम 69 रन हैं और सभी में उनकी कप्तानी को लेकर सवाल उठाए गए। अब देखने वाली बात यह है कि हार्दिक बाउंस बैक कर पाते हैं या नहीं।

आईपीएल के लिए इंटरनेशनल करियर दांव पर लगाने वाले ईशान किशन

आईपीएल से पहले इंटरनेशनल सीरीज और डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से विवादों में आए ईशान किशन के लिए यह सीजन अभी तक किसी बुरे सपने की तरह साबित हुआ है। उन्होंने 3 मैच खेले हैं और सिर्फ 50 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस सभी 3 मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे है।

ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत में मिचेल मार्श से ओपनिंग कराने की सोची। दलील थी कि डेविड वॉर्नर और मार्श दोनों ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपन करते हैं। हालांकि, बात बनी नहीं। मिचेल मार्श 4 मैच खेलकर सिर्फ 61 रन बना सके हैं, जबकि उनके बल्ले से 8 चौके और एक छक्का निकला है। दिल्ली ने 4 में से सिर्फ एक मैच जीता है।

कर्ज है तो किडनी बेच लो ना; 100 से ज्यादा गरीब बांग्लादेशी बने शिकार, बड़े कांड का खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के गरीब जरूरतमंदों को गुरुग्राम लाकर अवैध तरीके से जयपुर में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ गुरुवार को गुरुग्राम में हुआ। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ने गुरुवार को एक होटल में छापा मारकर किडनी ट्रांसप्लांट करवा चुके मरीज, डोनर और ट्रांसप्लांट करवाने के लिए आए 9 मरीजों को पकड़ा। रैकेट 100 से अधिक लोगों की किडनी निकालकर बेच चुका था। गिरोह का सरगना रांची का रहने वाला मोहम्मद मुर्तजा अंसारी है, जिसे पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का सरगना बीते कई सालों से यह गोरखधंधा चला रहा है। गिरोह की सक्रियता सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर और बांग्लादेश में है। पुलिस के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी फेसबुक पेज और अपने नेटवर्क के जरिये कर्ज में डूबे बांग्लादेश के गरीब लोगों को रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए संपर्क करता था। पुलिस गिरोह के सदस्यों का पता लगाने के लिए सरगना की तलाश कर रही है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, सरगना मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने जगह-जगह अपने एजेंट बनाए हैं। वह किडनी लेने और देने वालों के पास इन एजेंटों को भेजता था। छापेमारी के दौरान होटल के एक कमरे में बांग्लादेश का 24 वर्षीय शमीम मेहंदी असन मिला। उसने हिन्दुस्तान को बताया कि दुकान बेच देने के बावजूद उसका कर्ज नहीं उतरा। उसके बाद फेसबुक पर रुपये के बदले किडनी डोनेट के बारे में पता

चला। उसने ब्लड ग्रुप लिखने के साथ ही किडनी डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। कुछ दिन बाद एक एजेंट ने उससे संपर्क किया। बांग्लादेश में मिलने के बाद उसने पूरी प्रक्रिया बताई। फिर मोहम्मद मुर्तजा अंसारी ने संपर्क किया और चार लाख रुपये उसने देने का वादा किया। गिरोह ही मेडिकल वीजा पर बांग्लादेश से हवाई जहाज से दिल्ली लाया और गुरुग्राम के होटल में उसे रुकवाया गया। फिर उसे जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में लेकर गए और वहां पर कुछ टेस्ट करवाए।

सभी रिपोर्ट ठीक आने पर बीते सप्ताह उनकी किडनी निकालकर बांग्लादेश के 66 वर्षीय इस्लाम नुरुल को ट्रांसप्लांट कर दी गई। गिरोह स्वास्थ्य में सुधार के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित बबील पैलेस होटल में मंगलवार को दोनों को वापस ले आया। शमीम ने बताया कि उसे एक किडनी देने के लिए बांग्लादेशी मुद्रा में चार लाख रुपये मिले। दो लाख रुपये पहले और दो लाख रुपये ट्रांसप्लांट होने के बाद मिले। उसने रोते हुए कहा कि सिर्फ कर्ज उतारने के लिए उसने किडनी दी। 17 फरवरी को भारत आए कुछ ऐसी ही बातें बांग्लादेश के रूबियल करीम ने बताई। उन्होंने बताया कि अपने 27 वर्षीय बेटे का किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए उन्होंने किसी के माध्यम से मोहम्मद मुर्तजा अंसारी से संपर्क किया। दस लाख रुपये में डोनर मिलने के बाद 17 फरवरी को भारत आए। गुरुग्राम में उन्हें रुकवाया गया, फिर जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। वहां रिपोर्ट ठीक न आने पर उनको गुरुग्राम के होटल में ठहराया गया है।

पुलिस के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अंसारी की जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में गहरी पैठ थी। किडनी डोनर की जरूरत होने पर मरीज को दो से तीन दिन में उपलब्ध करवा देता था। इसके लिए वह दस लाख रुपये लेता, जबकि किडनी डोनेट करने वालों को चार लाख देता था। इसके लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराता था सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि ब्लड रिलेशन या फिर किसी दूसरे से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के लिए जिला स्तर पर बनी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। कमेटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने के बाद ही प्रकिया होती है, लेकिन बिना अनुमति लिए अवैध तरीके से ट्रांसप्लांट किया जा रहा था। गिरोह 30 साल से कम उम्र वाले डोनर को ज्यादा तवज्जो देता था। इसकी वजह यह है कि उनका स्वास्थ्य अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठीक होता है। छापेमारी के दौरान होटल में जो डोनर मिले, उनकी उम्र 24-25 साल की है, जबकि जिन्हें किडनी की जरूरत थी, उनकी उम्र 32 से लेकर 66 के बीच में है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को राजस्थान की एसीबी से गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बबील पैलेस होटल में बांग्लादेशी लोगों के रुके होने की सूचना मिली थी। गुरुवार सुबह सात बजे संयुक्त टीम होटल में छापेमारी के लिए पहुंची। राजस्थान एसीबी मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। पुलिस ने होटल में मिले सभी नौ बांग्लादेशियों के मोबाइल फोन, ट्रांसप्लांट के दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त कर ली है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि किडनी लेने-देने से जुड़े फेसबुक पर दस से ज्यादा पेज हैं। उन पेजों पर मैसेज करने पर एजेंट संपर्क करता है।

संक्षिप्त समाचार

कपिल शो पे चढ़ा क्रिकेट का बुखार, आए रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर बनकर मेहमान

मुंबई, एजेंसी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो, जिसका प्रीमियर 30 मार्च को हुआ, पहले ही पूरी दुनिया में धूम मचा चुका है! इस शो को बहुत अच्छी शुरुआत मिली है, और यह 14 देशों में ट्रेंड हो रहा है। इस शनिवार को कपिल शर्मा और उनकी पूरी टीम क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अइयर का स्वागत करेंगेढ़ इन दोनों के साथ सेट पर खूब सारी चर्चा और हंसी मजाक देखने को मिलेगा दोनों खिलाड़ियों की घनिष्ठ दोस्ती साफ़ दिखाई दे रही थी, जब वो पूरे एपिसोड में एक दूसरे की खूब 'टांग-खिंचाई' कर रहे थे। उन्होंने क्रिकेट मैदान के अंदर और बाहर के अनेक किस्से सुनाए। रोहित की गुगली से लेकर श्रेयस के सिक्सर तक, इन दोनों की बिंदास बातचीत और पहले कभी ना देखी गई मस्ती देखना ना भूलें। इस बातचीत ने नया मोड़ तब ले लिया, जब सुनील ग्रोवर ने इंजीनियर चुंबक मित्तल के रूप में आकर 'माहौल' को मनोरंजित कर दिया। उन्होंने सीधे-सीधे रोहित से इंडियन क्रिकेट टीम में जगह मांग ली (क्या!), हाँ, इतना जरूर माना की वो ओपनिंग बल्लेबाजी नहीं करना चाहते ङ्क इस पर रोहित ने कहा, ओपनिंग तो भूल ही जाओ यार! सुनील फिर भी टीम में शामिल होने पर अड़े रहे और कहा कि वो निचले क्रम में 11वें नंबर पर भी बैटिंग करने को तैयार हैं, क्योंकि उनकी कौन सी बैटिंग आती है, और अगर बैटिंग आ भी गई तो मैं बोल दूंगा कि तुम्हारे दस कुछ नहीं कर पाए तो मैं क्या कर लूंगा। इस पर रोहित ने कहा, ये बात मोहम्मद शमी, बुमराह, ये सब हमको बोलते हैं। हम देखते हैं ना कि 10थ या 11थ नंबर जब बैटिंग करते हैं, हम बोलते हैं यार 10 रन बना ले भाई, उनकी भी यही थिंकिंग रहती है - तुम तो बना नहीं पाए, पर हमसे एक्सपेक्ट कर रहे हो!

असम में पुलिस को बड़ी सफलता, 210 करोड़ की हेरोइन जब्त

कछार (असम)। असम में इन दिनों ड्रग्स मुक्त राज्य की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एसटीएफ असम और कछार पुलिस ने संयुक्त अभियान में सिलचर में 21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 210 करोड़ रुपये है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं इस मामले की जांच जारी है। इसे लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी देते हुए असम पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने यह जक्रि भी किया कि यह ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियान को लेकर राज्य में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस संयुक्त ऑपरेशन का प्रतिनधित्व असम एसटीएफ के आईजीपी पार्थ सारथी महंता और कछार पुलिस के एसपी नुमल महत्ता ने किया। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एसटीएफ की टीम ने सईदपुर के पास वाहन रूू01-7204 की जांच की इस दौरान उन्हें प्योर फॉर्म में 21 किलो ग्राम हेरोइन जब्त की। यह इलाका कछार जिले के सिलचर पुलिस थाने के अंतर्गत आता है। आईजीपी, एसटीएफ ने बताया कि दस दिन पहले उन्हें इनपुट मलिा था कि पड़ोसी राज्य से ड्रग्स का बड़ा कन्साइनमेंट राज्य में आने वाला है, जहां से इसे दो बड़े शहरों में सप्लाई किया जाएगा।

चुनाव अधिकारियों ने बीच रास्ते में रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की कार

ऊटी, एजेंसी। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से सभी पार्टियां लोगों को लुभाने की कोशिश में है। इस बीच चुनाव में पैसे का गलत इस्तेमाल न हो इसके लिए चुनाव आयोग अपनी कड़ी नजर बनाए हुए हैं। तमिलनाडु में भी यही आलम है, यहां चुनाव के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो रखे हैं। इसके चलते तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी की गाड़ी तक को चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने रोक दिया। चुनाव अधिकारियों ने गाड़ी की जांच के लिए कई देर तक इसे रोके रखा। चुनाव अधिकारी हर राज्य में दिखा रहे सख्ती लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग का उड़न दस्ता जगह-जगह जांच अभियान चला रहा है। चुनावों में गलत चीजों के इस्तेमाल को रोकने के लिए यह अभियान चला रहा है।

दिल्ली की तीन लोकेशन, तीन पॉलिथीन बैग में मिले शव के टुकड़े, पुलिस ने कैसे सुलझाई रशियन शख्स की मर्डर मिस्ट्री

नई दिल्ली, एजेंसी। बाहरी दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर पुलिस को पॉलिथीन बैग्स मिले जिसके अंदर शरीर के टुकड़े थे, इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा लिया गया है। तीनों स्थानों से मिले शरीर के अंगों का डीएनए टेस्ट कराया गया। जिससे पता चला कि यह एक ही शख्स के हैं। हालांकि मृतक की पहचान के लिए टेस्ट रिपोर्ट काफी नहीं थी। इसी बीच 28 जनवरी को पुलिस ने 41 साल के गौरव किशोर को गिरफ्तार किया जिसकी मदद से पुलिस मर्डर मिस्ट्री को सुलझा पाई। माना जा रहा है कि सभी बॉडी पार्ट्स एक रशियन आदमी के हो सकते हैं, जो लापता है।

पिछले साल 21 और 22 दिसंबर को दिल्ली पुलिस को राजधानी में तीन लोकेशन से तीन पॉलिथीन बैग जिले। इनमें बिना हाथों वाली बांह, लिंब्स, पुरुष का निचला धड़, और में गर्दन से जुड़ी छाती थी। जनवरी 2024 में डीएनए टेस्ट से पता चला कि ये सभी अंग एक ही व्यक्ति के थे। एक पुलिस अधिकारी ने हिंदुस्तान टाइम्स को बताया, आरोपी ने दावा किया कि पिछले साल 20 दिसंबर को उसने एक रशियन आदमी की हत्या कर दी थी, जिसके साथ वह 2014-2023 तक तिहाड़ जेल में बंद था। उसने कहा कि पीड़ित स्पेशल सेल द्वारा दर्ज नशीले पदार्थों के केस के चलते जेल में था और अवैध तौर पर भारत में रह रहा था। किशोर ने कहा कि एक बार जेल से बाहर आने के बाद, रशियन व्यक्ति जबरन बाहरी दिल्ली के कुंवर सिंह नगर में उसके किराए के घर में उसके साथ रहा।

अधिकारी ने कहा कि किशोर ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उसने रशियन शख्स की हत्या कर दी क्योंकि वह उसे बहुत परेशान कर रहा था और यह असहनीय था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने एचटी को बताया कि आरोपी ने 2008 में एक इसी तरह हत्या की थी जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया है।

कहीं झुलसाती धूप, कहीं झमाझम बारिश... 6 राज्यों में लू के थपेड़े कर देंगे जीना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी। मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुकाछिपी खेलता हुआ दिख जाता है।

अप्रैल महीने की शुरुआत होते ही बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। बार-बार आने वाली गर्मी को लेकर लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे वह खुद को बढ़ती गर्मी से बचा सकते हैं।

वहीं शुक्रवार को एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर का मौसम सुहावना दिखा। बादलों के साथ तेज हवाओं के कारण सुबह के वक्त खिली हुई धूप नजर नहीं आई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को दिल्ली में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली के अलावा अगले 24 घंटों के दौरान, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और

त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिन भर बादल छाए रह सकते हैं। कुछ इलाकों में तेज झोंकेदार हवा के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक हवा की गति 25 से 35 किमी प्रति घंटे तक ही रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 19 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यूपी में दिन की शुरुआत ही चिलचिलाती धूप से हो रही है। दिन के चढ़ते ही यहां का पारा भी बढ़ने लगता है। प्रदेश के हर शहर में दोपहर बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है। नतीजा, तीक्ष्ण चिलचिलाती धूप ने सड़कों पर भीड़ कुछ देर के लिए कम कर दे रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहने का आसार जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान कई राज्यों में बारिश हो सकती है। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड में हल्की से मध्यम बारिश और मणिपुर मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर बारिश संभव है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। केरल में भी हल्की बारिश की संभवाना है। वहीं, उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।आइएमडी आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति संभव है।

न्यायाधीशों को भेजे गए धमकी भरे पत्रों और जहरीले पाउडर की जांच करेगी सरकार, शहबाज शरीफ बोले

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को मिले धमकी भरे पत्रों और कथित जहरीले पाउडर की जांच शुरू करेगी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आठ न्यायाधीशों और लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के तीन न्यायाधीशों को संदिग्ध पाउडर के साथ धमकी भरे पत्र मिले थे। शरीफ ने कहा, बुधवार को कई न्यायाधीशों को पत्र भेजे गए थे और उनमें एक संदिग्ध पाउडर के बारे में जो रिपोर्ट सामने आई है। मुझे लगता है कि हमें इस पर पूरी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए और इसमें किसी तरह की सियासत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान सरकार जिम्मेदारी की भावना के साथ इसकी जांच करेगी। सेलो टेप से सील किए गए सफेद लिफाफों में सभी न्यायाधीशों को सौंपे गए पत्रों में उनके नाम और अदालत का पता लिखा हुआ था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पत्रों में धमकी भरी बातों के संकेत थे और न्यायाधीशों पर पाकिस्तान के लोगों की समस्याओं के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया है। दो न्यायाधीशों के कर्मचारियों ने लिफाफे खोले और अंदर संदिग्ध पाउडर मिला। उन्होंने मामले की सूचना इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को दी, जिन्होंने अदालत की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों को तलब किया। एक मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार पत्र, भेजने वाले के अधूरे पते के साथ जारी किए गए थे। प्राथमिकी में कहा गया है कि तहरीक-ए-नमूस पाकिस्तान का जिक्र करते हुए पत्रों में न्याय प्रणाली की आलोचना की गई है और धणकी के साथ विशेष फोटो और अंग्रेजी शब्द बेसिलस एन्थ्रेसिस शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसी तरह के पत्र अगले दिन सर्वोच्च न्यायालय और लाहौर उच्च न्यायालय में पहुंचे, जिसके बाद आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने इस्लामाबाद और लाहौर में दो मामले दर्ज किए। शीर्ष अदालत ने ये पत्र पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा, न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह, न्यायमूर्ति जमाल खान और न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन को भेजे हैं।

मालदीव का अच्छा दोस्त है भारत, दोनों देशों के बीच चल रही तनातनी पर बोले मंत्री मोहम्मद सईद

माले, एजेंसी। मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक ने हिंद महासागर में द्वीप राष्ट्र में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के खिलाफ राष्ट्रपति मुइज्जू के रुख का बचाव करते हुए कहा कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त ही मानता है। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 3 अप्रैल तक आने वाले कुल 6,20,358 पर्यटकों में से चीन 69,028 के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद रूस (63,272), ब्रिटेन (61,394), इटली (58,613),जर्मनी (48,581) और भारत (35,378) का स्थान रहा है।

क्या है मामला: गौरतलब है कि पिछले नवंबर में शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर, चीन समर्थक झुकाव के लिए जाने जाने वाले मुइज्जू ने भारत से अपने 88 सैन्य कर्मियों को देश से वापस लेने के लिए कहा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मालदीव की संप्रभुता के लिए खतरा थी। मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक से पूछा गया कि क्या माले चीन और भारत दोनों के साथ दोस्त हो सकता है, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मालदीव सभी देशों का दोस्त है।

मालदीव सभी देशों का मित्र-मोहम्मद शफीक: एक साक्षात्कार में मोहम्मद शफीक ने कहा कि मुझे लगता है कि मालदीव सभी देशों का मित्र है। हम एक पर्यटक देश हैं और दुनिया के लिए खुले हैं। एक छुट्टियां बिताने की जगह के रूप में चीनी और भारतीय दोनों ही हमारी सराहना करते हैं। शफीक ने इस बात पर भी जोर दिया कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त मानता है। उन्होंने कहा कि बेशक, हम दोस्त हैं। हमारे राष्ट्रपति, हमारी सरकार और लोग यहां विदेशी सैनिकों की मौजूदगी को अस्वीकार करते हैं।मुइज्जू ने कहा था 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैन्यकर्मी, यहां तक कि नागरिक कपड़ों में भी, उनके देश के अंदर मौजूद नहीं होगा।

रेस्तरां में खाने गए नूडल्स में मिली बैंडेज- मचा हंगामा

क्वालालंपुर, एजेंसी। एक रेस्तरां में जब शख्स ने खाने के लिए नूडल्स आर्डर किए तो उसमें बैंडेज देख पैरो तले जमीन खिसक गई। दरअसल, एक मलेशियाई व्यक्ति ने फेसबुक पर अपने परिवार के खराब भोजन अनुभव को साझा किया, जिससे भोजन करने वालों ने रेस्तरां में अपनाई जाने वाली स्वच्छता प्रथाओं पर सवाल उठाया। पिछले हफ्ते साझा की गई एक पोस्ट में, शॉन सीजी ने आरोप लगाया कि उन्हें उनके चावल नूडल डिश में इस्तेमाल किया हुआ बैंडेज मिला था। लेकिन जिस बात ने उसके परिवार को चौंका दिया वह मालिक की प्रतिक्रिया थी। उसने कहा, अगर आपने इसे खा लिया, तो यह उतना खतरनाक नहीं है। रेस्तरां मालिक से पूछताछ करने पर शॉन ने कहा कि उनकी पहली प्रतिक्रिया माफ़ी मांगने की नहीं बल्कि रसोई में जाकर देखने की थी। फिर उसने स्वीकार किया कि उसके एक कर्मचारी की उंगली पर बैंडेज लगी हुई थी और गलती से बर्तन दूषित हो गया था और उसने माफी मांगी।

इसके बाद, मालिक ने उन्हें आश्वस्त करने का प्रयास किया कि चिंता की कोई बात नहीं है और वे अभी भी अपने दोपहर के भोजन का आनंद ले सकते हैं। हालाँकि, परिवार ने स्थिति पर अपनी घृणा और बेचैनी व्यक्त करते हुए रेस्तरां छोड़ने का फैसला किया।

शॉन सीजी की पोस्ट के अनुवादित कैप्शन में लिखा है, आज, मैंने अपने ससुराल वालों को दोपहर का भोजन देने का फैसला किया। हमने पके हुए

चावल के नूडल्स और भुना हुआ सूअर का मांस ऑर्डर किया। जैसे ही हमने भोजन खाया, मेरे ससुर ने शेफ के चाकू कौशल की सराहना की। लेकिन अचानक, मेरे ससुर ने भुने हुए सूअर के मांस का एक पतला टुकड़ा खाया, और फिर दूसरी तरफ खोला जिसमें बैंडेज देख वह हैरान रह गए और मैंने बॉस महिला को बुलाया और उनसे पूछा कृपया पूछें कि यह क्या है। उनका पहला वाक्य माफी मांगने के लिए नहीं था बल्कि रसोई में जाकर इसे देखने के लिए था। फिर वह वापस आई और कहा कि कर्मचारी के हाथ पर बैंडेज लगी हुई थी जो गलती खाने में गिर गई।

शॉन ने कहा, तब बॉस ने माफी मांगी और कहा कि हाथ पर कीटाणु होंगे। बॉस महिला ने कहा, अगर आपने इसे खा लिया, तो यह उतना गंभीर नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, मैं कर्मचारियों से काम करवाने के लिए 100 प्रतिशत नहीं जा सकती, मुझे आगे और पीछे की देखभाल करनी होती है। इस पोस्ट को देख सोशल मीडिया यूजर ने कई तरह की प्रतिक्रिया दी और रेस्तरां पर गुस्सा निकाला।

राष्ट्रपति जरदारी से मिले सेना प्रमुख, सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोपों को बताया निराधार

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा। जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया। राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में सेना का योगदान महत्वपूर्ण है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129